kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-249 | रविवार, 12 अक्टूबर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



लोकतंत्र भारत की आत्मा है, समानता इसका संकल्प है और न्याय इसकी पहचान है। भारतीय संविधान पिछले 75 वर्षों से देश के लिए पथ-प्रदर्शन का दीपस्तंभ रहा है और इसके कारण भारत ने दुनिया के समक्ष लोकतंत्र और समानता का एक जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया है। — ओम बिरला

जलवायु परिवर्तन सभी को प्रभावित करता है : हरिवंश 11

मुख्यमंत्री ने पौड़ी जिले के 91 विद्यालयों को दी वर्चुअल स्मार्ट क्लास की सौगात 12

## संक्षेप

### सोनिया ने पूर्व आईपीएस पूरन कुमार की पत्नी को लिखा पत्र

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने हरियाणा के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी वाई पूरन कुमार की पत्नी एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अमनीत पी कुमार को पत्र लिखकर सांत्वना देते हुए कहा है कि इस मुश्किल घड़ी में वह उनके साथ खड़ी है। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि यह दुखद और व्यथित करने वाली घटना है। उनका कहना था किसी श्री पूरन कुमार ने सामाजिक न्याय की कसौटी पर खरा उतरने के अपने कर्तव्य का बखूबी पालन किया है। उनका काम याद दिलाता है कि हमारे देश में ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठता के मूल्य आज भी महत्वपूर्ण हैं। श्रीमती गांधी ने श्रीमती अमनीत पी कुमार को लिखे पत्र में कहा, ल्ल आपके पति और वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार की दुखद दुर्घटना में मृत्यु का समाचार अत्यंत पीड़ादायक और मन को व्यथित करने वाला है। इस कठिन समय में मेरी और कांग्रेस संसदीय दल की ओर से आपको और आपके पूरे परिवार को हार्दिक संवेदना।

### आज भारत की तीन दिन की यात्रा पर आयेंगी कनाड़ा की विदेश मंत्री अनिता आनंद

**नयी दिल्ली।** भारत और कनाड़ा के संबंधों को फिर से पटरी पर लाने की कवायद के बीच कनाड़ा की विदेश मंत्री अनिता आनंद रविवार शाम तीन दिन की भारत यात्रा पर यहां पहुंचेंगी। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि सुश्री आनंद सोमवार दोपहर को विदेश मंत्री डा.एस जयशंकर के साथ वार्ता करेंगी। बाद में शाम को वह वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से मिलेंगी। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच मुख्य रूप से परस्पर व्यापार, ऊर्जा और सुरक्षा से जुड़े विषयों पर चर्चा होगी। इसके बाद वह मुंबई के लिए रवाना हो जायेंगी और वहां निवेश प्रोत्साहन तथा रोजगार सृजन के संबंध में उद्यमियों के साथ बातचीत के बाद उसी दिन देर शाम कनाड़ा के लिए रवाना हो जायेंगी। हाल ही में हुई उच्च-स्तरीय बैठकों और राजनयिक नियुक्तियों की पृष्ठभूमि में हो रही सुश्री आनंद की यात्रा को काफी महतवपूर्ण माना जा रहा है।

### वाई. पूरन कुमार की मौत की निष्पक्ष जांच हो: मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने हरियाणा में आईजी रैंक के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी वाई. पूरन कुमार की मौत की जांच की मांग की और कहा कि दोषियों के ख़िलाफ़ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिये। सुश्री मायावती ने शनिवार को एक बयान जारी कर कहा कि हरियाणा राज्य में आईजी रैंक के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी वाई. पूरन कुमार, जिनकी पत्नी भी स्वंय हरियाणा की वरिष्ठ आईएएस अधिकारी हैं, द्वारा जातिवादी शोषण व प्रताड़ना के कारण की गयी आत्महत्या की घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। ख़ासकर दलित व बहुजन समाज के लोग काफी उद्वेलित हैं।

# एक देश टैरिफ लगाएगा तो हम 10 नए देशों में रास्ते खोलेंगे : योगी

## मुख्यमंत्री ने किया 49वें अंतरराष्ट्रीय कालीन मेला और चौथे कार्पेट एक्सपो का शुभारंभ

एजेंसी

भदोही। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को भदोही के कालीन उत्पादकों को आश्वस्त करते हुये कहा कि अमेरिकी टैरिफ से घबराने की जरूरत नहीं है, बल्कि यह हमारे लिए नए अवसरों के द्वार खोलने का समय है।

योगी ने यहां 49वें अंतरराष्ट्रीय कालीन मेला और चौथे कार्पेट एक्सपो का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने देश-विदेश से आए कालीन उद्यमियों और निर्यातकों के साथ संवाद करते हुए उन्हें भरोसा दिलाया कि प्रदेश सरकार हर स्थिति में उनके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा ल्ल जब भी चुनौतियां आती हैं, वे अपने साथ अवसर भी लाती हैं। अमेरिका ने टैरिफ लगाया है, लेकिन यह केवल एक देश का निर्णय है। हम यूएई, यूके और अन्य देशों के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। आने वाले समय में ये समझौते हमारे उद्योगों के लिए नए बाजार खोलेंगे। उन्होंने बताया कि सरकार ने इस विषय पर हाई लेवल कमेटी का गठन किया है जो टैरिफ से उत्पन्न स्थिति पर लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 11 वर्ष पहले कार्पेट उद्योग बंदी के कगार पर था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भदोही, मीरजापुर और वाराणसी के कार्पेट क्लस्टर को नई ऊर्जा मिली। भदोही को केंद्र बनाकर कार्पेट एक्सपो मार्ट की



स्थापना की गई। जब पहला एक्सपो हुआ था, तब विदेशी खरीदारों की संख्या बहुत कम थी, लेकिन आज 88 देशों से तीन से चार सौ फॉरेन बायर्स यहां आ रहे हैं। यह बताता है कि ग्लोबल मार्केट में आपके कालीनों की मांग कितनी बढ़ी है। योगी आदित्यनाथ ने अपने उद्बोधन में कहा कि यूपी सरकार ने कार्पेट सेक्टर सहित एमएसएमई और ओडीओपी (वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रॉडक्ट) योजना के तहत प्रत्येक जिले में विशिष्ट उद्योगों को प्रोत्साहित किया है। भदोही के कालीन, मुरादाबाद के पीतल, फिरोजाबाद के ग्लास और वाराणसी के सिल्क को नई पहचान मिली है। 2017 में जब हमने ओडीओपी योजना शुरू की थी, तब किसी ने नहीं सोचा था कि यूपी दो लाख करोड़ से अधिक का निर्यात करेगा, यह अब वास्तविकता बन चुकी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि कार्पेट उद्योग केवल व्यापार नहीं है, यह हमारे कारीगरों और हस्तशिल्पियों की जीवंत परंपरा है। आज यह उद्योग 25 से 30 लाख लोगों को रोजगार देता है और हर साल करीब 17 हजार करोड़ रुपए का निर्यात करता है। महिला स्वावलंबन का यह सबसे बड़ा माध्यम बन चुका है। सरकार का प्रयास है कि इस उद्योग को और अधिक महिलाओं से जोड़ा जाए ताकि वे घर पर रहकर आर्थिक रूप से मजबूत बन सकें। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि भदोही को छोटा मत समझिए, यह प्रदेश और देश की आर्थिक ताकत का प्रतीक है। 2014 से पहले यह उद्योग लगभग मृतप्राय हो चुका था, लेकिन आज यह यूपी की पहचान बन चुका है। उन्होंने कहा कि दीपावली के अवसर पर प्रदेश के सभी 75 जिलों में स्वदेशी मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें भदोही की कालीनों के विशेष स्टॉल लगाए गए हैं। इस अवसर पर कालीन कारोबारी रवि पाटेरिया ने कहा कि कालीन उद्योग हाथों का जादू है। हमने विश्व का सबसे बड़ा कालीन बनाकर कजाकिस्तान भेजा है। इस कला को विशेष दर्जा मिलना चाहिए। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विचार समिति के गठन पर सरकार विचार कर रही है, ताकि उद्यमियों के सुझावों को नीतिगत निर्णयों में शामिल किया जा सके। हाजी हमीद ने ● शेष पेज 11 पर

### अध्यात्म, आस्था और राष्ट्रीयता ही भारत की असली पहचान: योगी

गाजीपुर। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की पहचान उसकी आध्यात्मिक चेतना में है और जब तक भारत का नागरिक अपनी आध्यात्मिकता और राष्ट्रीयता के भाव से कार्य करेगा, तब तक देश को विश्वगुरु के रूप में स्थापित होने से कोई नहीं रोक सकता। योगी शनिवार को गाजीपुर स्थित सिद्धपीठ श्री हथियाराम मठ परिसर में आयोजित 'राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक समरसता विषयक ● शेष पेज 11 पर

# डिजिटल युग में लड़कियां सबसे ज्यादा असुरक्षित

- प्रधान न्यायाधीश गवई ने डिजिटल दौर में लड़कियों की असुरक्षा पर चिंता जताई
- तकनीक सशक्तिकरण नहीं, शोषण का जरिया बनी

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी.आर. गवई ने शनिवार को ऑनलाइन उत्पीड़न, साइबर धमकी और 'डिजिटल स्टॉकिंग' के साथ-साथ व्यक्तिगत डेटा और डीपफ़ेक तस्वीरों के कारण लड़कियों के विशेष रूप से संवेदनशील स्थिति में होने को लेकर चिंता जाहिर की।

उन्होंने इस संदर्भ में विशेष कानून बनाए जाने और कानून प्रवर्तन एजेंसियों व नीति निर्धारकों को विशेष प्रशिक्षण देने की आवश्यकता पर जोर दिया। 'डिजिटल स्टॉकिंग' इंटरनेट और अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों का उपयोग करके किसी व्यक्ति को परेशान करना, धमकाना या उसका पीछा करने को कहते हैं। प्रधान न्यायाधीश ने यूनिसेफ, भारत के सहयोग से उच्चतम न्यायालय की किशोर न्याय समिति (जेजेसी) के तत्वावधान में आयोजित ल्लबालिकाओं की सुरक्षाः भारत में उनके लिए सुरक्षित और सक्षम वातावरण की ओरङ्क विषय पर राष्ट्रीय वार्षिक हितधारक परामर्श में अपनी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि संवैधानिक और कानूनी संरक्षण के बावजूद देश भर में अनेक बालिकाओं को अब भी उनके मौलिक अधिकारों और यहां तक कि जीवन-निर्वाह के बुनियादी साधनों से भी वंचित रहना पड़ रहा है। यह असुरक्षा उन्हें यौन शोषण, उत्पीड़न और हानिकारक प्रथाओं तथा अन्य गंभीर जोखिमों के प्रति अत्यधिक संवेदनशील बना देती है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना केवल उसके शरीर की रक्षा करना नहीं है,



बल्कि उसकी आत्मा को मुक्त करना है। एक ऐसा समाज बनाना जहां वह सम्मान के साथ अपना सिर ऊंचा रख सके और जहां उसकी आकांक्षाएं शिक्षा और समानता से पोषित हों३ हमें उन गहरी जड़ें जमाए हुए पितृसत्तात्मक रीति-रिवाजों का सामना करना होगा और उन पर विजय प्राप्त करनी होगी जो लड़कियों को उनके उचित स्थान से वंचित करते हैं। रवींद्रनाथ टैगोर की कविता ''व्हेयर द माइंड इज विदाउट फियर'' को याद करते हुए न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि इसमें बालिकाओं की सुरक्षा के लिए जो कुछ हासिल करने का प्रयास किया जा रहा है, उसका सार समाहित है। उन्होंने कहा, ''यह सपना तब तक अधूरा रहेगा जब तक हमारे देश में कोई भी लड़की भय में रहेगी ऽ हिंसा के भय में, भेदभाव के भय में, या सीखने और सपने देखने के अवसर से वंचित होने के भय में।

### जनशिकायतों के निस्तारण में देवीपाटन मंडल प्रथम, मिर्ज़ापुर दूसरे स्थान पर

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की निगरानी से जन शिकायतों के निस्तारण में तेजी आई है। आईजीआरएस की सितंबर माह की रिपोर्ट में देवीपाटन मंडल ने पहला स्थान प्राप्त किया है। मिर्ज़ापुर मंडल दूसरे और बस्ती मंडल ने तीसरे स्थान पर रहा है। अगस्त माह की रिपोर्ट में भी देवीपाटन पहले स्थान पर था। देवीपाटन के मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने बताया कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप जनशिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जा रहा है। इसके लिए देवीपाटन मंडल के जिलों श्रावस्ती, बहराइच, गोंडा और बलरामपुर में जनशिकायतों के पारदर्शी और त्वरित समाधान के लिए कई बिंदुओं पर लगातार काम किया जा रहा है। जनशिकायतों के निस्तारण रिपोर्ट की लगातार समीक्षा की जाती है। मंडलायुक्त ने बताया कि वह खुद मंडल के सभी जिलों के जनशिकायतों के निस्तारण के पहलुओं की समीक्षा करते हैं। इसके साथ ही रेंडम पांच शिकायतकर्ता से मंडलायुक्त कार्यालय से फीडबैक लिया ● शेष पेज 11 पर

# पराली जलाते हुए पकड़े जाने वालों से जुर्माना वसूला जाए : मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- पराली जलाने की घटनाओं को शून्य किया जाए

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि पराली जलाने की घटनाओं को 'शून्य किया जाए। पराली जलाते हुए पकड़े जाने वालों से जुर्माना वसूला जाए। जांच के लिए 50 से 100 किसानों पर एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाए। पराली जलाने से पर्यावरण प्रदूषण बढ़ता है और जनस्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव पड़ता है। इसलिए किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के वैकल्पिक उपायों के प्रति जागरूक किया जाए। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों से अपेक्षा की है कि वे सेटेलाइट के माध्यम से पराली जलाने की घटनाओं की लगातार नजर रखें। दो एकड़ से कम क्षेत्र पर ?2500, दो से पांच एकड़ तक ?5000 और पांच एकड़ से अधिक पर 15000 रुपये जुर्माना वसूला जाए।

प्रत्येक 50 से 100 किसानों पर एक नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएं। जनप्रतिनिधियों से भी इस अभियान में सहयोग की अपील की गई है। संयुक्त प्रयासों से ही स्वच्छ पर्यावरण और प्रदूषण मुक्त प्रदेश का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। जिलाधिकारियों से कहा गया है कि हॉटस्पाट चिह्नित करते हुए 50 से 100 किसानों पर एक नोडल अधिकारी नियुक्ति करें। नोडल अधिकारी को पराली जलाने की घटनाओं को शून्य करने के लिए विशेष हिदायत दी जाए। इसके साथ ही, राजस्व, पुलिस, कृषि, ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज विभागों के जनपद, तहसील, विकासखंड व क्षेत्रीय कर्मियों के माध्यमसे फसल कटने के समय निगरानी करते हुए, फसल अवषेश जलाने की घटनाओं को शून्य करना है। यदि कोई कृषक फसल अवषेश जलाता हुआ पाया जाता है तो मौके पर उसको रोकना तथा उस पर पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति की धनराषि अधिरोपित करते हुए कार्रवाई की जाए।

# यूकेएसएसएससी परीक्षा रद्द

## तीन माह बाद फिर होगी परीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) द्वारा 21 सितंबर को आयोजित स्नातक स्तरीय लिखित परीक्षा शनिवार को निरस्त कर दी गयी। आयोग के सचिव डॉ. शिव बरनवाल ने परीक्षा निरस्त करने सम्बन्धी आदेश जारी करते हुए कहा कि तीन माह में नये सिरे से यह परीक्षा आयोजित की जाएगी।

आज सुबह ही परीक्षा की जांच को गठित एक सदस्यीय न्यायिक आयोग में उच्च न्यायालय उत्तराखंड के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति यूसी ध्यानी ने अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपी। जबकि इससे पहले शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी विधायकों ने मुख्यमंत्री से मिलकर परीक्षा निरस्त करने की मांग की। इसके बाद उन्होंने निरस्तीकरण की संस्तुति पर आयोग ने यह निर्णय किया। आज जारी आदेश में कहा गया कि आयोग द्वारा गत नौ अप्रैल को स्नातक स्तरीय पदों की विज्ञप्ति के आधार पर 21 सितंबर को प्रदेश के समस्त जनपदों में लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। निर्धारित तिथि को परीक्षा



समाप्ति के पश्चात लगभग डेढ़ बजे सोशल मीडिया पर कुछ प्रश्नों के स्क्रीन शॉट वायरल हुए, जिसकी सूचना मिलने पर आयोग द्वारा तत्काल देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की गई। एसएसपी द्वारा प्राथमिक जाँच के आधार पर थाना रायपुर 22 सितंबर को मामला दर्ज किया गया। इसके बाद 27 सितंबर को सरकार द्वारा प्रकरण की जाँच हेतु कमीशन ऑफ इन्क्वायरी एक्ट 1952 के अन्तर्गत उच्च न्यायालय के न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) यू सी ध्यानी के नेतृत्व में एक सदस्यीय, न्यायिक जाँच आयोग का गठन किया गया। आयोग की ओर से जारी प्रेस नोट में कहा गया कि 11 अक्टूबर को न्यायिक आयोग की अन्तरिम जाँच आख्या प्राप्त हुई। आयोग द्वारा आख्या का गहन अध्ययन कर विचार विमर्श किया गया। तदोपरान्त निर्णय लिया गया कि लिखित प्रतियोगी परीक्षाओं की गोपनीयता, शुचिता एवं पारदर्शिता के साथ-साथ परीक्षा का संदेह से परे होना भी आवश्यक है। परीक्षा के संबंध में उक्त प्रतियोगी परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों के साथ-साथ सामान्य जनमानस का पूर्ण विश्वास होना भी आवश्यक है। उक्त प्रकरण में विवेचना वर्तमान में प्रचलित है। आयोग द्वारा निर्णय लिया गया है कि परीक्षा की शुचिता, गोपनीयता, पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता बनाये रखने के लिए 21 सितंबर को संपन्न उपरोक्त परीक्षा को निरस्त किया जाना समुचित होगा और तीन महीने के बाद फिर से परीक्षा आयोजित की जायेंगी। उल्लेखनीय है ● शेष पेज 11 पर

# ट्रम्प ने चीन पर लगाया 100 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन में निर्मित वस्तुओं पर 100 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने की घोषणा की है।

यह आयात शुल्क चीन की निर्यात नीति के जवाब में लगाया गया है, जिसमें वह दुर्लभ खनिजों पर अपना नियंत्रण कड़ा कर रहा है, जो वैश्विक प्रौद्योगिकी एवं रक्षा उद्योगों के लिए बहुत अहम हैं। श्री ट्रम्प ने राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ अपनी आगामी बैठक के बारे में कहा कि उन्होंने आधिकारिक तौर पर इस शिखर बैठक को रद्द नहीं किया है। श्री ट्रम्प की श्री जिनपिंग के साथ दक्षिण कोरिया में अगले एक पखवाड़े में बैठक निर्धारित है। श्री ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर आयात शुल्क बढ़ोतरी का खुलासा करते हुए कहा कि नये शुल्क एक नवंबर से या शायद उससे भी पहले लागू होंगे। इसके अलावा श्री ट्रम्प ने घोषणा की



कि उनका प्रशासन दुर्लभ खनिज निर्यात पर चीन की कड़ी पकड़ के जवाब में किसी भी और सभी महत्वपूर्ण सॉफ्टवेयर पर निर्यात नियंत्रण लागू करेगा। श्री ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, '' यह विश्वास करना बहुत कठिन है कि चीन ने ऐसी कार्रवाई की होगी, लेकिन उन्होंने ऐसा किया और बाकी सब इतिहास है। उन्होंने चीन द्वारा अचानक दुर्लभ खनिज निर्यात नियंत्रण पर आश्चर्य व्यक्त किया तथा इसे अचानक उठाया गया कदम करार दिया। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए, श्री ट्रम्प ने कहा, ''मैंने शिखर बैठक को रद्द नहीं किया है। मैं वहां ज़रूर जाउंगा। लेकिन उन्होंने दुनिया को चौंका दिया। अचानक वह आयात-निर्यात की पूरी अवधारणा लेकर आये और किसी को इसके बारे में कुछ पता नहीं था। श्री ट्रम्प ने दोहराया कि अतिरिक्त शुल्क एवं निर्यात नियंत्रण चीन की अत्यधिक आक्रामक कार्रवाइयों के खिलाफ लगाये जायेंगे। एक नवंबर से लागू होने वाले ये शुल्क चीन की वस्तुओं की एक विस्तृत श्रृंखला पर प्रभावी होंगे, जिससे दोनों देशों के बीच पहले से ही तनावपूर्ण व्यापारिक संबंध और खराब हो जायेंगे। शेयर बाजारों ने इस खबर पर नकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की, नैस्डैक में 3.6 प्रतिशत और एसएंडपी 500 में 2.7 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी। चीन ने इस हफ़्ते नये प्रतिबंध लागू किये हैं जिनके अंतर्गत विदेशी ● शेष पेज 11 पर

## अफगानिस्तान और भारत के संबंध ऐतिहासिक और हजारों साल से हैं

# मेरी भारत यात्रा से पाकिस्तान में बेचैनी : मुत्ताकी

एजेंसी

देवबंद (सहारनपुर)। देवबंदी विचारधारा मानने वाले अफगानिस्तान के युवा विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी ने शनिवार को स्वीकार किया कि उनकी भारत यात्रा से पाकिस्तान हुक्मरान में जबरदस्त बेचैनी है।

देवबंदी विचारधारा के शिक्षण केंद्र दारुल उलूम के अतिथि गृह में उन्होंने पत्रकारों से कहा कि भारत और अफगानिस्तान के संबंध ऐतिहासिक और हजारों साल से हैं। उन्हें भारत में उम्मीद से ज्यादा तवज्जो मिली है। उन्हें भरोसा है कि भारत से उनके मुल्क के रिश्तों में मजबूती और गर्माहट आएगी। वर्ष 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान सरकार के सत्ता संभालने के बाद वहां के किसी भी मंत्री की यह पहली भारत यात्रा है। वह नौ अक्टूबर को भारत आए थे और 16 अक्टूबर को उनकी वतन वापसी है। शुक्रवार को नई दिल्ली में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर से हुई बातचीत को



उत्साहजनक बताते हुए उन्होंने कहा कि भारत के साथ कारोबार बढ़ेगा। उन्हें यह भी विश्वास है कि भारत देर- सबेर उनकी सरकार को मान्यता दे देगा। श्री मुत्ताकी का दारूल उलूम में जोश-खरोश से स्वागत किया गया। संस्था के प्रमुख मोहतमिम मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी ने संस्था का इतिहास और उसकी स्वतंत्रता संग्राम में योगदान और यहां की शिक्षा प्रणाली की जानकारी दी। मोहतमिम नोमानी ने कहा कि यदि अफगानी छात्रों को दोनों सरकारें दारूल उलूम में शिक्षा देने के दरवाजे खोलती है तो वह उसका स्वागत करेंगे। जमीयत उलमाए हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दारूल उलूम के सदर मुदर्रिस मौलाना अरशद मदनी ने उन्हें इस संस्था से पुराने रिश्तों की तफसील से जानकारी दी।

अमीर खान मुत्ताकी ने मौलाना अरशद मदनी के प्रति बहुत सम्मान दिखाया। गौरतलब है कि मौलाना अरशद मदनी के मरहूम पिता मौलाना हुसैन अहमद मदनी के खास शिष्यों में ● शेष पेज 11 पर

### अफगानिस्तान के विदेश मंत्री की प्रेस वार्ता में विदेश मंत्रालय की कोई भूमिका नहीं

**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्री की शुक्रवार को यहां हुई प्रेस वार्ता में विदेश मंत्रालय की कोई भूमिका नहीं थी। विदेश मंत्रालय का यह स्पष्टीकरण इस प्रेस वार्ता में महिला पत्रकारों के प्रवेश पर पाबंदी को लेकर बयानों के बाद आया है। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को अपनी ओर से स्पष्टीकरण देते हुए कहा, अफ़ग़ानिस्तान के विदेश मंत्री द्वारा कल दिल्ली में आयोजित प्रेस वार्ता में विदेश मंत्रालय की कोई भागीदारी नहीं थी। उल्लेखनीय है कि भारत की एक सप्ताह की यात्रा पर आये अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुक्तकी ने शुक्रवार को यहां विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर के साथ वार्ता के बाद ● शेष पेज 11 पर

# प्रधानमंत्री धन धान्य कृषक योजना के जरिये किसानों में आधुनिक तकनीक का होगा इज़ाफ़ा : कुलपति

**कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, एफपीओ के सदस्य और ग्रामीणों ने किया प्रतिभाग**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कानपुर । उत्तर प्रदेश के कानपुर जनपद में कम्पनी बाग़ स्थित चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में प्रसार निदेशालय के लाल बहादुर शास्त्री सभागार मे प्रधानमंत्री धन धान्य कृषक योजना का सजीव प्रसारण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

यह जानकारी शनिवार को सीएसए विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. खलील खान ने दी। मीडिया प्रभारी डॉ. खलील खान ने बताया कि यह कार्यक्रम नार्थ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई ''प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना'' और ''दलहन आत्मनिर्भरता मिशन''व अन्य कृषि योजनाओं के शुभारंभ का सीधा प्रसारण था। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, एफपीओ के सदस्य और ग्रामीण उपस्थित रहे। उन्होंने प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना और किसानों की आय दोगुनी करने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों की सराहना की।निदेशक प्रसार डॉ आर के यादव ने बताया कि आईसीएआर और कृषि मंत्रालय के निर्देश पर सीएसए विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के अधीन संचालित सभी कृषि विज्ञान केंद्रों पर आज इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इसका उद्देश्य सरकार की योजनाओं की जानकारी हर किसान तक पहुंचे।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित उत्तर प्रदेश महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष कमलावती सिंह ने कहा की किसान भाइयों को दलहन में आत्मनिर्भर होने की आवश्यकता है। जिससे कि दाल उत्पादन को बढ़ावा मिल सके।कार्यक्रम में सरसौल ब्लॉक प्रमुख डॉ विजय रत्ना तोमर भी उपस्थित रही।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर आनंद कुमार सिंह ने कहा कि यह आयोजन न केवल ''पीएम धन-धान्य कृषि योजना'' और ''दलहन आत्मनिर्भरता मिशन'' तथा अन्य कृषि योजनाओं के प्रचार-प्रसार का माध्यम बना, बल्कि किसानों में आधुनिक कृषि और तकनीकी के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। डॉक्टर सिंह ने कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना और कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाना है।इस मौके पर डॉ महक सिंह प्राध्यापक, बाबू सिंह कुशवाहा अध्यक्ष चंद्रशेखर कृषक समिति, डॉ सोमवार सिंह, सह प्राध्यापक, आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग, डॉ भूपेंद्र कुमार सिंह एवं डॉ विनोद प्रकाश तथा प्रसार निदेशालय के समस्त स्टाफ, कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर अरविंद कुमार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में ढाई सैकड़ा से अधिक किसानों ने प्रतिभाग किया।

## उच्च न्यायालय के आदेश के क्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय प्रकाश हुए बहाल

रायबरेली। विजय प्रकाश खण्ड शिक्षा अधिकारी विकास खण्ड छत्तोह को निदेशालय द्वारा दिनांक सात जुलाई 2025 को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया था। प्रकरण की जाँच हेतु मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) प्रयागराज मण्डल, प्रयाग राज को पदेन जाँच अधिकारी नामित किया गया। निदेशालय के उक्त आदेश के -विरुद्ध खण्डशिक्षा अधिकारी विजय प्रकाश ने माननीय उच्च न्यायालय की शरण ली। जिसमें माननीय न्यायालय द्वारा सुनवाई करते हुए दिनांक 2-9-25 को खण्ड शिक्षा अधिकारी का किया गया निलम्बन अग्रिम आदेशों तक के लिए स्थगित कर दिया । माननीय न्यायालय द्वारा पारित आदेश के समादर में अपर शिक्षा निदेशक (बेसिक) उत्तर प्रदेश ने दिनाक 10 अक्टूबर 2025 को कार्यभार ग्रहण करने का आदेश जारी कर दिया। अपर शिक्षा निदेशक के आदेश के क्रम में आज दिनांक 11 अक्टूबर 2025 को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रायबरेली ने पुनः छतोह में कार्यभार ग्रहण करने का आदेश जारी किया उक्त के क्रम में विजय प्रकाश खण्ड शिक्षा अधिकारी ने आज ही विकास खण्ड छतोंह में कार्यभार ग्रहण कर लिया गया।

## डीएम ने किया मृग वन क्षेत्र का निरीक्षण, जानी हकीकत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरावं, प्रयागराज। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा और प्रभागीय निदेशक अरविंद कुमार यादव ने कृष्ण मृग संरक्षित क्षेत्र चांद खमरिया मेजा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मेजा ऊर्जा निगम क्षेत्र में स्थापित हरित पट्टी वृक्षारोपण क्षेत्रफल 21.5 हेक्टेयर रोपावनी 2025 का भी निरीक्षण किया।निरीक्षण के समय क्षेत्रीय वन अधिकारी मेजा अजय सिंह ,क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य राजेश सिंह पटेल ,ग्राम प्रधान महुली विमल नारायण ग्रामीण भी मौजूद रहे निरीक्षण का उद्देश्य कृष्ण मृग संरक्षित क्षेत्र और हरित पट्टी वृक्षारोपण की स्थिति का जायजा लेना और आवश्यक कदम उठाना था।

## शंकरगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

प्रयागराज। शंकरगढ़ पुलिस ने खुलेआम गुंडागर्दी करने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने सैलून संचालक के साथ मारपीट कर वीडियो वायरल किया था। मामले में थाना प्रभारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बदमाशों को पकड़ लिया। यह पूरा मामला यमुनानगर के नारीबारी चौकी क्षेत्र का है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायिक कार्रवाई शुरू की है। पुलिस का कहना है कि जिले में किसी भी सूरत में अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा।

## सांसद चंद्रशेखर आज़ाद का प्रयागराज दौरा

प्रयागराज। आज़ाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद चंद्रशेखर आज़ाद रविवार को प्रयागराज आएंगे। वह कादिलपुर में आयोजित प्रबुद्ध जन सम्मेलन में शामिल होंगे। इस सम्मेलन में चंद्रशेखर सामाजिक मुद्दों और पंचायत चुनाव की तैयारियों को धार देंगे। पार्टी कार्यकर्ताओं में उनके आगमन को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। स्थानीय नेताओं ने कार्यक्रम की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली हैं। सम्मेलन में बड़ी संख्या में समर्थकों के जुटने की संभावना है।

## सरकारी जमीन खाली कराने का अभियान

प्रयागराज। जिलाधिकारी मनीष वर्मा के आदेश पर बारा तहसील में सरकारी जमीनों को अवैध कब्जे से मुक्त कराने की कार्रवाई तेज हो गई है। प्रशासन ने चक रोड और हरखोरिया कला क्षेत्र की सरकारी भूमि से अवैध कब्जे हटाने का निर्देश जारी किया है। आदेश मिलते ही तहसील प्रशासन, राजस्व टीम और पुलिस अलर्ट मोड में आ गई है। डीएम ने साफ कहा कि किसी भी सूरत में सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण या कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## स्कूल वैन दुर्घटनाग्रस्त, कई बच्चे घायल

प्रयागराज। मध्यप्रदेश से आ रही एक स्कूल वैन तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के वक्त वैन में आठ बच्चे सवार थे, जिनमें कई घायल हो गए। दुर्घटना रीवा जिले के जनेह इलाके में हुई। सभी बच्चे चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल, शंकरगढ़ आ रहे थे। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को अस्पताल पहुंचाया गया। शंकरगढ़ अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। फिलहाल सभी बच्चों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## थाना थरवई पर समाधान दिवस का आयोजन

प्रयागराज। समाधान दिवस के अवसर पर थाना थरवई में एसडीएम फूलपुर और एसीपी थरवई ने जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं और निस्तारण के निर्देश दिए। थाना प्रभारी संतोष पांडेय भी मौके पर मौजूद रहे। अधिकारियों ने कहा कि जनता की शिकायतों का शीघ्र समाधान प्राथमिकता पर किया जाएगा। कई राजस्व एवं पुलिस से संबंधित मामलों पर तत्काल निर्देश दिए गए।

## सीएम योगी ने लिया सामूहिक दुष्कर्म मामले का संज्ञान

प्रयागराज। घूरपुर में हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने डीएम प्रयागराज को पीड़िता की हर संभव मदद के निर्देश दिए हैं। सीएम ने स्पष्ट कहा कि अपराधी किसी भी सूरत में बचने नहीं पाएंगे। पुलिस और प्रशासन को मामले की गंभीरता से जांच करने और शीघ्र कार्रवाई करने के आदेश जारी किए गए हैं। सरकार ने पीड़िता को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है।

## लालापुर थाने में समाधान दिवस सम्पन्न

प्रयागराज। लालापुर थाने में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र से आए फरियादियों की समस्याएं राजस्व अधिकारी एवं थाना प्रभारी अनुभव सिंह ने सुनीं। अधिकारियों ने कई मामलों में मौके पर ही समाधान कराया। थाना प्रभारी ने पीड़ितों को भरोसा दिलाया कि सभी वैध शिकायतों पर उचित कार्रवाई की जाएगी। जनसुनवाई में दर्जनों ग्रामीणों ने अपनी शिकायतें प्रस्तुत कीं।

## प्रयागराज पुलिस विभाग में फ़ेरबदल

प्रयागराज। सिटी डीसीपी ने पुलिस विभाग में बड़ा फ़ेरबदल किया है। कुल 23 पुलिस कर्मियों का स्थानांतरण आदेश जारी किया गया। राजरूपपुर के लोकप्रिय चौकी प्रभारी रहे शैलेंद्र यादव को सिविल लाइंस भेजा गया है। अधिकारियों का कहना है कि यह स्थानांतरण विभागीय कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और दक्षता लाने के उद्देश्य से किया गया है। नई तैनाती से क्षेत्रीय पुलिस व्यवस्था में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। एसीपी ने प्रेस कॉ

## अवैध पटाखा पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

प्रयागराज। गंगानगर जोन के फूलपुर थाने की पुलिस ने अवैध पटाखों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। एक कमरे में भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री भंडारित करने वाले आरोपी अहमद को गिरफ्तार किया गया। एसीपी विवेक यादव के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में पुलिस ने सैकड़ों किलो पटाखे बरामद किए।

## सरकार ने स्पष्ट सन्देश दिया है कि इस प्रकार का कृत्य करने वालों को बक्सा नहीं जाएगाः असीम अरुण

रायबरेली। प्रभारी मंत्री जनपद राकेश सचान, मंत्री समाज कल्याण विभाग उप्र सरकार असीम अरुण व विधयाक ऊँचाहार डॉ मनोज पांडेय ने आज जनपद रायबरेली के थाना ऊंचाहार क्षेत्र में घटित घटना में मृतक हरिओम की पत्नी संगीता एवं अन्य पारिवारीजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए, न्याय दिलाने का भरोसा दिलाते हुवे आर्थिक मदद की। मृतक हरिओम की पत्नी को रु0 06 लाख 92 हजार 500 सौ की आर्थिक मदद व रु0 8500 प्रतिमाह पेंशन व अन्य, इसी प्रकार पिता गंगादीन को रु0 06 लाख 62 हजार 500 सौ की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने कहा कि यह घटना बहुत गंभीर घटना है, सरकार ने इसे पूरी गंभीरता से लिया है, दोषी व्यक्तियों को चिन्हित कर कार्रवाई की जा रही है। सरकार पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का कार्य करेगी। उक्त प्रकरण में दोषी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई है, सरकार पूरी तरह से पीड़ित परिवार के साथ है सरकार ने यह कार्यवाही करके स्पष्ट संदेश दिया है कि इस प्रकार का कृत्य करने वाले लोगों को किसी भी हाल में बक्सा नहीं जाएगा। इस प्रकार की घटना अक्षम्य है। ऐसे किसी भी दोषी को बक्सा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन ने इस घटना में 21 व्यक्ति अभी तक चिन्हित किए गए हैं, जिसमें से 12 की गिरफ्तारी हो चुकी है, शेष दोषियों की गिरफ्तारी भी शीघ्र होगी, इसके लिए पुलिस पूरी तत्परता से कार्य कर रही है। पीड़ित परिवार के साथ पूरी सरकार व जिला प्रशासन आज भी खड़ी है और हमेशा खड़ी रहेगी। पीड़ित के साथ न्याय होगा।

## गोरखपुर जंक्शन पर मेगा ब्लॉक की अवधि बढ़ी, कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित

**रेल प्रशासन ने बताया कि यात्रियों की सुविधा व कार्यों को सुचारू रूप से पूर्ण कराने के लिए यह निर्णय लिया गया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । उत्तर मध्य रेलवे प्रशासन ने गोरखपुर जंक्शन पर पुरानी पिट लाइन संख्या-1 और 2 को हटाने तथा आवश्यक इंजीनियरिंग व बुनियादी ढांचा विकास कार्यों के चलते लिए गए मेगा ब्लॉक की अवधि को आगे बढ़ा दिया है। इस कारण कई ट्रेनों का निरस्तीकरण, आंशिक निरस्तीकरण तथा अस्थायी विस्तार की अवधि भी बढ़ाई गई है।

रेल प्रशासन ने बताया कि यात्रियों की सुविधा व कार्यों को सुचारू रूप से पूर्ण कराने के लिए यह निर्णय लिया गया है। इसके तहत गाड़ी संख्या 05053 गोरखपुर, बांद्रा टर्मिनस और 05054 बांद्रा ट., गोरखपुर अब फरवरी 2026 तक निरस्त रहेंगी।इसके अलावा गाड़ी संख्या 01027 दादरऽगोरखपुर अब मऊ तक ही जाएगी, जबकि 01028 गोरखपुर-दादर मऊ से चलेगी। इसी प्रकार 22921/22922 बांद्रा ट., गोरखपुर और गोरखपुर-बांद्रा ट. ट्रेनों का संचालन भी बलरामपुर तक सीमित रहेगा।वहीं, लोकमान्य तिलक ट.ऽगोरखपुर (11055) तथा गोरखपुर, लोकमान्य तिलक ट. (11056) ट्रेनें अब गोंडा तक चलेंगी।

इसके अलावा 20103/20104 (एलटीटीऽगोरखपुर) का विस्तार आजमगढ़ तक, 19409/19410 (साबरमतीऽगोरखपुर) का विस्तार थावे तक और 11037/11038 (पुणे-गोरखपुर) का विस्तार बढ़नी स्टेशन तक किया गया है।रेल प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि यात्रा की योजना बनाने से पहले संशोधित ट्रेन संचालन और समय-सारणी की जानकारी अवश्य प्राप्त करें।

## स्वास्थ्य विभाग ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत निकाली रैली




कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। ब्लॉक क्षेत्र के बालीपुर मजरे कुशमहुरा गांव में स्वास्थ्य विभाग ने एक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत रैली निकाली। इस 'घर-घर दस्तक' अभियान का उद्देश्य लोगों को संचारी रोगों के प्रति जागरूक करना था।यह रैली बालीपुर मजरे कुसमहुरा गांव में आयोजित की गई, जहां स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घर-घर जाकर लोगों को बीमारियों के बारे में जानकारी दी और उन्हें सतर्क रहने की सलाह दी। इस दौरान सीएचसी अधीक्षक महाराजगंज गणनायक पांडे, ग्राम प्रधान रमेश मौर्य, सीपीएम शिवकांत, एएनएम संगीता, आशा बहू सुमित्रा, सावित्री, जानवी और प्राथमिक विद्यालय बालीपुर के प्रधानाध्यापक अमरपाल सहित कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।सीएचसी अधीक्षक गणनायक पांडे ने बताया कि यह रैली सरकार द्वारा चलाई जा रही संचारी रोग नियंत्रण योजना का हिस्सा है। इसका मुख्य लक्ष्य लोगों को इन बीमारियों से बचाव और रोकथाम के उपायों के बारे में शिक्षित करना है।

## मासूम की अस्मिता पर चोट,गोण्डा में शर्मनाक घटना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां मात्र 17 साल की एक नाबालिग बच्ची ने वजीरगंज सीएचसी पर बच्चे को जन्म दिया।यह कोई साधारण घटना नहीं, बल्कि समाज और व्यवस्था के मुंह पर करारा तमाचा है।पुलिस ने आरोपी को गिरफ्ता र कर लिया है,लेकिन लोगो में यह सवाल अब भी कायम है – आखिर ऐसी घटनाएं बार-बार क्यों हो रही हैं...? मासूम बच्ची जिसकी उम्र अभी स्कूल की किताबों और खेल-कूद की होनी चाहिए थी,आज मां बनकर एक नई लड़ाई लड़ रही है।यह केवल एक बच्ची का शारीरिक शोषण नहीं,बल्कि उसके बचपन, भविष्य और सपनों का निर्मम कत्ल है।उसके साथ जो हुआ,उसने न केवल उसकी अस्मिता को रौंदा,बल्कि इंसानियत,संविधान और बच्चों के अधिकारों को भी शर्मसार कर दिया।योगी सरकार जहां मिशन शक्ति जैसे अभियानों के जरिए महिलाओं को सशक्त बनाने की बात क रती है,वहीं ऐसी घटनाएं उस दावे की हकीकत को उजागर करती हैं।सवाल यह भी है कि स माज और सिस्टम ने इस बच्ची को बचाने के लिए क्या किया..? क्या उसकी चुप्पी को किसी ने समझा...? क्या उसकी सुरक्षा का जिम्मा किसी ने लिया...? पुलिस ने अपराधी को पकड़ कर अपना फर्ज निभाया है लेकिन क्या यही काफी है....? क्या इतनी बड़ी त्रासदी पर सिर्फ गिरफ्तारी से न्याय हो जाएगा....? मीडिया का काम सिर्फ सनसनी फैलाना नहीं, बल्कि ऐसी घटनाओं पर गहराई से सवाल उठाना भी है।इस बच्ची को मिला क्या...? बचपन की कीमत पर मातृत्व,समाज की ताने,और एक अ नि श्चि त भविष्य।वन स्टॉप सेंटर की दीवारों के बीच वह अब 'सुरक्षित' है, लेकिन क्या उसकी आत्मा भी सुरक्षित है...? इस मामले में आरोपी को ऐसी सजा मिलनी चाहिए, जो समाज के लिए नजीर बने।केवल सजा नहीं, बल्कि सिस्टम को भी झकझोरने वाली कार्रवाई होनी चाहिए।जब तक समाज और व्यवस्था संवेदनशील नहीं बनेंगे,तब तक मासूमों के सपने यूं ही कुचले जाते रहेंगे।यह खबर 'घटिया' नहीं, बड़ी है। क्योंकि यह किसी एक की नहीं, पूरे समाज की जिम्मेदारी है।

## पी.एम. श्री जवाहर नवोदय के छात्रों ने बैगलेश डे के तहत किया शैक्षणिक भ्रमण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महराजगंज,रायबरेली। पी.एम. श्री जवाहर नवोदय विद्यालय रायबरेली के छात्रों ने बैगलेश डे के तहत शनिवार को शैक्षणिक भ्रमण के दौरान इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी का भ्रमण किया। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. यज्ञनाथ मिश्रा ने तिरंगा दिखाकर इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी के लिए छात्रों को रवाना किया।भ्रमण के दौरान छात्रों ने हवाई जहाज उड़ाने की प्रक्रिया, विमान के विभिन्न पार्ट्स, पायलट बनने की योग्यता तथा प्रशिक्षण के दौरान आने वाली चुनौतियों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की।अकादमी के निदेशक द्वारा छात्रों को पायलट बनने की प्रक्रिया से जुड़ी उपयोगी जानकारियाँ दी गईं, जिससे छात्रों में विमानन क्षेत्र के प्रति नई प्रेरणा जागी।इस कार्यक्रम में कक्षा 11 और 12 के कुल 59 छात्रों ने भाग लिया।

## डेंगू की चपेट मे आये बड़हलगंज के एसओ चन्द्रभान सिंह

गोरखपुर। कस्बे के सभी वार्डो मे डेंगू का कहर तो है ही, कोतवाली मे भी डेंगू फैल गया है। एसओ चन्द्रभान सिंह डेंगू की चपेट मे आकर दुर्गावती हास्पिटल के आईसीयू मे पहुंच गये है। प्लेटलेट्स की कमी सुनते ही मरीज दहशत मे आ जा रहे है।बड़हलगंज कस्बे में पिछले डेढ़ माह से डेंगू कहर बरपा रहा है। आधा दर्जन प्राइवेट अस्पताल डेंगू व वायरल फीवर के मरीज से पटे है। कोतवाली में आधा दर्जन से अधिक पुलिस कर्मी डेंगू से पीड़ित हुए है। डेंगू का कहर इतना तेज है कि नगर पंचायत के सभी 18 वार्डो में प्रकोप है। कस्बे मे स्थित अस्पतालो में बेड खाली नही है। दुर्गावती हास्पिटल के सर्जन डा. मनोज यादव व रामधनी हास्पिटल के डायरेक्टर डा. संजय ने बताया कि डेंगू बीमारी से पीड़ितो की संख्या बढ़ती जा रही है ।

पूर्वोत्तर रेलवे
खुली ई–निविदा सूचना
खुली ई–निविदा सूचना संख्या:SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T19 Date - 10.10.2025
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई–निविदा आमंत्रित करते है।
कार्य का नाम : इज्जतनगर मंडल के विभिन्न यार्डों में ओएचई व्यवस्था के सेक्शनिंग में सुधार हेतु लूप लाइनों में अतिरिक्त आइसोलेटरों के प्रावधान से संबंधित कार्य। टेंडर रिफरेंश नं. SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T19, कार्य का अनुमानित लागत रुपया में: 2,39,16,160.13, अमानत राशि/बिड सिक्यूरिटी: 2,69,600.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपया में : 00, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 03.11.2025, 11:00, कार्य पुरा करने की अवधि : 12 माह ● खुली ई–निविदा दिनांक 03.11.2025 को 11:00 बजे तक जमा कर सकेंगे। ● पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।
वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी/ इज्जतनगर
मुजाबि/विद्युत –160
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

उत्तर रेलवे
ई–ऑक्शन सूचना
वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/पी.एस., उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ.रे. |
|---|---|
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-BSB-TW-175-25-1 (Parking Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 07.10.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.10.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.10.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-LKO-TW-174-25-1 (Parking Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 07.10.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.10.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.10.2025 समय 10:40 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

3124/25
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार द्वारा महा ब्राम्हणों को अछूत कहने पर महा ब्राम्हण समाज मर्माहत

**कांग्रेस नेता ने अपना अपशब्द वापस नही लिया तो महा ब्राम्हण समाज सक्षम न्यायालय का शरण लेने को मजबूर**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। खजनी मे महा ब्राम्हणों को अछूत कहने राष्ट्रीय महा ब्राम्हण समाज के जिलाध्यक्ष अभिमन्यु तिवारी की अध्यक्षता में नगर पंचायत उनवल में एक आकस्मिक बैठक कर कंाग्रेस नेता कन्हैया कुमार द्वारा महा ब्राम्हण समाज को अछूत कहने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कंाग्रेस नेता कन्हैया कुमार का महा ब्राम्हण को अछूत कहना यह साबित करता है कि वह हिन्दू धर्म और संस्कृति पर करारा कुठाराघात कर हिन्दू धर्म और भारतीय संस्कृति में विष घोलने का एक कुचक्र रच रहे हैं जिससे यहां ब्राम्हण समाज काफी आहत व मर्माहत है । बैठक को संबोधित करते हुए प्रतिक्रिया में उमेश राम त्रिपाठी ने कहा कि मनुस्मृति में कहा गया है कि जिस तरह से खून से डूबे हाथ को खून से धोकर साफ नहीं किया जा सकता है उसी तरह सूतक में मृत कर्म का दान किसी सुपात्र ब्राम्हण को ही देने से सूतक समाप्त होता है। महाराज दशरथ की मृत्यु के बाद भरथ जी ने मानस में वर्णित चौपाई के अनुसार ( वैषानस भुषन,बशन,अन्न,धरनि,धन,धाम दिये भरथ लहि भूमि सुर,भे परि पूरन,काम) धर्म व शास्त्र महा ब्राम्हण को भूमि का देवता कह कर धर्म शास्त्रों ने नवाजा व सम्मान दिया है महा ब्राम्हण समाज के लोग आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में कंाग्रेस का खुल कर विरोध करेंगे तथा जिन प्रांतों में भविष्य में चुनाव होगा वहां भी महा ब्राम्हण समाज कंाग्रेस का विरोध करेगी। भा जा पा शासन हिन्दू धर्म और संस्कृति का जहां रक्षा करने का कार्य कर रही है वहीं कंाग्रेस नेता हिन्दू धर्म और संस्कृति को मिटाने का कुत्सित प्रयास कर रहे है जिसका हम महा ब्राम्हण समाज घोर निन्दा करते हुए भा ज पा सरकार से मांग करते हैं कि कंाग्रेस नेता कन्हैया कुमार पर नियमानुसार उचित कार्रवाई करे अन्यथा हम महा ब्राम्हण समाज माननीय न्यायालय में जाति विषेश पर अपशब्द बोलने एवं धार्मिक मान्यताओं व भावनाओं पर ठेंस पहुंचाने का मुकदमा पंजीकृत करने हेतु बाध्य होंगे।बैठक में उपस्थित लोगों में राकेश त्रिपाठी, इन्द्र मणि त्रिपाठी, राम सूरत त्रिपाठी,जनार्दन तिवारी, विरेन्द्र तिवारी,रामू तिवारी,राम रुप तिवारी, प्रभाकर तिवारी, दिवाकर राम त्रिपाठी,मनीष तिवारी,आद्या तिवारी,रामभुज त्रिपाठी, शिवकुमार त्रिपाठी, निखिल त्रिपाठी , विकास त्रिपाठी,उदयराज त्रिपाठी,सूरज तिवारी,अमन कुमार त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित थे।

# एक कदम गांधी के साथ, पद यात्रा का लखनऊ में आगमन

## 18 अक्टूबर को लखनऊ में होगा आगमन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । एक कदम गांधी के साथ पदयात्रा आगामी 18 अक्टूबर 2025 को लखनऊ सीमा में प्रवेश करेगी। लखनऊ के मोहनलालगंज तहसील पर पदयात्रा का स्वागत किया जाएगा । पदयात्रा की स्वागत की तैयारी बैठक के संबंध में आज एक महत्वपूर्ण बैठक भारत जन विज्ञान समिति के कार्यालय इंदिरा नगर में संपन्न हुई। पूर्व कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय रूपरेखा वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में पदयात्रा के आगमन से लेकर लखनऊ से पदयात्रा आगे जाने की तैयारियों के संबंध में विस्तृत विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर भारत जन ज्ञान विज्ञान समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरीश चंद्र ने भी अपने महत्वपूर्ण सुझाव



प्रस्तुत किये। बैठक में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि देश के संविधान, लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता व समाजवाद के विचारों से ओत-प्रोत नारे तैयार किए जाय। देश के शहीदों की शहादत और संविधान के प्रति लोगों में उत्साह जागृत करने और हमारी सांझी विरासत से संबंधित रूपरेखा तैयार करने और ऐसे विचारों से प्रेरित सांस्कृतिक दलों द्वारा कार्यक्रमों के आयोजन पर भी विशेष बल दिया गया।

बैठक में यह भी तय किया गया कि आगामी 16 अक्टूबर 2025 को प्रेस क्लब में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पदयात्रा के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत प्रकाश डाला जाएगा। बैठक में पदयात्रा के प्रचार प्रसार की तैयारी के संबंध में भी विशेष चर्चा की गई । इस अवसर पर गांधी पदयात्रा स्वागत समिति लखनऊ 'एक कम गांधी के साथ''का भी गठन किया गया। जिसमें लखनऊ के वरिष्ठ जन, सामाजिक कार्यकर्ताओं सहित युवाओं को स्वागत संबंधी जिम्मेदारियां सौंपी गई। बैठक में मुख्य रूप से राम कुमार ,आलोक सिंह, राजीव ध्यानी, आनंद राज स्वरूप, दिलीप मिश्रा, कंाति मिश्रा,ऊषा विश्वकर्मा, अनुराग यादव ,अखिलेश यादव, आरपी गौतम तथा रोहित कश्यप सहित अन्य प्रतिष्ठित सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग किया।

## देश पर आपातकाल थोपने वालों के साथ खड़ी है सपा: ब्रजेश पाठक

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा)हमेशा से ही लोकतंत्र के विरोध में रही है और आज समाजवादी पार्टी उन लोगों के साथ खड़ी है जिन्होंने देश में आपातकाल लागू किया था। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कंाग्रेस पार्टी जिसने देश में आपातकाल लागू किया आज सपा उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर साथ खड़ी है। एक तरफ लोकनायक जयप्रकाश नारायण को जेल के सलाखों के पीछे भेजने और उनके साथ उत्पीड़न करने वालों के साथ राजनीतिक गठबंधन बनाते हैं तो दूसरी ओर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करने का ढोंग करते हैं। प्रदेश और देश की जनता अच्छे से जानती है कि आपका लोकतंत्र से कोई लेना-देना नहीं आप संविधान विरोधी हैं। केवल कानून विरोधी हरकतें करके आपको मीडिया की सुर्खियां बटोरनी है। ब्रजेश पाठक ने कहा कि आज जयप्रकाश की जयंती पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मना रही है और इमरजेंसी के दौरान जनसंख्या के सर्वाधिक कार्यकर्ता भाजपा के ही जेल की सलाखों के पीछे भेजे गए थे। उन्होंने कहा कि आपको (सपा) भी यह सोचना चाहिए कि जिस मूवमेंट से आपकी पार्टी निकली है वह लोग भी जेल की सलाखों के पीछे थे।

## भवसागर से पार होना है तो श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करें : श्री कृष्णानन्द मृदुल जी महाराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ। नगराम के अचली खेड़ा गांव स्थित अचलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में शनिवार को श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन शुरू हुआ । पहले दिन कथावाचक श्री कृष्णानंद मृदुल जी महाराज ने भागवत महात्म की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा श्रवण मात्र से मनुष्य के जन्म-जन्मांतर के पाप नष्ट हो जाते हैं। यह कथा भवसागर से पार करने वाली है कथा में भगवान श्री कृष्ण की महिमा का वर्णन करते हुए व्यास जी ने कहा कि जब-जब धरती पर अत्याचार बढ़े हैं तब तक पीड़ित मानवता की सेवा के लिए भगवान ने अवतार लिया है। कथा के मुख्य आयोजक एवं यजमान धर्मेंद्र कुमार वर्मा है। व्यवस्थापक एवं सहयोग के रूप में समस्त ग्रामवासी है। कथावाचक श्री मधु जी ने बताया कि इंसान दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में सुंदर-सुंदर झांकियों के साथ कथा का प्रसंग सुनाया जाएगा।

# बाग गई किशोरी के साथ युवकों ने किया दुष्कर्म

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बंथरा। राजधानी के थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर दिनदहाड़े एक किशोरी के साथ गैंगरेप की घटना हो गई। दिनदहाड़े हुई इस घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की दोपहर 17 वर्षीय पीड़िता अपने एक परिचित के साथ बाग में थी इसी बीच आसपास के चार लड़के मौके पर पहुंचे और पीड़िता के परिचित को वहां से भगा दिया इसके बाद सभी ने बारी बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। बताते हैं कि घटना के दौरान आरोपियों द्वारा किशोरी के मुंह में कपड़ा ठूंस दिया गया और हाथ पैर बांधकर उसकी पिटाई भी की गई। आरोपियों ने पुलिस से शिकायत करने पर पीड़िता को जान से मारने की धमकी दी? और फरार हो गए। घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो वो किशोरी को लेकर हरौनी पुलिस चौकी ग?ए और आरोपियों के खिलाफ लिखित शिकायत की। दिनदहाड़े हुए इस गैंगरेप की जानकारी पर पुलिस के उच्चाधिकारी भी



हरौनी चौकी पहुंचे। सहायक पुलिस आयुक्त विकास कुमार पांडेय दलबल के साथ हरौनी चौकी पहुंचे और घटना के बारे में पीड़ित परिवार से बात की। पुलिस द्वारा पीड़िता को मेडिकल कराने के लिए भेजने के साथ मुकदमा दर्ज किया गया है। यह भी बताया जा रहा है कि पुलिस एक लड़के से पूछताछ भी कर रही है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 17 वर्षीय किशोरी कक्षा ग्यारह में पढ़ाई करती है। पीड़िता के पिता ने अपनी तहरीर में बताया कि शनिवार को उसकी बेटी थाना क्षेत्र के ही एक गांव में रहने वाली अपनी बहन की ससुराल ग?ई थी। दोपहर करीब बारह बजे वो हरौनी बाजार आई जहां अपने एक परिचित से बात करते हुए पास की ही एक आम की बाग के अंदर चली ग?ई जहां आस-पड़ोस के ही रहने वाले चार लड़के वहां पहुंचे और परिचित को भगा दिया। इसके बाद सभी ने बेटी से बारी बारी कर जबरन दुराचार की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता ने जब इस घटना की जानकारी परिजनों को दी तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। इसके बाद पीड़ित पिता बेटी को लेकर संबंधित हरौनी पुलिस चौकी पहुंचे और इसकी लिखित शिकायत की।

# लोकनायक जयप्रकाश के दिखाए रास्ते पर चलेगी सपा : अखिलेश यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। हम लोग आज लोकनायक जयप्रकाश जी को उनकी जयंती पर याद कर रहे हैं। यह भरोसा दिलाते हैं कि जो जयप्रकाश जी के नाम पर सोशलिस्ट म्यूजियम जेपीएनआईसी बना था, हम लोग संकल्प लेते हैं कि उसे बिकने नहीं देंगे। जयप्रकाश जी ने जो संपूर्ण क्रांति का नारा दिया, वह आज भी प्रासंगिक है, देश को उसी रास्ते की जरूरत है। हमारा देश तभी खुशहाल होगा, जब समाजवादी मूल्यों से चलेगा। यह बातें शनिवार को समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कही।

वे राजधानी लखनऊ में पार्टी मुख्यालय में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह बात हम लोगों को समझ में आ गई है समाजवादियों को, कि जितना हम लोग जमीन पर काम करेंगे उतनी लड़ाई हम



लोगों की कामयाब होगी, इसलिए जमीन पर ही हम लोग संघर्ष करेंगे। हमारा सिद्धांत नहीं बदला है, सिद्धांत कभी नहीं बदलता है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि पूरे देश में एक सोशलिस्ट लीडर को समर्पित जेपीएनआईसी से बेहतर म्यूजियम और स्मारक नहीं रहा होगा। आज एक वीडियो देखा कि तालिबान के मिनिस्टर हमारे फॉरेन मिनिस्टर को रिसीव कर रहे हैं और हमारे मुख्यमंत्री जी तालिबान के लिए क्या कहते हैं? बिहार चुनाव को लेकर पूछे गए सवाल पर जवाब दिया कि बिहार चुनाव में जहां बुलाया जाएगा हम लोग जाएंगे। उन्होंने कहा कि महिलाओं को बराबर का अधिकार मिले, आधी आबादी के बिना कोई भी समाज खुशहाल नहीं हो सकता है। बीजेपी के लोगों ने मिलकर मेरा ऑफिशियल कार्यक्रम जारी कर दिया, सोचिए सरकार और उनके अधिकारी मिलकर मेरा कार्यक्रम जारी कर रहे हैं और उसको अपने चैनल से बढ़ावा दिलवा रहे हैं।

अखिलेश यादव ने कहा कि यह गंभीर विषय है कि एक आईपीएस अधिकारी ने आत्महत्या कर ली और जाति के आधार पर उसे अपमानित किया जा रहा है और एक चीफ जस्टिस पर जूता फेंकना, इससे खराब बात देश के लिए क्या हो सकती है। इस दौरान मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के साथ अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अखिलेश ने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) नेता आकाश आनंद को लेकर पूछे गए एक सवाल पर तंज भरा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि आकाश आनंद की जरूरत जितनी बसपा को है, उससे ज्यादा बीजेपी को है।

जेपीएनआईसी में प्रवेश को लेकर रोक के साथ जयप्रकाश नारायण की जयंती पर पुलिस बल तैनात किया गया था। इस बीच पुलिस को चकमा देते हुए शनिवार की सुबह करीब छह बजे पुलिस की बंदिशों के बावजूद सपा छात्र सभा के अध्यक्ष विनीत कुशवाहा जेपीएनआईसी के अंदर ?पहुंचे। उन्होंने जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उनके साथ उपाध्यक्ष अमर यादव भी मौजूद रहे। विनीत कुशवाहा द्वारा माल्यार्पण की तस्वीर अखिलेश यादव ने पोस्ट की है।

# राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का होगा आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । इंस्पायर अवार्ड मानक योजना अन्तर्गत वर्ष 2023-24 व 2024-25 की राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का आयोजन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार एवं राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान-भारत और माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में 13 से 15 अक्टूबर तक किया जायेगा।

माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ महेन्द्र देव ने बताया कि यह आयोजन 13 से 15 अक्टूबर तक लखनऊ पब्लिक कॉलेजिएट, रुचि खंड-1 शारदा नगर, बंगला बाजार रोड, लखनऊ में किया जायेगा, जिसमें जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता वर्ष 2023-24 के 129 और वर्ष 2024-25 के 347 चयनित छात्र-छात्राओ द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।



संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक शिक्षा निदेशालय तथा इंस्पायर-मानक योजना के राज्य सह नोडल ऑफिसर विवेक नौटियाल ने बताया कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार एवं राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान-भारत द्वारा वर्ष 2023-24 में 1940 छात्र-छात्राओं और वर्ष 2024-25 में 5834 छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत विचारों का चयन किया गया था और प्रोजेक्ट-मॉडल तैयार करने के लिए प्रोत्साहन स्वरूप रू0 10 हजार प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) योजना के माध्यम से सम्बन्धित छात्र-छात्रा के बैंक खातों में ऑनलाईन अन्तरण किया गया था। जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिताओं में वर्ष 2023-24 में 83 छात्र तथा 46 छात्रा इस प्रकार कुल 129 चयनित छात्र-छात्राओं द्वारा 13 अक्टूबर को और वर्ष 2024-25 में 208 छात्र तथा 139 छात्रा इस प्रकार कुल 347 चयनित छात्र-छात्राओं द्वारा 14 एवं 15 अक्टूबर को राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता अपने प्रोटोटाइप मॉडल-परियोजनाए प्रस्तुत किया जायेगा।

नौटियाल ने यह भी बताया कि छात्रों द्वारा प्रस्तुत प्रोटोटाइप मॉडल-परियोजनाओं का मूल्यांकन राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान-भारत, इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी विभाग, डॉं अब्दुल कलाम तकनीकी विशविद्यालय, अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन-आर0डी0एस0ओ0, भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, इसरो-टेलीमेट्री ट्रैकिंग एण्ड कमाण्ड नेटवर्क, राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान, भौतिकी विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय आदि के नामित वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों की जूरी द्वारा किया जायेगा। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा चयनित छात्रों को सकुरा एक्सचेंज कार्यक्रम के अन्तर्गत जापान भी भेजा जाएगा।

# सऊदी अरब की एक्सपर्टीज ग्रुप ने उत्तर प्रदेश में निवेश में दिखाई रुचि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सऊदी अरब की प्रतिष्ठित कम्पनी एक्सपर्टीज ग्रुप के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने आज उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी से उनके 6 कालिदास मार्ग स्थित सरकारी आवास पर मुलाकात की। बैठक में राज्य में सम्भावित निवेश योजनाओं पर चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व ज़फर सरेशवाला ने किया, जिनके साथ मोहम्मद अंशिफ (मुख्य रणनीति अधिकारी), के. एस. शेख (मुख्य परिचालन अधिकारी) और हैदर अब्बास सैयद (बिजनेस डायरेक्टर) उपस्थित रहे। टीम ने उत्तर प्रदेश में एक वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) स्थापित करने में गहरी रुचि दिखायी, जिसमें 500ऽ1000 बैक-ऑफिस पेशेवरों को रोजगार मिलने की संभावना है। इसके साथ ही राज्य में एक विनिर्माण इकाई स्थापित करने की योजना भी साझा की



गई। मंत्री नन्दी ने प्रतिनिधिमंडल का असीम संभावनाओं के प्रदेश उत्तर प्रदेश में आगमन पर स्वागत एवं अभिनन्दन करते हुए निवेश यात्रा में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश आज देश के सबसे बेहतर कानून-व्यवस्था वाले और निवेश अनुकूल राज्यों में से एक है, जहां कुशल मानव संसाधन, भारत का सबसे बड़ा उपभोक्ता आधार (बाजार) और विश्वस्तरीय आधारभूत संरचना उपलब्ध है, जो इसे वैश्विक निवेशकों के लिए आदर्श गंतव्य बनाता है। फिलहाल एक्सपर्टीज ग्रुप का एक बड़ा बैक-ऑफिस मैंगलोर, कर्नाटक में संचालित हो रहा है, जिसे अब नोएडा स्थानांतरित करने की योजना है। उत्तर प्रदेश सरकार की वैश्विक क्षमता केंद्र (ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर-जीसीसी) नीति 2024 और उसके आकर्षक प्रोत्साहनों को ध्यान में रखते हुए कम्पनी इस कदम पर विचार कर रही है। यह स्थानांतरण कम्पनी की राज्य में बहु-क्षेत्रीय निवेश विस्तार की दिशा में पहला बड़ा कदम होगा।

# सम्मान समारोह में मच गयी हलचल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सम्मान समारोह में हलचल सी मच गयी चहुंओर शोर होने लगा मैडम आ गयी मैडम आ गयी और मेडिकल कालेज के प्रबंधक झट से फूलमाला और लावलश्कर समेत मुख्य दरवाजे की तरफ बढ़ चले धूलधूसरित मारूति 800 कार से उतरती खादी का कुर्ता और कोट पहने छोटे छोटे उलझे बालों के बीच मोटा चश्मा लगाये विभूति पद्मश्री डा चंन्द्रमणि गोपाल पधार चुकी थी वह बीस किलोमीटर दूर स्थित मेडिकल कालेज से स्वयं गाडी चला कर आयी थी कोई कह नही सकता था कि उम्र के उत्तरार्ध में बयासी वर्ष की अवस्था में कोई इतना आत्मनिर्भर हो सकता है।वह तत्परता से तेजी से मंच की तरफ बढ़ चली वह कर्म परायण विभूति दस मिनट का समय देकर वापस जाने की आज्ञा मांग रही थी।

मुझे जाना होगा श्रीमान दो सर्जरी है जिसमें एक तो बहुत कंप्लिकेटेड है दो बच्चे सिर से जुडे है।



प्रबंधक महोदय ने समारोह में उपस्थित मेडिकल के विद्यार्थियों के लिए दो शब्द कहने का आग्रह किया।

माइक थाम कर उन्होंने बोलना शुरू किया कर्म करते रहे। जीवन पथ पर आगे बढते रहे। ईश्वर ने आपको मानवता की सेवा का सौभाग्य दिया है। इसलिए कृतज्ञता और बिना किसी परिणाम और अपेक्षा के इस अति उत्तम पुण्य यज्ञ में अपनी सेवा की आहुति देते रहे। जीवन है। तो उबड खाबड़ पथ भी मिलेगे तमाम कंटको के चुभने से रक्त भी रिसेगा पर आप सामान्य मनुष्य नहीं है। आप धरती पर उस परमपिता का स्वरूप है जो जीवन रक्षक बन सिर्फ कर्मपथ पर डिगे रहना जानता है। आल द बेस्ट टू आल आफ यू बहुत बहुत धन्यवाद।

कहती वह धडधडाती हुई सीढीयो से उतरती मारुति कार मे जा बैठी मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य और पदाधिकारियों गेट तक उनका साथ दिया।

प्रधानाचार्य महोदय ने प्रबंधक से कहा सर पिछले वर्ष आज ही मैडम के इकलौते बेटे का एक रोड दुर्घटना में आकस्मिक निधन हो गया था पर दूसरे दिन से ही वह कुछ जटिल इमरजेंसी सर्जरी करने हेतु कार्यस्थल पर लौट आयी थी अपने कर्तव्य के प्रति समर्पित अद्भुत महिला है डाक्टर च़ंद्रमणि उधर ट्रैफिक सिग्नल पर जब डा च़द्रमणि की कार दो मिनट को रूकी तो फूल बेचने वाली एक वृद्धा कार की खिडकी पर आकर खडी हो गयी उसकी अशक्त हालत ने उन्हें शीशा नीचे करने पर मजबूर कर दिया.. और दस रूपये का एक गुलाब खरीद कर वह सिग्नल क्लियर होने का इंतजार करने लगी मेमसाब आपके बच्चे खूब जिये.. खूब तरक्की करे कहती वह वृद्धा आगे बढ गयी डाक्टर चूडामणि के हृदय में एक टीस सी उठ गयी आज की तारीख तो उन्हें सदा से याद थी जब उनका इकलौता चिराग क्रूर काल की नियति का शिकार हो गया था। दो पल को आंखे बंद हुयी लगा जैसे किसी ने जोर से मां कहकर पुकारा दो बूंदे आंखो से निकलकर चेहरे को भिगोती कोट मे समा गयी तभी उनका फोन घनघना उठा उन्होंने उठा लिया यस डाक्टर आई एम आन द वे इट टेक्स हार्डली टैन मिनट्स टू रीच

ओके मैम आल इस सैट फार दिस रिमार्केबल सर्जरी हम सब आपकी आतुरता से प्रतीक्षा कर रहे हैं।आपरेशन की सारी तैयारी हो चुकी है।और सारा संसार आपकी ओर आशान्वित निगाहों से देख रहा है कि इन दोनों बच्चियों को अभयदान देने के लिए हम सब जी जान लगा देगे।

यस डाक्टर कहती फोन रखती उन्होंने पुनः कार की स्टेयरिंग संभाल ली थी और कर्मपथ पर दृढता से चलने को प्रतिबद्ध एक कर्मनिष्ठ चली जा रही थी।

## नगराम: कार की टक्कर से बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल, मुकदमा दर्ज

नगराम, लखनऊ । नगराम थाना क्षेत्र के सिरौना गांव के रहने वाले हरिनाम के पुत्र विनीत बीते सोमवार की शाम अपनी मोटरसाइकिल से नगराम होते हुए घर लौट रहे थे। तभी देर शाम जब विनीत नगराम क्षेत्र के हुसैनाबाद पेट्रोल पंप के समीप पहुँचे, तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार यूपी 42 एच 3874 ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से विनीत गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके सिर व शरीर में गहरी चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल इलाज के लिए लखनऊ स्थित निजी अस्पताल इरा न्यू साइंस एंड मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने नगराम थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की वही पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिजनों का कहना है कि हादसे के बाद कार चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। वही नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया है पीड़ित के परिजनों द्वारा दो गई तहरीर के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर कार व चालक की तलाश शुरू कर दी गई है।

## तेज रफ्तार कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

बंथरा कैनविज टाइम्स संवाददाता । इलाके में शनिवार को एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस के मुताबिक बाइक सवार मृतक की पहचान उन्नाव जिले के मौरावां थाना अंतर्गत मोहम्मद खेड़ा निवासी राजू (30) के रूप में हुई है। राजू शनिवार दोपहर करीब 1 बजे सरोजनी नगर की ओर से जुनाबगंज की तरफ जा रहा था। कानपुर रोड पर शिवपुरा गाँव के सामने पीछे से आ रहे कंटेनर ट्रक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मारी। टक्कर इतनी तेज थी कि राजू बाइक सहित कंटेनर के नीचे आ गया और उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद कंटेनर ट्रक चालक अपना वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना के कारण कानपुर- लखनऊ हाईवे पर कुछ देर के लिए यातायात भी बाधित हो गया।

## विधायक मनोज पांडेय के साथ मुख्यमंत्री से मिलीं संगीता बाल्मीकि

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पांच कालिदास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास पर शनिवार को ऊंचाहार विधायक मनोज पांडेय के साथ दिवंगत हरिओम बाल्मीकि की पत्नी संगीता बाल्मीकि ने अपने पिता छोटे लाल एवं पुत्री अनन्या के साथ शिष्टाचार भेंट की।

## दलितों के अपमान, भ्रष्टाचार और परिवारवाद का प्रतीक था सपा शासनकाल : डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने शनिवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर बयानबाजी की। उन्होंने कहा कि सपा शासनकाल (2012ऽ2017) दलितों के अपमान, भ्रष्टाचार और परिवारवाद का प्रतीक था। उन्होंने कहा कि जिस समय पूरे देश में कांशीराम के नाम से बने संस्थानों को सम्मान दिया जा रहा था। उसी समय अखिलेश यादव ने उनके नाम को मिटाने का काम किया। डॉ. निर्मल ने कहा कि लखनऊ का उर्दू-अरबी-फारसी विश्वविद्यालय, जो कांशीराम जी के नाम से था, उससे नाम हटाया गया। यही नहीं, कांशीराम जी के नाम से चलने वाली सभी सरकारी योजनाओं के नाम भी बदल दिए गए। यह कृत्य दलितों के सम्मान पर गहरी चोट थी।

# सिधौली में नेताजी को नमन 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिधौली (सीतापुर) । समाजवादी पार्टी के संस्थापक, श्रद्धेय ‌ल्लनेताजीङ्क मुलायम सिंह यादव जी की तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर विधानसभा सिधौली में एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों समाजवादी कार्यकर्ता, पदाधिकारी और स्थानीय नेता एकत्र होकर नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा प्रदेश सचिव एडवोकेट रामपाल भार्गव जी ने की, वहीं संचालन समाजवादी छात्रसभा के ऊर्जावान नेता अंकित सिंह बादल जी ने किया। सभा में नेताजी के संघर्षपूर्ण जीवन, समाजवादी विचारधारा और गरीबों, किसानों, नौजवानों के हित में किए गए कार्यों को याद किया गया।

इस मौके पर सिधौली तहसील अध्यक्ष संजय यादव, खलील अहमद, दिनेश यादव, वेद प्रकाश यादव, रामपाल रावत, कृष्णावतार रावत, मोहम्मद अहसान, मोहन यादव, शिवम यादव, कुलदीप यादव, विश्वाल रावत शुभम, अभिषेक यादव धर्रा, आकाश यादव, शिवा भार्गव, नगर अध्यक्ष मोहम्मद सिराज, आलोक वर्मा, आबिद अली, विकास गौतम, तथा सपा संघर्षशील युवा नेता शिवा त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभा में उपस्थित वक्ताओं ने नेताजी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि मुलायम सिंह यादव जी केवल एक नेता नहीं, बल्कि एक विचार हैं, जिन्होंने हमेशा समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और समानता की आवाज़ उठाई।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि नेताजी का सपना था कि उत्तर प्रदेश को खुशहाल, शिक्षित और बेरोजगारी-मुक्त बनाया जाए – और इस सपने को अब राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी ही साकार करेंगे।

सभा के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में शपथ ली कि 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को पूर्ण बहुमत से विजयी बनाकर अखिलेश यादव जी को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। सभा में मौजूद कार्यकर्ताओं ने ‘जय समाजवाद’, ‘नेताजी अमर रहें’ और ‘2027 में अखिलेश सरकार’ के नारों से पूरा माहौल गूंजा दिया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, और सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया

# जागरूकता अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष तंबौर बृजेश राय ने बसंतापुर गांव में लोगो को किया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बेहटा, सीतापुर । 10 अक्टूबर,आज थानाध्यक्ष बृजेश राय ने बसंतापुर गांव में जागरूता अभियान के तहत लोगो को जागरूक करते हुए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की सारे गांव में भ्रमण कर स्थितियां देखी ग्रामीणों के दरवाजे के सामने रास्ते पर गड़े जानवरों के बांधने के खूंटे को सामने ही हटवाया गया रास्ते पर हो रहे कीचड़ व निजी नलों से गंदे पानी का बहाव व भराव से रास्ते पर हो रहे गड्ढों से आवागमन में दिक्कत होने से रास्ते पर कीचड़ व जल निकासी को रोकने और सोकपिट बनाने की चेतावनी दी जानकारी मिलने पर गांव में कुछ अराजक तत्व पैदा करने वाले शराब पीने वाले और जुवां खेलने वालों के प्रति दंडात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए और बताया यदि गांव से बाहर का कोई व्यक्ति आकर जुवां ताश खेलता है और जो भी खेलने का आश्रय देता है या उससे संबंधित सहयोग करता है उन्हें किसी भी हाल में बक्शा नहीं जाएगा यह आने वाले बच्चों का भविष्य है जो बच्चे ऐसा कृत्य देखते हैं उनके ऊपर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है ऐसा करने वालों का अपराध क्षम्य नहीं किया जाएगा अपितु कठोर से कठोर दंड दिया जाएगा गांव में बाहर से आने वाले चोर उचक्कों की रोकथाम के लिए प्रतिदिन डायल 100 पुलिस बुलाई जाएगी उसके साथ साथ हल्का कांस्टेबिल भी निगरानी करते रहेंगे इस मौके पर गांव के 1सैकड़ा से ज्यादा लोग शामिल रहे थाना क्षेत्रांतर्गत कांस्टेबिल असीम खान, कांस्टेबिल अनिरुद्ध कुमार हल्का इंचार्ज इंद्र जीत सहित थानाध्यक्ष बृजेश राय उपस्थित रहे।

# सांडा में झोलाछापों का साम्राज्य, क्षेत्र में कई हो चुकी हैं मौतें स्वास्थ्य विभाग बना मूकदर्शक!

## मौत बांट रहे फर्जी डॉक्टर, महकमे की लापरवाही से जनता बेहाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सकरन (सीतापुर)। सांडा क्षेत्र में झोलाछाप चिकित्सकों का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि आम जनता की जिंदगी अब खतरे के साए में जी रही है। मेडिकल स्टोर की आड़ में चल रहा यह ल्लमौत का कारोबारङ्क खुलेआम स्वास्थ्य विभाग की नाक के नीचे फल-फूल रहा है, जबकि जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे बैठे हैं। सांडा बाजार स्थित डॉ. नबी अहमद,बिंदेश्वरी पॉली क्लीनिक,पुलिस चौकी के निकट डॉ. करमुद्दीन अंसारी, शाहपुर के हसीब मेडिकल स्टोर संचालक और गोड़ियन पुरवा के जनता मेडिकल स्टोर तथा डॉक्टर लवकुश बिना वैध योग्यता व लाइसेंस के झोलाछाप इलाज का धंधा खुलेआम चल रहा है। इन कथित डॉक्टरों द्वारा न तो सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा है, न ही किसी मेडिकल बोर्ड से पंजीकरण है।

ग्रामीणों का कहना है कि गरीब मरीजों को झांसा देकर गलत दवाएं और इंजेक्शन दिए जाते हैं, जिससे कई बार उनकी हालत गंभीर हो जाती है। इन अवैध क्लीनिकों पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी समय-समय पर जांच का दावा तो करते हैं, लेकिन हकीकत में कार्रवाई के नाम पर सिर्फ ल्लऔपचारिकता निभाई जाती है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि विभागीय मिलीभगत के बिना इस तरह का कारोबार संभव ही नहीं। हर बार शिकायतों के बाद भी अधिकारी मौके पर नदारद रहते हैं। कई बार जांच टीमों की सूचना पहले ही झोलाछापों तक पहुंच जाती है, जिससे कार्रवाई की बजाय सफाई का नाटक किया जाता है।

### क्या बोले जिम्मेदार

मामले को लेकर जब सीएचसी अधीक्षक डाक्टर आनंद मित्रा से बात की गई तो उन्होंने बताया की मामला संज्ञान में आया है टीम गठित कर सभी अवैध रूप से संचालित हो रहे क्लीनिक, व नार्शिग होम,पर कार्यवाही की जायेगी।

## थाना समाधान दिवस पर डीएम-एसपी ने सुनी जनता की शिकायतें, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

सीतापुर । सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने थाना खैराबाद में जनसुनवाई की। उन्होंने शिकायतों एवं समस्याओं को सुनकर इनका त्वरित, न्यायोचित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिये। राजस्व विवादों के शांतिपूर्ण निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर निस्तारण के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आपसी विवाद के प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। संवेदनशील प्रकरणों में नियमानुसार निरोधात्मक कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाये। महिला सम्बन्धी अपराधों, भूमि विवाद, अवैध कब्जे आदि से सम्बन्धित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। थाना समाधान दिवस से संबंधित रजिस्टर में शिकायत के निस्तारण से सम्बन्धित संपूर्ण विवरण दर्ज किया जाये तथा समस्त संबंधित अभिलेख अद्यतन रखे जाए।

## दो दिवसीय क्लस्टर स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोला खीरी। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत लखीमपुर खीरी के तत्वावधान में तरूणोदय यूथ क्लब के द्वारा दिनांक 10 अक्टूबर और 11 अक्टूबर में आयोजित दो दिवसीय क्लस्टर स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता जिला युवा अधिकारी संकल्प शुक्ला के निर्देशन में आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. कौशल वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि 1969 के नेशनल चैंपियन श्री अटवाल जी उपस्थित रहे। साथ ही विद्यालय उप प्रधानाचार्य लखपत भारती जी, एडवोकेट आनंद जी एवं डॉ. अनिल कुमार जी भी विशिष्ट रूप से उपस्थित रहे।

सभी अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर डॉ. कौशल किशोर वर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए युवाओं से कहा कि ध्यान केंद्रित करने के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी अनिवार्य हैं। खेल व्यक्ति को आत्मविश्वासी, अनुशासित और लक्ष्य के प्रति समर्पित बनाते हैं। वहीं विशिष्ट अतिथि श्री अटवाल जी ने कहा कि हेल्दी माइंड के लिए हेल्दी बॉडी का होना अत्यंत आवश्यक है, और यह केवल नियमित खेलकूद से ही संभव है। खेल शरीर को तंदरुस्त और मन को प्रसन्न रखते हैं। कार्यक्रम में उपप्रधानाचार्य लखपत भारती ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जीत और हार खेल के दो पहलू हैं, परंतु प्रयास करने वाला खिलाड़ी कभी हारता नहीं। बालक वर्ग 400 मीटर दौड़ में अयान बेग प्रथम, अभिषेक कुमार द्वितीय, रामानुज तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 200 मीटर बालिका वर्ग में लवी शर्मा प्रथम, सृष्टि वर्मा द्वितीय एवं शिफा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## ईसानगर के युवाओं ने पेश की मिसाल, दुर्घटना में घायल युवक को पहुंचाया समय रहते अस्पताल

धौरहरा, खीरी। ईसानगर थाना क्षेत्र के मोहनपुरवा गांव के पास शुक्रवार शाम को एक सड़क दुर्घटना में घायल हुए एक युवक को गांव के युवाओं ने समय रहते अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचा ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार, युवक बाइक से कटौली रोड पर जा रहा था, तभी असंतुलित होकर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों द्वारा घटना की सूचना तुरंत स्थानीय युवाओं को दी गई, जिसके बाद गांव के सोनू, राजू और शकील ने तत्काल 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी और एम्बुलेंस आने तक युवक को प्राथमिक उपचार देते रहे। कुछ ही देर में पहुंची पीआरवी टीम और एम्बुलेंस की मदद से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने समय पर इलाज मिलने से उसकी स्थिति को स्थिर बताया। थाना प्रभारी निर्मल तिवारी ने युवाओं की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि ''यदि हर व्यक्ति मानवता को प्राथमिकता दे, तो कई कीमती जानें बचाई जा सकती हैं।

# लोक सेवा आयोग परीक्षा की तैयारियों को लेकर डीएम व एसपी ने किए परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**शांतिपूर्ण परीक्षा संपादन को लेकर डीएम व एसपी ने देखी तैयारियां**

**डीएम-एसपी ने सीतापुर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर दिए सख्त निर्देश**

सीतापुर । उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा दिनांक 12 अक्टूबर 2025 को आयोजित होने वाली सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारम्भिक) तथा सहायक वन संरक्षक/क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा प्रारम्भिक परीक्षा-2025 को सकुशल, सुचितापूर्ण, शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने जनपद के विभिन्न परिक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने राजकीय इंटर कॉलेज, राजा रघुवर दयाल इंटर कालेज, म्युनिसिपल इंटर कालेज, उजागर लाल इंटर कॉलेज, आर एम पी इंटर कालेज, आरएमपी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दीन दयाल उपाध्याय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय आदि परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने कंट्रोल रूम, परीक्षा कक्षों, स्ट्रांग रूम आदि का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश सर्वसंबंधित को दिए। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि सम्पूर्ण प्रक्रिया के दौरान सीसीटीवी संचालित रखें जाय। परीक्षा केंद्र पर सभी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करने हेतु भी जिलाधिकारी ने निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि लोक सेवा आयोग द्वारा जारी निर्देशों का शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित करते हुए समस्त प्रक्रियाएं संपादित की जाय तथा परीक्षा कक्षों में लगाए गए कक्ष निरीक्षकों की भी समुचित ब्रीफिंग अवश्य की जाय। सभी कार्मिकों के नियमानुसार परिचय पत्र जारी किए जाएं। जिलाधिकारी ने सेक्टर मजिस्ट्रेट/स्टेटिक मजिस्ट्रेट, ब्रीफिंग आदि की जानकारी भी ली। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि परीक्षार्थियों की सुविधा के दृष्टिगत आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाए। उन्होंने कहा कि सभी केंद्रों पर परीक्षार्थियों हेतु मानकों के अनुसार आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाय।

पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने परीक्षा के दौरान सघन चेकिंग के साथ अराजक तत्वों/संदिग्धों पर विशेष निगरानी बनाये रखने के निर्देश ड्यूटी में लगे पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रदान किये। परीक्षा केंद्रों के निर्धारित परिधि में सुरक्षा मानकों एवं प्रतिबंधों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। निरीक्षण के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक राजेंद्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम के संज्ञान में आते ही पहुंची मदद मुस्कुराया छोटे राठौर का परिवार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी । प्रदेश सरकार की संवेदनशीलता और प्रशासन की तत्परता का उदाहरण शनिवार को तहसील मितौली के ग्राम औरंगाबाद में देखने को मिला। मोहल्ला कटरा कुआं निवासी छोटे राठौर नामक गरीब व्यक्ति की दीन-हीन स्थिति की सूचना जैसे ही प्रशासन को मिली, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने तत्काल संज्ञान लेते हुए राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। डीएम के निर्देश पर एसडीएम मितौली मधुसूदन गुप्ता के नेतृत्व में राजस्व टीम (राजस्व निरीक्षक और लेखपाल) मौके पर पहुंची और परिवार को तत्काल राहत सामग्री उपलब्ध कराई। टीम ने 50 किलो गेहूं, 50 किलो चावल के साथ सब्जी, आलू, दाल, नमक, तेल जैसी आवश्यक वस्तुएं परिवार को प्रदान कीं। जानकारी के अनुसार आधार कार्ड न बनने के कारण यह परिवार अब तक सरकारी योजनाओं से वंचित था। इस पर एसडीएम मितौली मधुसूदन गुप्ता ने बताया कि परिवार के आवश्यक दस्तावेज एकत्र कर लिए गए हैं और आधार कार्ड एवं राशनकार्ड बनवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, ताकि परिवार को आगे से सभी योजनाओं का लाभ नियमित रूप से मिल सके। द्ब डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि सरकार की मंशा है कि कोई भी परिवार भूखा या बेसहारा न रहे। जरूरतमंदों को तत्काल सहायता पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## करवाचौथ दीपावली से ततरोई चौराहे पर अई रौनक



ततरोई नैमिषारण्य कैनविज टाइम्स संवाददाता। करवाचौथ दीपावली पर्व से पूर्व ततरोई चोराहा मे बाजारो की रौनक बढ गई है महिलाए त्यौहार की खरीदारी मे व्यस्त है जिसके कारण दुकानो पर भीड देखी जा रही है आपको बताते चले ततरोई चौराहे से आने जाने वाले व्याकि पीतल के करवा बाजारो मे अपनी खास जगह बनाए हुए है ततरोई चौराहा पनाहनगर के व्यापारी के पीतल के करवा का रेट 250 रुपए कम हुआ है वही बाजार मे पूजन सामग्री एंव अन्य खांघ वस्तुत का बढा भी है इसके बावजूद भी ततरोई चौराहे के बाजारो मे रौनक बढी है आपको बताते चले इस पर्व पर सुहागिन महिलाए अपने पति की लम्बी उम्र के लिए निर्जला व्रत रखती है शाम को चांद के दर्शन और पूजा के बाद ही व्रत खोला जाता है महिलाए पूजा के लिए करवा चौथ चूरा और अन्य आवश्यक सामग्री खरीदने के लिए सुबह से ही नैमिषारण्य मे पहुंच रही है महिलाओ की सुरक्षा व्यवस्था हेतु जारी करवाचौथ एक महिलाए के लिए एक ऐसा व्रत है जो कि निर्जला व्रत रख कर शाम को चांद देख कर ही पूजा के बाद व्रत खोलती है यह व्रत केवल महिलाए अपनी पति के लिए लम्बी उम्र के लिए व्रत रखती है

## करवा चौथ पर सुहागिनों ने किया निर्जला व्रत, पति की दीर्घायु की कामना की करवा चौथ की शुभकामनाएं

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पति-पत्नी के असीम प्रेम का पावन पर्व करवा चौथ का त्यौहार के त्यौहार का अपना विशेष महत्व है।इस त्यौहार में सुहागिन महिलाएं अपने पति की लम्बी उम्र एवं सुख -समृद्धि के लिए निर्जला व्रत करती है एवं चंद्रमा के अर्ध के बादअपने पति को चलनी में देखकर ब्रत का परायण करती है। प्रसिद्ध कथा के अनुसार इस व्रत का पूर्ण पालन करके वीरमती ने अपने पति को यमराज के यहां से वापस जिंदा एवं स्वस्थ कराया था। नगर की अनेकों सुहागिनों ने यह व्रत करके अपने अनुभव साझा किए। प्रसिद्ध व्यवसाई एवं आर जे जे स्कूल बेहट बीरम के प्रबंधक कुलदीप जायसवाल की पत्नी पूनम जायसवाल , मीडिया जगत से रवि जायसवाल की पत्नी , गीता जायसवाल अध्यापक अवधेश जायसवाल की पत्नी सुषमा जायसवाल,आदि ने करवा के महत्व को मीडिया से साझा किया।

## नहीं खुला राज, क्यों नहर में छलांग लगा गईं फुफ़ेरी बहनें

लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ढखेरवा में शारदा नहर के पुराने पुल पर आपस में गले मिलकर आपस की फुफ़ेरी बहनें नहर में छलांग क्यों लगा गईं, यह अभी तक राज है। इस विषय पर इलाके में विभिन्न चर्चाएं हो रही हैं, लेकिन दोनों के परिवारीजन कुछ बताने के बजाय चुप्पी साधे हुए हैं। 48 घंटे तक चली तलाश के बाद भी दोनों के शव नहर से बरामद नहीं हो सके हैं। गुरुवार की दोपहर ढखेरवा चौराहे पर एक विस्मित करने वाली घटना सामने आई, जब आपस की दो फुफ़ेरी बहनें पुल पर पहुंचीं। वह पहले आपस में गले मिलीं फिर एक दूसरे का हाथ पकड़ कर एक साथ नहर में छलांग लगा दी और डूबकर गहरे पानी में लापता हो गईं। इस तरह बहनों का एक साथ शारदा नहर में छलांग लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करना चर्चा का विषय बना हुआ है। सिंगाही थाना क्षेत्र के गांव बथुआ टांडा निवासी रत्तीराम गौतम की 16 वर्षीय पुत्री सोनिका तीन दिन पहले पढ़ुआ थाना क्षेत्र के गांव चंदैयापुर अपने ननिहाल आई थी। वहां रामस्वरूप गौतम की 17 वर्षीय पुत्री पंछी से उसका काफी लगाव था। गुरुवार की सुबह दोनों घर पर किसी को सूचना दिए बगैर लापता हुईं। दोनों फुफ़ेरी बहनें दोपहर करीब 12 बजे ढखेरवा चौराहा पहुंचीं और शारदा नहर के पास एक दुकान पर पान मसाला की पुड़िया खरीदकर खाई। कुछ देर बाद आपस में बातें करती हुई पुराने पुल पर पहुंच गईं, आपस में गले मिलीं, एक दूसरे का हाथ पकड़ा और एक साथ नहर में छलांग लगा दी। लोग जबतक कुछ समझते, दोनों पानी के तेज बहाव में डूब कर लापता हो गईं। घटना के दूसरे दिन भी गोताखोरों और पीएसी बल के जवानों ने नहर में सघन तलाश की, लेकिन कोई परिणाम नहीं मिला। थाना प्रभारी विवेक कुमार उपाध्याय ने बताया कि लड़कियों ने एक साथ नहर में छलांग लगाकर आत्महत्या क्यों कर ली, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। शवों की तलाश नहर में कराई जा रही है।

# थाना समाधान दिवस : कोतवाली सदर में डीएम-एसपी ने सुनी समस्याएं, दिए निस्तारण के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी । जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने थाना कोतवाली सदर में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचे, जहां उन्होंने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी। समाधान दिवस में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि राजस्व-पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराए। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम, तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें।

डीएम-एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह, सीओ सिटी विवेक तिवारी, प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह सहित राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# किसानों ने सुना पीएम का उदबोधन, देखा पीएम धन-धान्य योजना का शुभारंभ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी । देश के किसानों के लिए शनिवार का दिन ऐतिहासिक रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधान मंत्री धन-धान्य कृषि योजनाङ्क के शुभारंभ के साथ किसानों को 42 हजार करोड़ रुपये की सौगात दी। इस अवसर पर मंझरा स्थित भा.कृ.अनु.प.ऽकृषि विज्ञान केन्द्र-ऋ (भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ) में कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। जिले के 338 किसानों ने केंद्र के सभागार कक्ष और व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से कार्यक्रम में सहभागिता की। यह योजना 11 मंत्रालयों की 36 केंद्रीय योजनाओं का एकीकरण है। प्रधानमंत्री ने इस दौरान दलहन आत्मनिर्भरता मिशन की शुरुआत के साथ कृषि अवसंरचना कोष, पशुपालन, मत्स्य पालन व खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की 1100 से अधिक परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ के निदेशक डॉ. दिनेश सिंह के मार्गदर्शन में किया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र-ऋ के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार सिंह ने सभी कृषकों का स्वागत किया और उन्हें मौसम के अनुरूप फसलों एवं पशुओं की देखभाल के लिए उपयोगी सुझाव दिए। उन्होंने खुरपका-मुंहपका और गलाघोंटू रोगों से बचाव हेतु समय पर टीकाकरण कराने की अपील की। उद्यान विशेषज्ञ आर्य देश दीपक मिश्रा ने फलों, फूलों और सब्जियों की वैज्ञानिक खेती पर विस्तार से जानकारी दी, जबकि पादप संरक्षण विशेषज्ञ डॉ. विवेक कुमार पांडेय ने कीटनाशकों और रोगनाशकों के सुरक्षित एवं प्रभावी प्रयोग पर विस्तृत व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में प्रगतिशील किसान महेंद्र यादव (देवकली) और अरविंद सिंह (निघासन) ने अपने अनुभव साझा किए। इस मौके पर किसानों को चारा उत्पादन हेतु 150 कृषकों में जई के बीजों का निःशुल्क वितरण किया गया। प्रक्षेत्र प्रबंधक संजीव कुमार सिंह ने किसानों को प्रक्षेत्र भ्रमण कराया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शुभम गुप्ता, अमरेन्द्र प्रताप सिंह और अनूप शर्मा का विशेष योगदान रहा। अंत में केंद्र प्रमुख ने सभी कृषक बंधुओं को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

# स्वदेशी की थीम पर स्वदेशी मेले का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**मेले के दूसरे दिन विनोद अग्रवाल, महापौर नगर निगम मुरादाबाद मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे एवं मेले में लगे हुये विभिन्न विभागीय स्टॉलों का भ्रमण कर स्थानीय उत्पादों की जानकारी प्राप्त की**

मुरादाबाद। उ.प्र. इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 की सफलता से प्रेरित होकर मा. मुख्यमंत्री की अपेक्षानुसार एवं उद्योग निदेशालय/शासन के निर्देशानुसार हर घर स्वदेशी की थीम पर दिनांक 09 अक्टूबर 2025 से 18 अक्टूबर 2025 तक पंचायत भवन में स्वदेशी मेले का आयोजन किया जा रहा है। स्वदेशी मेले के दूसरे दिन विनोद अग्रवाल, महापौर नगर निगम मुरादाबाद मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे एवं मेले में लगे हुये विभिन्न विभागीय स्टॉलों का भ्रमण करके स्थानीय उत्पादों की जानकारी प्राप्त की। मेले में विभिन्न उद्यमियों द्वारा अपने उत्पादों के स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें हस्तशिल्प, गृह उद्योग, खाद्य उत्पाद, वस्त्र निर्माण आदि से जुडें उत्पाद विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। साथ ही मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, बैंकिंग संस्थानों एवं विभिन्न सरकारी विभागों के जागरूकता स्टॉल भी लगाए गए, जहाँ लोगों को योजनाओं की जानकारी प्रदान की जा रही है। एमएसएमई के स्टॉल लगाये गये जिसमें श्री रंजीत सिंह ने सीएम युवा योजना के अन्तर्गत ऋण प्राप्त कर अपना व्यवसाय शुरू किया तथा अपना स्टॉल स्वदेशी मेला प्रदर्शनी में लगाया है, जिसमें उनके द्वारा स्टॉल पर कस्टोमाइज्ड प्रिन्टिंग सेवाएं प्रदर्शित की गयी हैं जिनमें टी शर्ट, मग, बोटल इत्यादि आकर्षक उत्पाद शामिल हैं, खरीदार अपना फोटो और नाम अपने हिसाब से डिजाइन करा सकते हैं तथा लेजर मशीन द्वारा किसी भी आईटम पर चाहें वह लकड़ी हो, मैटल हो या ग्लास हो उस पर अपना डिजाइन प्रिन्ट करा सकते हैं, जोकि बहुत ही किफायती दामों पर स्वदेशी मेले में उपलब्ध हैं।

स्वाती गुप्ता द्वारा मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत ऋण प्राप्त कर फोटो फ्रेम का कार्य शुरू किया गया तथा इनका स्टॉल भी लोगों के आकर्षण का केन्द्र रहा, जहां उन्होंने रेजिन आर्ट फ्रेम्स की खूबसूरत रेंज प्रस्तुत की और अपने कला कौशल से कई दर्शकों का दिल जीता जो युवाओं में आत्मनिर्भरता की प्रेरणा का उत्कृष्ट उदाहरण है।श्रीमती नाजमीन तबस्सुम का स्टॉल स्वदेशी मेले में आकर्षण का केन्द्र रहा, जिसमें उन्होंने बताया कि उन्होंने सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अन्तर्गत ऋण प्राप्त किया तथा अपना व्यवसाय शुरू किया , जिसमें इन्होंने हस्तनिर्मित लैदर शूज प्रदर्शित किये, यह न केवल अपने उत्पाद स्वयं तैयार करते हैं, बल्कि उच्च गुणवत्ता वाले डिजाइन किये गये उत्पादों का निर्यात भी करेंगे, इनके स्टॉल पर खरीदारों ने विशेष रूचि दिखाई। मौहम्मद अजहर ने भी इसी योजना के अन्तर्गत ऋण प्राप्त किया और अपना स्टॉल स्वदेशी मेले में लगाया जिसमें उन्होंने अपने अनोखे पीतल के हस्तशिल्प उत्पादों और सजावटी घेरलू वस्तुओं का प्रदर्शन किया। अपने हाथों की बारीकी और डिजाइन की विविधता से पारंपरिक कला को आधुनिक रूप में प्रस्तुत किया, जिसके फलस्वरूप उनके स्टॉल पर खरीदारों ने विशेष रूचि दिखाई।

रिंकू सिंह ने सीएमयुवा स्कीम में प्रातविक फूड एण्ड एग्रो में अपना मस्टर्ड ऑयल का स्टॉल लगाया है, उन्होंने विभिन तरीके के मस्टर्ड ऑयल तैयार किये हैं जिसमें पीली सरसों तथा काली सरसों का अलग-अलग तरीके का देशी प्रक्रिया (लकड़ी की चाप) से मस्टर्ड ऑयल तैयार किया है। आजम मै. मैक्सट्रोन हैण्डीक्राफ्ट द्वारा अपना स्टॉल स्वदेशी मेले में लगाया है जिसमें हस्त निर्मित ब्रास एवं आयरन के दीपावली के पर्व पर सजावटी सामानों की बिक्री के लिये पूजा के आइटम एवं सजावटी सामान के प्रति दर्शकों द्वारा विशेष रूचि दिखाई गयी है।श्री महिपाल सिंह द्वारा स्वदेशी मेले में फूड प्रोसेसिंग का स्टॉल लगाया, जिन्होंने अपनी शुद्ध और प्राकृतिक शहद का आकर्षक स्टॉल लगाया, इस अवसर पर बड़ी संख्या में आगन्तुक स्टॉल पर पहुंचे और वाईएमके गोल्डन के शुद्ध जैविक और बिना मिलावट वाले शहर की गुणवत्ता की सराहना की। संयुक्त आयुक्त उद्योग श्री योगेश कुमार ने बताया कि इस स्वदेशी मेले के माध्यम से यह साबित हो गया है कि उ0प्र0 में भी विश्वस्तरीय शुद्ध और गुणवत्तायुक्त शहद का उत्पादन सम्भव है और स्वदेशी मेले में आये उपभोक्ताओं ने वाईएमके गोल्डन के उत्पादों में गहरी रूचि दिखाई और कई ने थोक में खरीददारी के लिये सम्पर्क भी किया। मैसर्स अतबी होम, मुरादाबाद ने अपने होम डेकोर तथा फर्नीचर के उत्पादों की एक बेहद आकर्षक और नवोन्मेषी स्टॉल लगाया। मेले में बड़ी संख्या में आगन्तुकों ने हिस्सा लिया और कम्पनी के हस्तनिर्मित व आधुनिक डिजाइन वाले सजावटी उत्पादों की खरीददारी की जिसमें दीवार सजावट, कलेंडर होल्डर, आर्ट पीस, आकर्षक कुर्सी और फर्नेसिंग आइटम्स शामिल हैं, इन सभी उत्पादों में पारम्परिक भारतीय कारीगरी और समकालीन डिजाइन का सुन्दर तालमेल देखने को मिल रहा है। यह स्वदेशी मेला अतबी होम्स के लिए न केवल ब्राण्ड प्रमोशन का मंच रहा बल्कि उपभोक्ताओं से सीधा सम्वाद स्थापित करने और उनके सुझावों को समझने का भी सशक्त माध्यम बना।श्री मेहराज मै. एमएफ कलैक्शन्स ने अपने स्टॉल पर आकर्षक होम डेकोर आइटम्स, पारंपरिक दीये, खूबसूरत टेबिल लैम्प एवं हैंगिंक लैम्स प्रदर्शित किये। स्टॉल पर मेले में एक सौन्दर्यपूर्ण वातावरण तैयार किया गया और काफी प्रशंसा बटोरी।श्री वसीम मै. गंगा हैण्डीक्राफ्ट ने स्वदेशी मेले में लगे अपने स्टॉल पर ब्रास के कैण्डल स्टैण्ड तथा कांसे के बर्तनों की मन मोहक श्रृंखला प्रदर्शित की, उनके उत्पादों की पारम्परिक शिल्प कला और उत्कृष्ट फिनिशिंग ने आगन्तुकों का दिल जीत लिया।

श्री भरत मै. मंदारा होम्स का स्टॉल अपने भव्य होम डेकोर उत्पादों के कारण विशेष चर्चा में रहा, उन्होंने मैटल से बने झूमर, मैटल स्कल्प्चर्स और अन्य सजावटी वस्तुयें प्रदर्शित की, जो पारम्परिक कला और आधुनिक डिजाइन का सुन्दर संगम थीं, उनके संग्रह ने इस मेले के आगन्तुकों को अत्यन्त प्रभावित किया।

# निराश्रित गोवंश संरक्षण को लेकर पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल। पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने अपर निदेशक पशुपालन मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद डॉ जगदीश प्रसाद एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी संभल डॉ शैलेंद्र सिंह तथा जनपद संभल के समस्त उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारियों एवम पशु चिकित्साधिकारियों की बैठक आहूत की माननीय मंत्री ने निर्देशित किया की जिस प्रकार जनपद संभल निराश्रित गोवंश संरक्षण में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पर है उसी के अनुरूप विशेष प्रयास की आवश्यकता है जिससे कि जनपद संभल की समस्त गौशालाओं पर हरा चारा प्रतिदिन नियमित रूप से उपलब्ध होता रहे इस हेतु उन्होंने निर्देशित किया की 10 ग्रामों को जोड़कर ऐसा पूल बनाया जाए जो की गौशाला को दो दिन का हरा चारा उपलब्ध करा सके माननीय मंत्री महोदय ने निर्देशित किया की गो आधारित उत्पादों का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाए एवं गाय के गोबर का महत्व जनमानस तक पहुंचाया जाए जिससे खेती में अभूत पूर्व सुधार हो सके मंत्री ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने क्षेत्र की समस्त गौशालाओं का नियमित निरीक्षण करते रहें और गौशालाओं में सुचारू भरण पोषण की एवं साफ सफाई की व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ की जा सके। मंत्री ने नस्ल सुधार हेतु कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम को और विस्तारित करते हुए जनमानस के द्वार तक पहुंचने की अपेक्षा की उन्होंने साहीवाल गंगातीरी हरियाणा आदि देसी नस्लों से कृत्रिम गर्भाधान किया जाए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने अवगत कराया की जनपद संभल गोवंश संरक्षण में संपूर्ण उत्तर प्रदेश में प्रथम पांच जनपदों में शामिल है इसके अतिरिक्त जनपद संभल में छह वृहद गौशालाएं स्थापित की गई हैं माननीय मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के अंतर्गत 2830 गोवंशों को आम जनता को पालने हेतु सुपुर्द किया गया है और उनके खाते में 1500 प्रति माह प्रति गोवंश डीबीटी के माध्यम से भेजे जा रहे हैं माह अक्टूबर में जनपद संभल के आठ विकास खण्डो में पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेलों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें पशुओं के चिकित्सा बधियाकरण लघु शल्य क्रिया कृत्रिम गर्भाधान कृमिनाशक दवा पान कराया जाएगा।

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी महोदय ने बताया की स्वरोजगार मैत्री योजना के अंतर्गत186 मैत्री पशुपालन विभाग द्वारा जनपद संभल में बनाए गए हैं इसके अतिरिक्त 250 वैक्सीनेटर जनपद संभल में टीकाकरण का कार्य संपन्न कर रहे हैं अंत में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अधिकारी महोदय ने मंत्री जी को विश्वास दिलाया कि उनके मार्गदर्शन में मंत्री जी के द्वारा दिए गए समस्त निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना के अन्तर्गत जनपद संभल पुनः प्रदेश में प्रथम स्थान पर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओ में माह सितंबर 2025 में विकास से सम्बन्धित मा. मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की जारी रिपोर्ट में जनपद संभल ने जिलाधिकारी महोदय एवं मुख्य विकास अधिकारी महोदय के कुशल निर्देशन में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जनपद संभल का मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला जोजना में माह अगस्त 2024 में प्रदेश मे द्वितीय, माह सिंतबर 2024 में तृतीय, माह अक्टूबर 2024 में प्रथम, माह नवम्बर 2024 में द्वितीय, माह दिसम्बर 2024 में प्रथम, माह जनवरी 2025 में प्रथम, माह फरबरी 2025 में प्रथम, माह मार्च 2025 में द्वितीय, माह अप्रैल 2025 में प्रथम, माह मई 2025 में प्रथम, माह जून 2025 में प्रथम, माह जुलाई 2025 में प्रथम, माह अगस्त 2025 में प्रथम , सितंबर 2025 में भी पहला स्थान रहा हैं, इसी प्रकार निराश्रित महिला पेंशन योजना के अंतर्गत जनपद ने माह मार्च 2025 में प्रदेश में प्रथम, माह अप्रैल 2025 में प्रथम, माह मई 2025 में प्रथम, माह जून 2025 में प्रथम, जुलाई 2025 में प्रथम ,अगस्त 2025 मैं प्रथम एवं सितंबर 2025 में भी पहला स्थान/रैंक प्राप्त किया हैं। जिलाधकारी ने योजना के क्रियान्वयन से जुड़े समस्त अधिकारियों, समस्त उपजिलाधिकारियो, समस्त खण्ड विकास अधिकारियो एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना के अन्तर्गत सभी पात्र बालिकाओ/महिलाओं का आवेदन कराते हुए, प्राप्त आवेदन पत्रों पर अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के अन्दर नियमानुसार उसका स्थलीय सत्यापन कर निस्तारण करें, जिससे पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ समय से मिल सके।

# जिले में निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुरादाबाद। जिलाधिकारी अनुज सिंह और मुख्य विकास अधिकारी से मृणाली अविनाश जोशी की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में निर्माणाधीन विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद में संचालित गौशालाओं में शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। डॉक्टर नियमित तौर पर गौशालाओं का भ्रमण करें साथ ही गौशाला में सेवाएं दे रहे व्यक्तियों को समय से भुगतान भी किया जाए। अटल आवासीय विद्यालय में आवासित बच्चों की सुविधा और सुरक्षा के दृष्टिगत पूर्व में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान मिली कमियों के संबंध में जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था को स्पष्ट तौर पर निर्देशित किया कि वे विद्यालय परिसर में चिन्हित कर्मियों को तत्काल दुरुस्त कराना सुनिश्चित करें साथ ही परिसर में खेल का मैदान यथाशीघ्र तैयार हो जाना चाहिए ताकि वहां आवासित बच्चों को खेल से जुड़ी गतिविधियों में शामिल होने का अवसर मिल सके।कार्यदाई संस्था यूपीसीएलडीएफ द्वारा कराए जा रहे राजकीय प्रक्षेत्र रौंडा और राजकीय प्रक्षेत्र पंडितपुर के सुदृढ़ीकरण कार्य में धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए कार्य में तेजी लाने के लिए निर्देशित किया। ठाकुरद्वारा स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में एकेडमिक ब्लॉक एवं बालिका छात्रावास की धीमी प्रगति पर भी जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता (ग्रामीण अभियंत्रण सेवा) को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए इसके साथ ही गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र मुरादाबाद के निर्माण कार्य की धीमी प्रगति के कारणों के बारे में भी जिलाधिकारी ने राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड के अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की तथा कहा कि कमियों को दुरुस्त करते हुए कार्य में तेजी लाएं।

# समाजावादी पार्टी की जनपद स्तरीय बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल। आज जिला सभल समाजवादी पार्टी की बैठक जिलाधिकारी कार्यालय के पास कैंप कार्यालय समाजवादी पार्टी बहजोई पर संपन्न हुई बैठक में जिला अध्यक्ष जिला महासचिव एवं सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने समाजवादी नेता लोकनायक जय प्रकाश नारायण जी के चित्र पर माला अर्पण कर उन्हें याद किया गया बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष असगर अली असारी ने कहा समाजबादी नेता स्वतंत्रता सेनानी राजनेता लोकनायक जयप्रकाश जी 1970 में उन्होंने आपातकाल में विपक्ष का नेतृत्व किया उन्होंने संपूर्ण क्रांति आंदोलन चलाया उन्होंने सरकार के खिलाफ लगातार संघर्ष किया वह देश में समाजवाद की स्थापना करना चाहते थे आज लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की जयंती पर संकल्प लेकर समाजवादी कार्यकर्ताओं को माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी के नेतृत्व में संघर्ष कर देश-प्रदेश की भाजपा सरकार को हटा कर देश प्रदेश में समाजवादी सरकार लाने का काम करना चाहिए जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शखधार ने कहा समाजवादी नेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी का संघर्ष हमेशा वंचित दलित अल्पसंख्यक गरीबों कमजोर लोगों के साथ रहा उन्होंने समय-समय पर देश और जनता के लिए आंदोलन किये बैठक में विधानसभा अध्यक्ष उमेश यादव जिला उपाध्यक्ष शोभित कुमार काका जिला सचिव निसार अहमद नगर अध्यक्ष सदाम कुरेशी जिला अध्यक्ष प्रबुद्ध सभा कमल शर्मा जिला उपाध्यक्ष लोहिया वाहिनी मनोज शर्मा नगर अध्यक्ष व्यापार सभा चेतन गुप्ता आसिफ इकवाल पतीक नानू रवि शखधार शिवम यादव बबन मौय तसलीम अश वरनवाल सौरय शमा हाजी तसदुक सिरसी नेताजी लाइक सिह यादव अकिल आदि उपस्थित रहे बैठक की अध्यक्षता असगर अली अंसारी एवं संचालन कृष्ण मुरारी शखधार ने किया

## चौकी के चर्चित सिपाही की मिलीभगत से खनन माफिया के हौसले बुलंद

बदायूं। थाना सिविल लाइन क्षेत्र की पुलिस चौकी जवाहरपुरी का चर्चित सिपाही खनन माफियों संरक्षण देने चूक नहीं रहा है। चर्चित सिपाही की मिलीभगत से काले कारनामे और खनन माफिया के हौसले बुलंद हैं। चौकी क्षेत्र के दातागंज रेलवे क्रॉसिंग से गुजरने वाली मिट्टी से लदी ट्रैक्टर ट्रालियां, खुलेआम दौड़ रही। शहर के निकटवर्ती गांव से मिटटी का अवैध खनन का कारोबार हो रहा हैं। जो शहर की कॉलोनी में मिट्टी डाली जा रही है। वैसे तो जनपद में अवैध खनन का काला कारोबार किसी से छिपा नहीं है। तेजतर्रार एसएसपी की सख्ती होने के वाबजूद भी माफिया रात से लेकर सुबह तक चौकी के सिपाही के संरक्षण में जमकर मिट्टी का खनन का कार्य कर रहे है। सिपाही का संरक्षण मिलने के कारण खनन माफियाओं के हौसले इस कदर बुलंद हैं हर रोज सैकड़ों ट्राली मिटटी का खनन कर माफिया से चर्चित सिपाही मोटी कमाई कर रहा हैं।मिटटी का खनन होते समय खनन अधिकारी उनको पकड़ने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा हैं ।

## भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी के शताब्दी वर्ष पर कार्यक्रम आयोजित

संभल। राष्ट्रीय सेवा योजना एस. एम. कॉलेज के तत्वावधान में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी के शताब्दी वर्ष के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन पुस्तकालय भवन, एस. एम. कॉलेज, चंदौसी में किया गया. कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ हेमंत कुमार, कार्यवाहक प्राचार्य,और डॉ ए. के. अस्थाना ने भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई जी के चित्र पर पुष्प अर्चन करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की. विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कार्यवाहक प्राचार्य ने कहा कि श्री वाजपेई जी का व्यक्तित्व उसे अजातशत्रु की तरह था जिसे राजनीति एवं राजनीति के बाहर सभी लोग एक रूप में पसंद किया करते थे. डॉ ए. के. अस्थाना ने श्री अटल बिहारी वाजपेई जी के जीवन के प्रेरक प्रसंग को सुनते हुए उनके भाषण कला के हास्य एवं व्यंगात्मक पक्ष पर प्रकाश डाला. डॉ विशेष कुमार पांडेय ने कार्यक्रम का संचालन किया. इस अवसर पर विद्यार्थियों ने वाजपेई जी के विषय में अपने विचार व्यक्त करते हुए उनकी कविताओं का वाचन भी किया. इस अवसर पर श्री हिमांशु यादव, श्री मनु यादव, श्रीमती शिवांगी सहित महाविद्यालय परिवार की सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## पुलिस लाइन में आयोजित हुई परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक

संभल। जनपद संभल पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की देखरेख में चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की एक मीटिंग सेल प्रभारी डाध रुकम पाल सिंह की देखरेख में पुलिस लाइन मंडी समिति बहजोई में संपन्न हुई जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास काउंसलरो द्वारा किया गया जहां कुल 145 पत्रावली सुनकर 41 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया तो वहीं 13 परिवारों को मिलाया गया तथा 9 पत्रावलियों में विधिक कार्यवाही करने तथा 19 पत्रावली न्यायालय में विचाराधीन होने अथवा आवेदक द्वारा बल न देने के कारण बंद करने की संतुति की गई इस अवसर पर काउंसलर अखिलेश अग्रवाल विधिक परामर्शदाता काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट संगीता भार्गव श्वेता गुप्ता बबीता शर्मा सीमा आर्य कंचन माहेश्वरी कांस्टेबल शहजाद मलिक रश्मि गहलोत ज्योति आदि लोग उपस्थित रहे।

## 'नारी सशक्तिकरण और स्वास्थ्य जागरूकता के लिए 'मिशन शक्ति फ़ेस 5' के तहत आयोजित हुई महा मैराथन

सम्भल: महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने वाले प्रमुख अभियान 'मिशन शक्ति फ़ेस 5' के तहत महिला कल्याण एवं पुलिस विभाग द्वारा एक विशाल मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। यह मैराथन काली मंदिर रोड बहजोई से प्रारंभ होकर जिलाधिकारी कार्यालय के पीछे स्थित बड़ा मैदान तक संपन्न हुई द्य मैराथन को जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने हरी झंडी दिखाकर प्रारम्भ किया द्य मैराथन में वार्ष्णेयइंटर कॉलेज और हीरा देवी तोता राम इंटर कॉलेज की बालिकाओं ने प्रतिभाग किया द्य जिलाधिकारी ने कहा कि इस मैराथन का मुख्य उद्देश्य ''सशक्त नारी, स्वस्थ परिवार'' की अवधारणा को मूर्त रूप देना है। यह आयोजन न केवल शारीरिक स्वास्थ्य और फिटनेस के महत्व को रेखांकित करेगा, बल्कि महिला सशक्तिकरण के प्रति समुदाय में एकजुटता और जागरूकता का संदेश भी मजबूती से पहुंचाएगा। अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा ने कहा कि '''मिशन शक्ति' का यह चरण महिलाओं के समग्र विकास पर केंद्रित है। यह मैराथन एक सकारात्मक और ऊर्जावान मंच प्रदान करेगी, जहाँ समाज के सभी वर्गों के लोग महिलाओं की सुरक्षा और अधिकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखा सकते हैं और साथ ही स्वस्थ जीवन शैली का संकल्प ले सकते हैं।''मैराथन में प्रत्येक श्रेणी में विजेताओं और उपविजेताओं को आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागियों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना से स्मृति चिन्ह (सर्टिफिकेट ऑफ पार्टिसिपेशन) प्रदान किया गया द्यकार्यक्रम में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक, जिला परिवीक्षा अधिकारी, निरीक्षक, उप निरीक्षक, पुलिस कांस्टेबल, कॉलेज के स्टॉप आदि लोग उपस्थित रहें।

## पटाखे की चिंगारी से झोपड़ी में आग, महिला झुलसी

बदायूँ। थाना अलापुर क्षेत्र के ग्राम उपराला में शुक्रवार रात पटाखे की चिंगारी से एक झोपड़ी में भीषण आग लग गई। जिससे पूरा घर जलकर राख हो गया। गृहस्वामी जसवीर सिंह ने बताया कि रात को वे अपने परिवार संग खाना खाकर सोने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान गली में कुछ बच्चे पटाखे चला रहे थे। अचानक एक पटाखे की चिंगारी उनकी झोपड़ी पर आ गिरी, जिसने देखते ही देखते पूरी झोपड़ी को आग की लपटों में घेर लिया। जब उनकी पत्नी ने झोपड़ी में आग लगी देखी। तो घबराकर अंदर बंधी पड़ी गाय भैंस को बचाने के लिए दौड़ीं। इस प्रयास में उनके चेहरे और हाथ बुरी तरह झुलस गए। आग में ओपो मोबाइल फोन, बच्चों की किताबें, दो चारपाइयाँ तथा अन्य घरेलू सामान पूरी तरह जलकर खाक हो गया।

## डीएम एसएसपी द्वारा मेला ककोड़ा का स्थलीय निरीक्षण, दिए दिशा निर्देश

बदायूँ। जिलाधिकारी बदायूँ अवनीश राय व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ डा0 बृजेश कुमार सिंह द्वारा आगामी त्यौहरो के द्रष्टिगत मेला ककोड़ा की तैयारियों के संबंध में गंगा तट पर लगने वाले स्थल का संयुक्त रुप में निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए । मेला ककोड़ा की तैयारी युद्ध स्तर पर कार्य कराकर, पूर्ण कराया जाये तथा मार्गों का निर्माण इस तरीके से कराया जाएगा कि मेले में आने जाने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई समस्या /वाधा उत्पन्न ना हो । मेले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए सीसीटीवी एवं ड्रोन कैमरे लगवाने तथा चलाने की प्रकिया की जायेगी, जिससे अराजकतत्वों पर सतर्क द्रष्टि/निगरानी रखी जा सके तथा मेले में साफ-सफाई एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा । साफ सफाई करने के लिए पंचायत राज अधिकारी को इस संबंध में निर्देशित किया गया। इस दौरान एडीएम अरुण कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर विजयेन्द्र द्विवेदी एवं एसडीएम सदर मोहित कुमार व प्रभारी निरीक्षक कादरचौक उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना का शुभारंभ

बदायूं। प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना का शुभारंभ किया गया जिसका सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केंद्र उझानी पर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आये कृषको के मध्य किया गया। योजनान्तर्गत कृषि ,पशुपालन एवं मत्स्य विभाग की योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक बिल्सी हरीश शाक्य रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथि के द्वारा सरसों मिनीकिट के बीजों का वितरण एवं पशुपालन विभाग के पशु मित्रों को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक मनोज कुमार, जिला कृषि अधिकारी मनोज रावत, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी समदर्शी सरोज, के.वी के वैज्ञानिक सौहार्द दुबे, मत्स्य अधिकारी अमित शुक्ला, एवं कृषि विविधीकरण से विवेक कुमार उपस्थित रहे ।

## विधायक व एसआई समेत 35 के खिलाफ मुकदमा का आदेश

बदायूं। पूर्व विधायक योगेंद्र सागर, उनके बेटे पूर्व विधायक कुशाग्र सागर और एक एसआई विनोद कुमार समेत 35 लोगों के खिलाफ कोर्ट ने इस्लामनगर थाना प्रभारी को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। यह आदेश इस्लामनगर की मंजुल पत्नी शेर सिंह के वाद की सुनवाई के बाद दिया है। इस्लामनगर के गांव सिठौली की रहने वाली मंजुल पत्नी शेर सिंह ने कोर्ट में 29 जून 2025 को वाद दायर किया था। बताया कि पिता-पुत्र पूर्व विधायकों व इस्लामनगर के थाने के एक एसआई के संरक्षण में गांव के 32 लोगों ने उसके नलकूप के स्टार्टर, 50 किलो प्लास्टिक का पाइप, 10 किलो उड़द, खेत में लगी तारकशी, फावड़े, ड्रिल मशीन आदि मारपीट कर लूट ले गए थे। पुलिस ने राजनैतिक दबाव में कार्रवाई नहीं की। एसएसपी से शिकायत की तो मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। इसके बाद कोर्ट का सहारा लिया। कोर्ट ने थाने से इस मामले की आख्या मांगी। आख्या मिलने के बाद में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पुष्पेंद्र चौधरी ने इस्लामनगर थाना प्रभारी को मुकदमा दर्ज कर विवेचना के आदेश दिए हैं। कहा कि परिवादी बयान दर्ज कराने को तीन नवंबर को कोर्ट में पेश हो। आदेश होने के बाद क्षेत्र में हलचल है। इंस्पेक्टर नरेश कुमार सिंह ने बताया कि अभी आदेश नहीं मिल सका है। आदेश मिलने के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# तैयारियां पूर्ण, कड़ी सुरक्षा के बीच आज होगी पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**परीक्षा के सफल आयोजन के लिए 16 विद्यालयों व महाविद्यालयों में 18 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, कुल 6854 अभ्यर्थी दो पालियों में परीक्षा देंग**

बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय ने बताया कि 12 अक्टूबर 2025 रविवार को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य व प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 तथा सहायक वन संरक्षक व क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 को सकुशल रुप से संपन्न कराने के लिए जनपद में सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं।

परीक्षा के सफल आयोजन के लिए 16 विद्यालयों व महाविद्यालयों में 18 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, कुल 6854 अभ्यर्थी दो पालियों में परीक्षा देंगे। 18 सैक्टर व 7 जोन बनाए गए हैं। सुरक्षा के कड़े व पुख्ता इंतज़ाम किए गए हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा दो पालियों में सम्पन्न होगी, प्रथम पाली प्रातः 09:30 बजे से 11:30 बजे तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 02:30 बजे से 04:30 बजे तक होगी। परीक्षा के सफल संचालन हेतु सभी 18 परीक्षा केन्द्रों पर एक-एक केन्द्र व्यवस्थापक की तैनाती की है, साथ ही प्रत्येक केन्द्र के लिए एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट बनाए गए हैं। सभी में सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था कराई जा रही है साथ ही पुरुष व महिला अभ्यर्थियों की तलाशी के लिए अलग-अलग चैंबर बनाए जाएंगे तथा अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक के साथ-साथ आयरिश स्कैनिंग भी होगी।उन्होंने बताया कि जनपद में गिन्दो देवी महिला महाविद्यालय, हाफ़िज़ सिद्दीकी इस्लामिया इंटर कॉलेज, केदार नाथ महिला इंटर कॉलेज, एन.एम.एस.एन दास पी.जी. कॉलेज ब्लॉक ए, नगर पालिका कन्या इंटर कॉलेज, राजाराम महिला इंटर कॉलेज, पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज, पी.एम. श्री राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, राजकीय महाविद्यालय, श्री कृष्णा इंटर कॉलेज ब्लॉक ए, श्री कृष्णा इंटर कॉलेज ब्लॉक बी, सिग्लर गर्ल्स इंटरमीडिएट कॉलेज, महात्मा गांधी पालिका इंटर कॉलेज, एन.एम.एस.एन दास पी.जी. कॉलेज ब्लॉक बी, एन. ए. इंटर कॉलेज, प्रमोद इंटर कॉलेज, राधे लाल इंटर कॉलेज, संतोष कुमार मेमोरियल इंटर कॉलेज को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। उन्होंने बताया कि परीक्षा को सकुशल रूप से कराने के लिए 18 सैक्टर व 7 जोन बनाए गए हैं, सभी पर एक-एक मजिस्ट्रेट को नामित किया है। परीक्षा केन्द्र संतोष कुमार मेमोरियल इंटर कॉलेज में 326 अभ्यर्थी शेष 17 परीक्षा केन्द्रों पर 384 कुल 6854 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

## बदले की भावना से कर्रवाई बंद करें प्रदेश सरकार: वर्क

अनूपशहर। लोकसभा क्षेत्र संभल के सांसद जियाउरहमान वर्क ने केंद्र तथा प्रदेश सरकार पर बदले की भावना से धर्म जातिगत कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए इस प्रकार की कार्रवाइयों को रोकने की मांग की। शनिवार को नगर में एक प्रतिष्ठान का उद्घाटन करने आए संभल सांसद जियाउर्रहमान वर्क ने समाजवादी पार्टी के नेता शेख रईस अहमद के आवास पर पत्रकार वार्ता में कहा कि केंद्र तथा प्रदेश की सरकार जाति धर्म के नाम पर बदले की भावना से कार्रवाई कर रही है। यह उचित नहीं है। हमारा संविधान राजनीतिगत बदले की भावना से कार्रवाई की अनुमति नहीं देता है। सरकार के लोगों को संभल तथा बरेली जैसे नगरों में बुलडोजर चलाकर लोगों का आर्थिक नुकसान किया जाना पूरी तरह न्याय विरुद्ध है। प्रदेश में राजनीतिक लोगों की विरुद्ध विभिन्न स्थानों पर गंभीर आरोप लगाकर मुकदमे दर्ज किए गए हैं। पुलिस को ईमानदारी के साथ जांच कर एफआर लगानी चाहिए। पुलिस को सरकार के दबाव में कार्य नहीं करना चाहिए। गलत और सही देखने का कार्य न्यायपालिका का है। सरकार को सरकार में शामिल लोगों के खिलाफ भी गलत कार्य की जांच कराकर कार्रवाई करानी चाहिए।

# 69वीं जनपदीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**समापन समारोह के मुख्य अतिथि गन्ना सोसाइटी के जिला चेयरमैन ठाकुर रामवीर सिंह , भाजपा जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश वाष्णेय, भाजपा नेता अजय पाराशरी व डीआईओएस लाल जी यादव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया**

बदायूँ। मदन लाल इंटर कालेज बिसौली के खेल मैदान पर तीन दिन से चल रही 69 वीं जनपदीय माध्यमिक विद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आज सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हुआ। जिले भर से आए 500 से अधिक खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का जलवा बिखेरा।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि गन्ना सोसाइटी के जिला चेयरमैन ठाकुर रामवीर सिंह , भाजपा जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश वाष्णेय, भाजपा नेता अजय पाराशरी व डीआईओएस लाल जी यादव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।मुख्य अतिथि रामवीर सिंह ने कहा खिलाड़ी शिक्षा के साथ साथ खेल के क्षेत्र में जनपद का मण्डल ओर प्रदेश में जीतकर नाम रोशन करें।भाजपा जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश वार्ष्णेय ने कहा खिलाड़ी अनुशासन में रहकर मंडलीय प्रतियोगिता में जनपद का नाम रोशन करें। मदन लाल इंटर कालेज बिसौली के संगीत शिक्षक सेवा निवृत्त सैनिक फौजी अफजाल खान और भावना रानी के निर्देशन में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। संयोजक प्रधानाचार्य करतार सिंह व सह संयोजक प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा,डॉ अमलेश गुप्ता ने आगंतुक प्रधानाचार्य, शिक्षक व खिलाड़ियों के प्रति आभार जताया।इस दौरान त्रिवेणी सहाय इंटर कालेज आसफपुर के प्रबंधक अनिल कुमार पाठक राम शरण वैध इंटर कालेज मई के प्रबन्धक अखिलेश पाराशरी प्रधानाचार्य आलोक पाठक जी प्रधानाचार्य,राजेन्द्र सिंह,डॉ घनश्याम दास,रतींद्र कुमार पूर्व प्रधानाचार्य राकेश कुमार शर्मा, अतुल गुप्ता,रश्मि गुप्ता,राजीव शर्मा नवल किशोर शर्मा, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष देशराज सिंह यादव, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, संदीप भारती, प्रधानाचार्य अब्दुल शकूर साहब रजनीश पटेल योगेंद दीक्षित,सुजीत कुमार,राजेश कुमार,क्रीडा सचिव अजय पटेल अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी रामदास सिंह यादव,ईश दत्त यादव,सुधाकर शर्मा,नीरज चौहान,महावीर प्रसाद,विपलव भारती, उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व उद्धबोधन जिला क्रीड़ा सह सचिव ओमवीर यादव ने किया।मदन लाल इंटर कालेज बिसौली ओवर आल चैम्पियन सीनियर बालक वर्ग में 187 अंक प्राप्त कर मदन लाल इंटर कालेज बिसौली ओवर आल चैम्पियन व 97 अंक प्राप्त कर श्रीकृष्ण इंटर कालेज बदायूँ उप विजेता रहा।

# ब्लाक प्रमुख के आवास से निकली कलश यात्रा में उमड़ा श्रद्धा और आस्था का सैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी । ब्लाक प्रमुख तिलोई के आवास पर श्रीमद भागवत कथा प्रारम्भ होने से पूर्व शनिवार को गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। ब्लाक प्रमुख दम्पत्ति के साथ पांच हजार एक महिलाएं अपने हाथ में कलश लेकर पदयात्रा करते हुये राम जानकी मंदिर पहुंची जहां पर कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन कराया। कलश यात्रा में भगवामय रथ के साथ ही आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र बिंदु बनी रही। ब्लाक प्रमुख तिलोई कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह के आवास पर ग्यारह अक्टूबर से होने वाली श्रीमद भागवत कथा प्रारम्भ होने से पूर्व गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें यजमान की साथ गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह ने हजारों भक्तगणों के साथ करीब ढाई किलोमीटर लम्बी कलश यात्रा पैदल तय की। कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज भगवामय रथ पर सवार होकर भक्तों को आशीर्वाद प्रदान करते रहे उनके साथ तिलोई रियासत के युवराज कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह, अखण्ड प्रताप सिंह भी रहे।कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज की अगुवाई में निकली कलश यात्रा में यजमान अर्चना सिंह कृष्ण कुमार सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन किया। भक्तिमय गीतों पर भक्तों ने खूब धमाल मचाते हुये राम जानकी मंदिर जमुरवां स्थित प्राचीनतम सगरा में जल लेकर पुनः कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे।इस मौके पर गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह, सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी, कर्ण कुमार बाजपेई,हिमांशु सिंह, अर्जिता सिंह, अपूर्वा सिंह, शिवी सिंह, अर्चना शुक्ला,गरिमा सिंह, अंकिता सिंह, ज्योति सिंह,आशीष मिश्रा, ज्ञानेंद्र सिंह, धीरु सिंह, नटराज सिंह राठौर सहित अन्य तमाम ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्यगण सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

### गौरीगंज के विधायक और राज्यमंत्री के सुपुत्र के साथ ही हजारों महिलाएं हुई शामिल

# प्राथमिक विद्यालय सकतपुर में सवा नौ बजे तक लटकता रहा ताला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । विकास क्षेत्र सिंहपुर के प्राथमिक विद्यालय सकतपुर में शनिवार को सवा नौ बजे तक ताला लटकता रहा और कई दर्जन बच्चे शिक्षकों का इंतजार करते रहे लेकिन देर से विद्यालय पहुंचने के आदी शिक्षक सवा नौ बजे तक स्कूल नही पहुंच सके। अभिवावकों ने पूरे घटनाक्रम से बीएसए को अवगत कराते हुये विभागीय कार्यवाही किये जाने की मांग की है। प्राथमिक विद्यालय सकतपुर में इन दिनों एक शिक्षक एक शिक्षिका के साथ ही दो शिक्षा मित्रो की तैनाती भले ही की गई है लेकिन ग्रामीणों की मानें तो यहां पर तैनात कर्मचारियों की लेट लतीफी आम बात हो गई है। प्राथमिक विद्यालय सकतपुर में शिक्षारत बच्चे जब शनिवार को विद्यालय पहुंचे तो विद्यालय के मुख्य द्वार पर ताला लटकता पाया तो उन्हें लगा कि आवाज अवकाश है इतने में उधर से एक अभिभावक गुजर रहा था जिसने इस मामले का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पूरे मामले से अवगत कराया। बताया जाता है कि इस विद्यालय के प्रधानाध्यापक की जिम्मेदारी निर्देश पाल संभाल रहे हैं जबकि अंजली सहायक अध्यापिका और दो शिक्षा मित्र हैं। यह विद्यालय नियमित देर से खुलता और जल्दी बंद होता है। इस सम्बंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में आया है जांच टीम गठित की गई है जांचोपरांत विभागीय कार्यवाही की जायेगी।

# लूट की योजना बना रहे तीन अंतर्जनपदीय बदमाश गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### पीपरपुर पुलिस ने चोरी की दो बाइकों के साथ तमंचा किया बरामद

अमेठी । थाना पीपरपुर पुलिस ने लूट चोरी की योजना बना रहे अन्तर्जनदीय तीन शातिर लुटेरे चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जबकि एक बदमाश अंधेरे का फायदा उठा कर भागने में सफल रहा जिनके कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिल,एक तमंचा,एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना पीपरपुर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर दो मोटरसाइकिलों के साथ लूट की योजना बने रहे तीन शातिर बदमाश सोनू उर्फ रितेश,सुनील पुत्रगण स्वर्गीय राम सिंह निवासीगण ग्राम उमरा गिरिया थाना खखरेरू जनपद फतेहपुर व साहिल पुत्र राम आनन्द निवासी गोडे चवर थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया तथा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गया। पुलिस ने सोनू उर्फ रितेश पाल के कब्जे से एक तमंचा एक जिंदा कारतूस बरामद किया। मोटरसाइकिल पल्सर नंबर यूपी 65 ई डी 2520 व मोटरसाइकिल स्प्लेन्डर प्रो नंबर यूपी 70 एफ आर 0335 के कागज मांगने पर दिखा नही सके। इन मोटर साइकिलों के संबंध में बताया कि पल्सर मोटरसाइकिल को थाना क्षेत्र थरियांव जनपद फतेहपुर से एक महीने पहले व स्प्लेन्डर प्रो0 मोटरसाइकिल को कुण्डेश्वर धाम थानाक्षेत्र खागा से करीब दो तीन महीने पहले चुराया था। पकड़े जाने के डर से नंबर प्लेट बदलकर मोटरसाइकिल से लूट चोरी करते हैं। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में पकड़े गये बदमाशों ने बताया कि भागने वाले का नाम सत्यम पुत्र जय प्रकाश निवासी गोडे चवर थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ है। वह सभी मिलकर आसपास के जनपदों में योजना बनाकर लूट चोरी की घटना को अंजाम देते हैं। आज भी त्यौहार के दृष्टिगत वह सभी लूट चोरी की घटना को अंजाम देने के लिये योजना बना रहे थे। थाना प्रभारी राम राज कुशवाहा ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार बदमाश शातिर लुटेरे चोर हैं जिनके विरुद्ध पूर्व में जनपद प्रयागराज व कौशाम्बी के विभिन्न थानों पर लूट, चोरी, हत्या का प्रयास, गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि धाराओं में सत्रह अभियोग पंजीकृत है।उन्होंने बताया कि इन सभी लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

# जन्म और मृत्यु संसार रुपी सागर के दो छोर हैं : आचार्य शान्तनु जी महाराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



### श्रीमद भागवत कथा के प्रथम दिन राज्यमंत्री और विधायक ने कथा व्यास से आशीर्वाद लिया

तिलोई अमेठी । क्षेत्र के गांव पूरे दान सिंह वैस शंकरगंज में ब्लाक प्रमुख तिलोई के आवास पर आयोजित श्रीमद भागवत कथा के प्रथम दिवस पर अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने कहा कि इस संसार को भवसागर कहा गया है क्यों कि जिस प्रकार सागर के दो छोर होते हैं परन्तु दिखता एक ही है उसी प्रकार जन्म और मृत्यु भी इस संसार रूपी सागर के दो छोर हैं जिसमें जन्म तो दिखता है परन्तु मृत्यु किसका कब होगा ये पता नही इसलियें इस संसार को भवसागर कहा गया है और ये भागवत जी की कथा इस संसार सागर से पार जानें की नौका है जिस पर बैठकर संसार का सामान्य मनुष्य भी भगवान के परमपद को प्राप्त कर सकता है। कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने कहा कि जो भगवान का है वही भागवत है पूरी भागवत जी की कथा में समय समय पर भगवान के भक्तों की कथा सुनाया गया है।महाराज जी ने कहा कि ये भागवत जी की कथा को सप्ताह ज्ञान यज्ञ कहत हैं क्योंकि इसमें अपने अज्ञान की आहुति देकर भगवत तत्व को जाना जा सकता है।भागवत जी में सूत जी महाराज शौनकादि ऋषियों को कथा सुना रहें हैं शौनक ऋषियों नें सूत जी से भगवत प्राप्ति का सबसे सरल उपाय पूछा है सूत जी नें सभी शास्त्रों के सार रूप में श्रीमदभागवत की कथा सुनाई है जो इस कलियुग के ताप को शान्त करके मुक्ति दिलानें में सर्वथा सक्षम है क्योंकि व्यक्ति का जीवन दीर्घ हो या न हो दिव्य होना चाहिये।हमारा जीवन सफल हो या न हो सार्थक अवश्य होना चाहिये। उन्होंने कहा कि नारद जी ने कहा कि भक्ति ज्ञान व वैराग्य एकदूसरे के पूरक है और ये सब भागवत जी की कृपा से प्राप्त होता है । शौनकादि ऋषियों नें नारद जी को हरिद्वार में गंगा जी के पावन तट पर कथा सुनाई है शौनक जी नें कहा कि भागवत जी के श्रवण मात्र से व्यक्ति का पाप ताप नष्ट हो जाता है। यजमान ब्लाक प्रमुख अर्चना सिंह कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आरती पूजन किया।इस मौके पर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह, गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह, कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह, विपुल सिंह चौहान, भवानी दत्त दीक्षित, हिमांशु सिंह,सुरेन्द्र सिंह सहित हजारों की संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

## एसएसबी ने किया स्वास्थ्य एवं नेत्र शिविर का आयोजन ग्रामीणों को मिला लाभ

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। एसएसबी ने विकास खंड पूरनपुर की ग्राम पंचायत नगरिया खुर्द कला में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में एसएसबी के इंस्पेक्टर चंद्रशेखर, रॉबिन सिंह, अरूप रॉय और रवींद्र सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वास्थ्य टीम में रोहित शर्मा नेत्र परीक्षक, आंचल राना,नेहा, सूरज भट्ट और विजय राना भी शामिल थे।नेत्र शिविर में ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई। ग्रामीणों को मुफ्त परामर्श और दवाएं प्रदान की गईं। रोहित शर्मा नेत्र परीक्षक ने ग्रामीणों की नेत्र जांच की। शिविर में ग्राम पंचायत सदस्य चित्रंजन बरोई सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे हैं। एसएसबी ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया। एसएसबी ने ग्रामीणों के साथ सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा दिया।इस तरह के स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सशस्त्र सीमा बल लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य कैंप एवं नेत्र शिविर का आयोजन करती है। जिससे ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके। इससे पूर्व में भी सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया था।

## घुघंचाई पेट्रोल पंप के पास आवारा पशु की टक्कर से ई-रिक्शा सवार तीन लोग घायल

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद के थाना घुघंचाई क्षेत्र में पेट्रोल पंप के पास शनिवार दोपहर लगभग 2 बजे एक हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार, ई-रिक्शा सवार कासीराम, राहेज और राजपाल तीनों लोग पूरनपुर से अपने घर घुघंचाई जा रहे थे, तभी सड़क पर अचानक आए आवारा पशु से टकरा गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ई-रिक्शा पलट गया और उसमें सवार तीनों लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को बाहर निकाला और एबुलेंस की मदद से उन्हें उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। बताया जा रहा है कि घायलों की हालत स्थिर है। वहीं, राहगीरों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में घूम रहे आवारा पशुओं को पकड़कर गौशाला में रखा जाए, ताकि ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति न हो। स्थानीय लोगों में हादसे को लेकर आक्रोश भी देखा गया।

## खमरिया पट्टी में धान की कटाई के दौरान सांप के डंसने से महिला की बिगड़ी हालत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के गांव खमरिया पट्टी निवासी पार्वती पत्नी शिवदयाल शनिवार दोपहर करीब दो बजे खेत से धान की कटाई कर घर लौट रही थीं। जैसे ही वह खेत की मेड़ पर पहुंचीं, तभी अचानक सांप ने उन्हें डंस लिया। सांप के डंसते ही पार्वती की हालत बिगड़ने लगी। जानकारी लगते ही परिजनों के होश उड़ गए। परिजनों ने महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनका उपचार चल रहा है।

## जटपुरा रामनगर में मिट्टी खनन से हड़कंप तहसील प्रशासन की भूमिका संदिग्ध

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के जटपुरा रामनगर गांव में कृषि भूमि से मिट्टी खनन जोरों पर चल रहा है। मिट्टी से भरे डंपर सड़कों पर फर्राटा भरते नजर आते हैं, जिससे राहगीर और स्थानीय लोग धूल-मिट्टी से बेहाल हैं। जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि सरकारी कार्य के नाम पर ली गई परमिशन का दुरुपयोग करते हुए कुछ लोग प्लॉटिंग कर रहे हैं और प्लाटों का पटान कराया जा रहा है। वहीं, स्थानीय प्रशासन इस पूरे मामले पर मौन है, जिससे लोगों में रोष व्याप्त है। मामले की शिकायत जिलाधिकारी को भी की गई है, जिसके बाद मिट्टी खनन में लगे डंपर पेट्रोल पंपों पर खड़े नजर आए। दूसरी ओर, जरूरतमंद लोग मिट्टी के लिए तहसील में आवेदन कर रहे हैं। जबकि प्लॉटिंग करने वाले बेखौफ काम जारी रखे हुए हैं। नहर के पास स्थित खेत से खोदी जा रही मिट्टी सिचाई विभाग भी मौन, शनिवार दोपहर करीब एक बजे वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया।


**सूचना**

नौकरी संबंधी विज्ञापनों की सत्यता या शर्तों की जिम्मेदारी कैनविज टाइम्स की नहीं होगी। कृपया स्वयं जांच कर निर्णय लें।


# डीएम की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना सुनगढ़ी में की जनसुनवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव की अध्यक्षता में आज आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना सुनगढ़ी में पहुंचकर जन शिकायतों की सुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी द्वारा फरियादियों की शिकायतों का संज्ञान लिया गया। इसके साथ ही साथ भूमि विवादों संबंधी शिकायतों के संबंध में सम्बन्धित क्षेत्र के लेखपाल व पुलिस कर्मचारियों द्वारा मौके पर जाकर समस्या के निस्तारण करने के निर्देश दिये गये। आयोजित थाना दिवस में जिलाधिकारी द्वारा सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश देते हुये कहा कि थाना समाधान दिवस पर कोई भी कर्मचारी बिना अनुमति के अनुपस्थित न रहे। उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देशित करते हुये कहा कि जनसुवाई के दौरान आईं समस्त शिकायतों में सम्बन्धित क्षेत्र के राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर दोनों पक्षों को बुलाकर समस्या का समाधान कराया जाये, किसी भी दशा में कोई भी शिकायत अधिक समय तक लम्बित न रहे। रहे। जिलाधिकारी द्वारा थानाध्यक्षों को निर्देश देते हुये कहा कि आईजीआर पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को गुणवत्तापरक ढंग से निस्तारण कराना सुनिश्चित किया जाये। इस दौरान शिकायती प्रार्थना पत्र रजिस्टार की जांच की गई। जांच के दौरान शिकायतों का निस्तारण की गुणवत्ता देखी तथा लम्बित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।थाना समाधान दिवस के दौरान सीओ सिटी दीपक,थानाध्यक्ष नरेश त्यागी सहित अन्य पुलिस अधिकारीगण उपस्थित उपस्थित रहे है।

# जिला कार्यालय पर मनाई गई लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीय। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार नकटादाना स्थित के.जी.एन 2 कॉलोनी लोकसभा चुनाव कार्यालय पीलीभीत में समाजवादी नेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर गोष्ठी आयोजित गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा लोकनायक जयप्रकाश नारायण भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम के एक महान सेनानी, समाजवादी नेता और विचारक थे, उन्हें आमतौर पर जे.पी. के नाम से भी जाना जाता है, वे न केवल भारत की आजादी की लड़ाई में शामिल हुए, बल्कि स्वतन्त्रता के बाद भी उन्होंने सामाजिक बदलाव और भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष जारी रखा है।सपा जिला उपाध्यक्ष मखदूम ने अपने संबोधन में कहा लोकनायक जयप्रकाश नारायण भारतीय राजनीति के एक ऐसे विरल व्यक्ति थे, जिन्होंने सत्ता से दूर रहकर भी देश को झकझोर देने वाला आंदोलन खड़ा किया था, वे सच्चे अर्थों लोकनायक थे, एक ऐसे नेता जिन्होंने जनता के बीच में नेतृत्व किया और उनके लिए संघर्ष किया इस दौरान बरखेड़ा विधानसभा धनपति वर्मा एडवोकेट ने कहा लोकनायक जय प्रकाश नारायण जिन्होंने सम्मान पूर्वक जेपी कहा जाता है भारत के एक महान स्वतंत्रता सेनानी समाजसेवी और राजनेता थे वह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम समाजवाद और बाद में राजनीतिक भ्रष्टाचार के खिलाफ जनांदोलन के लिए प्रसिद्ध है, उन्हें उनके अनुकरणीय नेतृत्व और त्याग के कारण लोकनायक जनता का नायक की उपाधि दी गई।इस दौरान मुख्य रूप से सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा,सपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर,सपा जिला उपाध्यक्ष मखदूम खान,सपा जिला उपाध्यक्ष बालकराम सागर,127 सदर विधानसभा पीलीभीत अध्यक्ष हाजी इम्तियाज अल्वी, सपा युवजन सभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू,अमित पाठक एडवोकेट,सपा अधिवक्ता सभा जिलाध्यक्ष ज्योति प्रकाश शुक्ला एडवोकेट, विधानसभा बरखेड़ा अध्यक्ष धनपति वर्मा एडवोकेट,सपा मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड राष्ट्रीय सचिव लखविंदर सिंह पन्नू,सपा युवजन सभा जिलाध्यक्ष हरगोविंद गंगवार,नि. नगराध्यक्ष पीलीभीत संदीप सक्सेना,सपा युवजन सभा जिला सचिव शेखर यादव,आशीष कुमार,प्रशांत अवस्थी,सपा जिला सचिव महेश पटेल,बरखेड़ा महासचिव नरेश कुमार सागर,अशोक कुमार वर्मा,गुरुप्रीत सिंह,गुरजीत सिंह,मयंक यादव,सुधीर दीक्षित,मो.जफर अंसारी,राजीव कुमार यादव,महेश कुमार वर्मा,सुरेश चंद्र आदि तमाम सम्मानित नेतागण पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

# राजकीय मेडिकल कॉलेज से मरीज गायब डिप्रेशन में था पेशेंट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



### बेड पर नहीं मिला तब परिजनों ने पुलिस को दी सूचना

सुल्तानपुर। सुल्तानपुर जिले के राजकीय मेडिकल कॉलेज से एक मरीज लापता हो गया है। नई बिल्डिंग के चौथे फ्लोर पर भर्ती विश्राम गुप्ता अपने बेड नंबर 454 से गायब मिले। इस घटना के बाद मेडिकल कॉलेज में हड़कंप मच गया है। विश्राम गुप्ता को 9 अक्टूबर को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनके बेटे हरिकेश गुप्ता के मुताबिक, विश्राम गुप्ता 11 अक्टूबर की रात लगभग 2 बजे अपने बिस्तर से गायब हो गए। परिजनों ने उनकी काफी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी और कोतवाली नगर थाने में विश्राम गुप्ता की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।विश्राम गुप्ता चाँदपुर थाना क्षेत्र के महारानी पश्चिम इलाके के निवासी हैं। उन्हें डिप्रेशन की समस्या के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां डॉक्टर मनोज उनका इलाज कर रहे थे। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को भी मरीज के लापता होने की जानकारी है और अस्पताल प्रशासन ने भी इस संबंध में पुलिस को सूचित किया है। विश्राम के पुत्र हरिकेश गुप्ता ने बताया, ल्लहमने अपने पिता को 9 अक्टूबर को भर्ती कराया था। बीती रात करीब 2:30 बजे से उनका कोई पता नहीं है। जब हमने अस्पताल कर्मचारियों से पूछा तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। फाइल मांगने पर भी पहले मना किया गया, लेकिन फटकार लगाने पर फाइल दी गई। अब हमने कोतवाली में तहरीर दी है।ल्ल नगर कोतवाल धीरज कुमार ने इस संबंध में बताया कि उन्हें तहरीर मिल गई है और मामले की जांच की जा रही है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवती ने लगाई फांसी



सुल्तानपुर। जिले के कुड़वार थाना क्षेत्र अंतर्गत सरैया पूरे विशेन गांव में शनिवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर जांच करते हुए शव को पोस्टमॉर्टम में भेजा है। घटना से परिवार वालों को लेकर रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, 20 वर्षीय रेखा (काल्पनिक नाम) शुक्रवार रात खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चली गई थी। शनिवार सुबह जब काफी देर तक उसके कमरे का दरवाजा नहीं खुला, तो परिजनों को चिंता हुई। युवती के भतीजे ने खिड़की से झांक कर देखा, तो वह पंखे से साड़ी के सहारे लटकी हुई मिली। यह दृश्य देखकर परिवार में कोहराम मच गया और ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। परिवार के सदस्यों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। गांव में इस घटना के बाद शोक का माहौल है। परिजनों के अनुसार, युवती की मानसिक स्थिति कुछ समय से ठीक नहीं थी।

## नोटिस

दिनांक 12 अक्टूबर 2025

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के अंतर्गत केवीके पीलीभीत पर संचालित फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना में मानदेय के आधार पर एक farmer change agent (अनुसूचित जाति) मार्च 2026 तक पूर्ण अस्थाई रूप से रखा जाना है। इस नियुक्ति के लिए निर्धारित योग्यता semi skilled with requisite qualifications senior secondary intermediate एवं experienc in farming की गई है। अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है।कि इच्छुक अभ्यर्थी अपना प्रार्थना पत्र सभी प्रमाण पत्रों के साथ दिनांक 17 अक्टूबर 2025 तक कार्यालय में जमा कर दें नियुक्ति की सूचना फोन के माध्यम से दी जाएगी

प्रभारी अधिकारी
केवीके पीलीभीत

## सम्पादकीय

# रिश्तों में नई ऊर्ज़ा

ऐसे वक्त में जब अमेरिका ने निरंकुश टैरिफ थोपने व भारत के हितों पर कुठाराघात की नीति अख्तियार की हुई है, ब्रिटेन के साथ रक्षा व कारोबारी रिश्तों में नई शुरुआत उम्मीद जगाने वाली है। दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते का सिरे चढ़ना दोनों पक्षों के हित में बताया जा रहा है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर की भारत की पहली आधिकारिक यात्रा को नई दिल्ली और लंदन के संबंधों में एक नये सिरे से बदलाव का प्रतीक बताया जा रहा है। मुंबई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनकी मुलाकात के प्रतीकात्मक और व्यावहारिकता की दृष्टि से गहरे निहितार्थ हैं। इस यात्रा के दौरान महत्वपूर्ण समझौते इस यात्रा के महत्व को रेखांकित करते हैं। जिसमें 468 मिलियन डॉलर का मिसाइल सौदा, मुक्त व्यापार समझौते यानी एफटीए के शीघ्र क्रियान्वयन के लिये प्रतिबद्धता तथा भारत में नौ ब्रिटिश विश्वविद्यालय खोलने पर सहमत होना शामिल है। जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा भी है कि इस रिश्ते में 'एक नई ऊर्ज़ा है', जो व्यापार, प्रौद्योगिकी और प्रतिभा का समन्वय चाहती है। हालांकि, मुक्त व्यापार समझौते का मूल्यांकन, इसके प्रतीकात्मक मूल्य के बजाय इसके वास्तविक आर्थिक प्रभाव के आधार पर किया जाना चाहिए। मुक्त व्यापार समझौते के क्रियान्वयन के बाद भारत के लिये ब्रिटिश बाजार तक भारतीय कपड़ों, दवा और सेवाओं, विशेष रूप से आईटी और फिनटेक के निर्यात को बढ़ावा मिल सकता है। लेकिन वहीं दूसरी ओर मुक्त व्यापार समझौते के क्रियान्वयन को लेकर कुछ चिंताएं भी मौजूद हैं। मसलन छोटे और मध्यम उद्यमों के सामने सस्ते ब्रिटिश आयातों से कमजोर होने या नियामक विषमताओं का सामना करने की आशंका बनी हुई है। इसमें दो राय नहीं है कि एफटीए के फलस्वरूप, ब्रेक्सिट के बाद ब्रिटेन के लिये, भारत एक अनिश्चित वैश्विक अर्थव्यवस्था के बीच विकास का एक लाभप्रद अवसर और एक स्थिर अर्थव्यवस्था वाला मजबूत साझेदार का मिलना है। लेकिन इसके बावजूद मुक्त व्यापार समझौते के क्रियान्वयन में भारतीय हितों की रक्षा के लिये सतर्क पहल की जरूरत भी महसूस की जा रही है। वैसे यह भी तथ्य है कि अनुसंधान, डिजिटल नवाचार और स्वच्छ ऊर्ज़ा में पारस्परिक निवेश की कसौटी पर ही दोनों देशों के रिश्तों की असली परीक्षा होगी। लेकिन यह भी एक हकीकत है कि भारतीय पेशेवरों या छात्रों के लिए वीजा मानदंडों में ढील देने से स्टारमर का स्पष्ट इनकार करना इस बहुप्रचारित साझेदारी की सार्थकता को लेकर सवाल पैदा कर सकता है। यह विडंबना ही है कि ब्रिटेन कुछ मुद्दों को लेकर दोहरा मापदंड अपना रहा है। एक ओर ब्रिटेन जहां भारतीय बाजार में अपनी पहुंच बनाना और साथ ही तकनीकी सहयोग तो पाना चाहता है, लेकिन वहीं वह श्रम की गतिशीलता को लेकर सतर्क बना हुआ है, जो कि ब्रिटेन के साथ भारत के आर्थिक और शैक्षिक जुड़ाव का एक केंद्रीय मुद्दा बना रहा है। इस बात में दो राय नहीं हो सकती है कि यदि प्रतिभाओं का आदान-प्रदान एकतरफा ही रहेगा, तो पारस्परिक लाभ पर साझेदारी फल-फूल नहीं सकती। निर्विवाद रूप से यह तथ्य तार्किक है कि मुक्त व्यापार समझौते की राह अभी भी बाधाओं से पूरी तरह से मुक्त नहीं हो पायी है। उल्लेखनीय है कि टैरिफ, बौद्धिक संपदा और श्रम गतिशीलता के मुद्दे पर मतभेद अभी भी बने हुए हैं। वहीं दूसरी ओर मूल्य आधारित कूटनीति पर भारतीय प्राथमिकता को लेकर दोनों देशों में मतभेद सामने आ सकते हैं। साथ ही यह भी जरूरी है कि दोनों पक्षों को पुरानी कसक से प्रेरित कूटनीति से आगे बढ़ने की जरूरत होगी। निर्विवाद रूप से विशेष संबंध औपनिवेशिक हैंगओवर या प्रवासी भावना पर आधारित नहीं हो सकते। इस साझेदारी का वायदा एक ऐसे सतत सहयोग के निर्माण में निहित है, जिसमें दोनों देशों के आम नागरिकों को वास्तविक लाभ मिल सके। भारत की चिंता ब्रिटेन की भूमि से भारत विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने वाले तत्वों पर अंकुश लगाने को लेकर भी है। निश्चय ही अभिव्यक्ति की आजादी का मतलब अराजकता नहीं हो सकता। हाल के दिनों में कुछ अप्रिय घटनाएं भारतीय लोकतंत्र के प्रतीकों पर प्रहार करने के रूप में सामने आ चुकी हैं।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबंध और अलौकिक अनुभव

**सेवानिवृत के बाद, मुझे इस संगठन के कुछ कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर मिला, इसमें मुझे एक अप्रत्याशित सुख का अनुभव हुआ। कभी कभी, कुछ विविध संगठन मुझे अपने कार्यक्रमों में आमंत्रित करने लगे, मैं जाने लगा, मुझे भी जाकर बहुत अच्छा लगता था। आत्मीयता, सहजता, नम्रता का व्यवहार मुझे बहुत ही प्रभावित करता था। सभी को आदर, सदैव भाषा की मर्यादा का पालन, अनुशासन और समय का पालन, मुझे अपने सेना के सेवाकाल की यादों में ले जाता था। धीरे-धीरे, मै बिल्कुल राष्ट्रीय स्वयंसेवक की कार्यशैली में पूरी तरह से रम गया। मैं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुछ महत्वपूर्ण पदाधिकारियों के सम्पर्क में भी आने लगा, उनकी विचारधारा, नैतिक मूल्य और राष्ट्र के प्रति सम्पूर्ण समर्पण की भावना मुझे बहुत ही प्रभावित करने लगी, क्योंकि ये वही मूल्य थे जिनको मैं सेना में रहते हुए पूर्णरूपेण स्वीकार कर चुका था। इसलिए मुझे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में फिर से अपनापन लगने लगा और मैं प्राकृतिक रूप से इस परिवार का एक छोटा सा हिस्सा बन गया। 'व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण' का यह वाक्य केवल वाक्य नहीं है, मैने इन 12/13 वर्षों में इस पर कैसे अमल किया जाता है स्वयं देखा है। 'संकल्प से सिद्धि' किस प्रकार प्राप्त होती है, यह मैंने अनुभव की है। जब भी कोई समस्या, किसी भी क्षेत्र से हो, आती है, तो उस पर गहन विचार किया जाता है, सामूहिक चर्चा होती है, सभी को पूर्ण स्वतंत्रता होती है अपने विचार रखने की, और फिर, इस समस्या के समाधान के विकल्पों पर विचार कर के निर्णय लेने की पद्धति, एक समावेशी कार्यशैली जिसमें सभी भागीदार हों को इंगित करती है। यही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विशेषता है। मैं पूर्ण रूप से आश्वस्त हूं और पूरे विश्वास के साथ कहना चाहता हूं कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना एक दैवीय संयोग है । भारत की पहचान, भारत की संस्कृति की निरंतरता, भाषाओं, विरासत,धरोहर और परंपराओं की रक्षा के लिए ईश्वर ने इस संगठन की स्थापना की है।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने विजयादशमी के पावन पर्व पर अपनी एक शताब्दी की यात्रा पूरी कर ली है। हम सब ने बहुत कुछ जाने-अनजाने में इस संस्था के कार्य और उनकी संरचना के बारे में सुना है या फिर स्वयं भी किसी न किसी रूप में अनुभव किया है। मेरा भी इस संगठन से जुडाव कुछ इसी प्रकार हुआ। मैं 31 मई 2011 को भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हुआ। तब तक, मैने इस संगठन के बारे में केवल अखबारों में, पत्रिकाओं में या फिर कभी किसी राजनीतिक चर्चाओं में सुना था। मैं अब यह कह सकता हूं कि एक ऐसा संगठन जिसने अपने आप को केवल मानवता और राष्ट्र को समर्पित कर दिया, मैं स्वयं सेना की नौकरी में कार्यान्वित होने के कारण इस संगठन के उत्कृष्ट कार्यो से अनभिज्ञ रहा। ऐसा भी नहीं, कि मैंने अपने सेना के सेवाकाल में, इस संगठन के कार्यों का अनुभव नहीं किया, लेकिन कभी ध्यान ही नहीं दिया कि, यह निस्वार्थ भाव से सेवा करने वाले, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता है। सेवानिवृत्त के बाद, मुझे इस संगठन के कुछ कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर मिला, इसमें मुझे एक अप्रत्याशित सुख का अनुभव हुआ। कभी कभी, कुछ विविध संगठन मुझे अपने कार्यक्रमों में आमंत्रित करने लगे, मैं जाने लगा, मुझे भी जाकर बहुत अच्छा लगता था। आत्मीयता, सहजता, नम्रता का व्यवहार मुझे बहुत ही प्रभावित करता था। सभी को आदर, सदैव भाषा की मर्यादा का पालन, अनुशासन और समय का पालन, मुझे अपने सेना के सेवाकाल की यादों में ले जाता था। धीरे-धीरे, मै बिल्कुल राष्ट्रीय स्वयंसेवक की कार्यशैली में पूरी तरह से रम गया। मैं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुछ महत्वपूर्ण पदाधिकारियों के सम्पर्क में भी आने लगा, उनकी विचारधारा, नैतिक मूल्य और राष्ट्र के प्रति सम्पूर्ण समर्पण की भावना मुझे बहुत ही प्रभावित करने लगी, क्योंकि ये वही मूल्य थे जिनको मैं सेना में रहते हुए पूर्णरूपेण स्वीकार कर चुका था। इसलिए मुझे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में फिर से अपनापन लगने लगा और मैं प्राकृतिक रूप से इस परिवार का एक छोटा सा हिस्सा बन गया। 'व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण' का यह वाक्य केवल वाक्य नहीं है, मैने इन 12/13 वर्षों में इस पर कैसे अमल किया जाता है स्वयं देखा है। 'संकल्प से सिद्धि' किस प्रकार प्राप्त होती है, यह मैंने अनुभव की है। जब भी कोई समस्या, किसी भी क्षेत्र से हो, आती है, तो उस पर गहन विचार किया जाता है, सामूहिक चर्चा होती है, सभी को पूर्ण स्वतंत्रता होती है अपने विचार रखने की, और फिर, इस समस्या के समाधान के विकल्पों पर विचार कर के निर्णय लेने की पद्धति, एक समावेशी कार्यशैली जिसमें सभी भागीदार हों को इंगित करती है। यही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विशेषता है। मैं पूर्ण रूप से आश्वस्त हूं और पूरे विश्वास के साथ कहना चाहता हूं कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना एक दैवीय संयोग है । भारत की पहचान, भारत की संस्कृति की निरंतरता, भाषाओं, विरासत,धरोहर और परंपराओं की रक्षा के लिए ईश्वर ने इस संगठन की स्थापना की है। अगर विजय दशमी के दिन, वर्ष 1925 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना परम पूजनीय डा. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा नहीं की जाती, तो हमारे प्रिय भारत का भविष्य क्या होता शायद कोई नहीं बता सकता। केवल कल्पना की जा सकती है। कठिन परिस्थितियों में, कोई भी साधन न उपलब्ध होने के बाबजूद भी ये मुठ्ठी भर कर्मठ, निष्ठावान कार्यकर्ता, अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अपना सर्वोच्च समर्पित कर के 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के मार्ग पर प्रशस्ति हो गये और हमारे प्राणों से भी प्यारे भारत की भारतीयता की रक्षा की। असंख्य कठिनाइयों, सामाजिक, प्रशासनिक, राजनीतिक विरोध और बहुत ही न्यूनतम साधनों के साथ के बावजूद लगन, ये भारत के वीर अपनी प्रतिबद्धता और निष्ठा के साथ समर्पण भाव से केवल राष्ट्र और समाज निर्माण के लिए दृढ़ संकल्प के साथ लगे रहे। भारत को और भारतीयता को बचाने में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का योगदान अकल्पनीय है, अनुकरणीय है। आज जब यह बटवृक्ष बहुत विशाल रुप धारण कर चुका है तो मुझे लगता है कि यह उन महान विभूतियों के संघर्ष, त्याग तपस्या और बलिदान के कारण ही संभव हुआ है। मैं स्वयं भी एक सैनिक हूं,और निस्वार्थ सेवा, सेवा परमोधर्म, त्याग, बलिदान के अर्थ भली-भांति समझता हूं, लेकिन जो राष्ट्र प्रेम, समाज सेवा और राष्ट्र प्रथम की भावना राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक प्रदर्शित करते हैं उसके लिए शायद कोई भी शब्द पर्याप्त नहीं है यह एक उत्कृष्ट, अद्वितीय और अनुकरणीय मूल्य हैं जिनको हम शब्दों में नहीं बांध पायेंगे, केवल इसका अनुभव ही कर पायेंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विस्तार आज राष्ट्र के हर आवश्यक क्षेत्र, जैसे कि आदिवासी और जन जातीय उत्थान,महिला सशक्तिकरण, जनसंख्या असुंतलन, राष्ट्रीय सुरक्षा, परिवार प्रबोधन, सामाजिक समरसता, विज्ञान और तकनीकी विकास, स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार और आधुनिकीकरण, कृषि क्षेत्र में सुधार, प्रचार के विश्वसनीय माध्यम, विमर्श निर्माण, शिक्षा पद्धति का भारतीयकरण, क्रीडा विकास, नागरिक कर्तव्य, नक्सली गतिविधियां पर नियंत्रण पूर्वोत्तर राज्यों का विकास, व्यक्ति/चरित्र निर्माण , भारतीय विरासत/परंपराओं की रक्षा, पारंपरिक भाषाओं का उत्थान, भारतीय खान-पान में गर्व, राष्ट्रीय तीज त्यौहारौं को उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाना , आधार भूत संरचना का विकास, न्याय व्यवस्था का भारतीयकरण, प्रशासनिक सुधार, रोजगार के अवसर, स्वाबलंबन, पर्यावरण ,आत्मनिर्भरता, इत्यादि सभी क्षेत्रों में बहुत ही गुणात्मक रूप से हो चुका है।बहुत ही उत्कृष्ट और अकल्पनीय कार्य हो रहा है । भविष्य के लिए भी बिल्कुल स्पष्ट प्रतिमान स्थापित किये जा चुके हैं और उनको प्राप्त करने के लिए पूरी गति से कार्य चल रहा है। एक बहुत ही महत्वपूर्ण दृष्टिकोण की तरफ में आप सब का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। इस संगठन में जब आप पूरी तरह से रम जाते हैं तो आप को स्वयं यह अनुभव होता है कि आप राष्ट्र के सबसे शिक्षित, अनुभवी और त्यागी महापुरुषों के बीच में है। सभी पढ़े-लिखे हैं, अनुभवी है और यह सब अनुभव केवल पुस्तकों से न होकर, जमीन पर जाने से, लोगों से मिलकर, स्वयं अनुभव करके और कुछ प्रतिष्ठित और ज्ञानी लोगों से चर्चा करके प्राप्त हुआ है। जब भी आप कार्यकर्ताओं से विचार विमर्श करते हैं तो आपको एक बहुत ही रोचक अनुभूति होती है। सादा जीवन उच्च विचार को चरितार्थ करते हुए, यह संगठन और स्वयंसेवक कभी भी, किसी भी उपलब्धि का श्रेय लेने को मुखर नहीं रहते,श्रेय लेना उनका व्यक्तित्व नहीं है। सदैव इनका भाव रहता है राष्ट्र की, मानवता की, पर्यावरण की परिवार की समाज की किस प्रकार सेवा की जा सकती है। सेवा, सहायता, विकास, प्रगति गरीब कल्याण, सामाजिक समरसता और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता ही इस संगठन का मूल मंत्र है और ये भारत के वीर उस पथ पर निश्चल, निडर होकर सदैव आगे बढ़ते जा रहे हैं। मेरा यह सौभाग्य रहा कि जाने अनजाने में ही सही मैं इस अद्वितीय संगठन से जुड गया हूं। मैं स्वयं अपने आपको गौरवान्वित अनुभव करता हूं कि एक ऐसा संगठन जो भारत, भारतीयता, और भारतीयों के लिए कार्य करती है और राष्ट्र निर्माण और राष्ट्र प्रथम के अतिरिक्त इसके केंद्रबिंदु में और कोई भी विचार नहीं है, मैं उस संगठन से संबंधित हूं। इस दौरान मैं कुछ अभूतपूर्व महानुभावों से भी मिला जिन्होंने मेरे जीवन को एक सकारात्मक नई दिशा दी है। मेरे अपने व्यक्तित्व में भी मैं बहुत कुछ सकारात्मक परिवर्तन देख सकता हूं। मैं जितना भी इस संगठन से जुडता जा रहा हूं मुझे उससे भी ज्यादा सुख की अनुभूति होती है। यह मैं समझता हूं कि एक दैवीय प्रवृत्ति है कि आप जब त्यागी, निस्वार्थवादी महानुभावों से मिलते हैं तो सकारात्मक ऊर्ज़ा का निर्माण होता है और आप अपने-आप सबल होकर इन राष्ट्र प्रेमियों के साथ कदम से कदम मिलाकर कर भारत को यश और कीर्ति के शिखर पर ले जाने के मार्ग पर प्रशस्त हो जाते हैं। मैं अपने अदभुत अनुभूति को इसलिए लिख रहा हूं कि जिनके भी हृदय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बारे में कुछ भ्रांतियां हैं वो अवश्य ही इस संगठन से जुड़ें , सभी भ्रांतियां दूर हो जायेंगी, और एक नवीन ऊर्ज़ा का निर्माण होगा जो सकारात्मक होगी और राष्ट्र और व्यक्ति के निर्माण में सार्थक होगी। तेरा वैभव अमर रहे मां। हम चार दिन रहें न रहें। भारत माता की जय **–विष्णु कांत चतुर्वेदी**

# उत्तरप्रदेश में मायावती की नई चुनौती

**डॉ. सुधाकर आशावादी**

**बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम की स्मृति में लखनऊ में आयोजित सुश्री मायावती की रैली में बसपा समर्थकों ने जिस प्रकार से बसपा की जड़ों को मजबूत करने का जज्बा दिखाया है, उससे लगता है कि गहन मंथन के बाद बसपा नए प्रारूप में उभर कर उत्तर प्रदेश की राजनीति में अपना दमखम दिखाएगी।**

कब कोई राजनीतिक विचार किसी दल को सत्ता का स्वाद चखा दे, अब कब कोई विचार सत्ता से अलग कर दे, यह कोई नहीं जानता। इसी कारण देश की राजनीति में विघटनकारी जातीय गठबंधन की राजनीति कारगर सिद्ध होगी या सोशल इंजीनियरिंग पर आधारित सर्वजन सुखाय सर्वजन हिताय की राजनीति , यह तो भविष्य के गर्भ में छिपा है, किन्तु लंबे समय तक हाशिये पर रहने वाली बहुजन समाज पार्टी एक बार फिर अपनी पूरी शक्ति के साथ लोकतंत्र के चुनावी मैदान में उतर आई है। उत्तर प्रदेश में पिछड़े,दलित और अल्पसंख्यक के नाम पर समाज को बांटने में जुटी समाजवादी पार्टी के लिए यह खतरे की घंटी सिद्ध हो सकता है। बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम की स्मृति में लखनऊ में आयोजित सुश्री मायावती की रैली में बसपा समर्थकों ने जिस प्रकार से बसपा की जड़ों को मजबूत करने का जज्बा दिखाया है, उससे लगता है कि गहन मंथन के बाद बसपा नए प्रारूप में उभर कर उत्तर प्रदेश की राजनीति में अपना दमखम दिखाएगी तथा 2027 में सत्ता में आने का दिवास्वप्न देखने वाली समाजवादी पार्टी तथा अन्य राजनीतिक दलों के लिए नई चुनौतियां खड़ी करेगी। उत्तर प्रदेश की राजनीति में बसपा की बरसों तक बड़ी उपस्थिति रही है। एक दौर था कि जब प्रदेश में कांग्रेस और भाजपा हाशिये पर चली गई थी। अपने जातीय समीकरणों के कारण समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी सत्ता का खेल खेलते रहे। सुश्री मायावती ने 18 सितंबर साल 2003 को पहली बार पार्टी की कमान संभाली थी। इसके बाद बसपा सुप्रीमो ने जमकर मेहनत की और चार साल में ही पार्टी के लिए एक ऐसा स्वर्णिम अवसर लाने में सफल हुईं जो इतिहास में दर्ज हो गया। वह साल था 2007 जब उत्तर प्रदेश में पहली बार प्रचंड बहुमत की सरकार बनाई थी। सुश्री मायावती वर्ष 2007 में चौथी बार उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री बनी थीं, यह उनके राजनीतिक जीवन का स्वर्णिम काल था। साल 2003 से लेकर 2024 तक मायावती सात बार पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बन चुकी हैं। वर्ष 2003 से लेकर साल 2024 तक बीएसपी सुप्रीमो ने पार्टी में कई उतार चढ़ाव देखे हैं। वर्तमान में जब उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार पूरी दृढ़ता के साथ गतिशील है तथा विगत लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भाजपा को अति आत्मिश्वास के कारण अनेक संसदीय क्षेत्रों में हार का सामना करना पड़ा तथा समाजवादी पार्टी की कृपा से कांग्रेस को उत्तर प्रदेश में कदम रखने की जगह मिली, उसका कारण बसपा की तत्कालीन चुनावों में सक्रिय भागीदारी न होना भी रहा है। लखनऊ में सुश्री मायावती की हुंकार ने यह जता दिया है, कि आज भी बहुजन समाज के शुभचिंतकों के हृदय में बसपा धड़कती है। पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक के नाम पर विघटन का खेल खेलने वाली समाजवादी पार्टी के दिन लद गए हैं। समझना चाहिए कि सबका साथ सबका विकास की नीतियां ही राजनीतिक दलों को सत्ता की संजीवनी प्रदान कर सकती हैं। जातीय विघटनकारी षड्यंत्रों को जनता समझ चुकी है। वह किसी भी राजनीतिक दल के विघटनकारी मंसूबों को सफल नहीं होने देगी। बसपा इस बार अपनी नई सोच के साथ यदि चुनाव मैदान में अपना दमखम दिखाती है, तो समाजवादी पार्टी और कांग्रेस की अपेक्षा अधिक विश्वसनीय विकल्प के रूप में उभर सकती है। ऐसा समझा जाना चाहिए।

## सेहत मंत्र

# तांबे के बर्तन में रखा पानी पीने से सेहत रहती है दुरुस्त

आपने बहुत से लोगों को सुबह उठकर तांबे के बर्तन में रखा पानी पीते देखा होगा। दरअसल, ऐसा करने से सेहत दुरुस्त रहती है। आयुर्वेद के अनुसार, तांबे के बर्तन में रखा पानी पीने से शरीर में वात, पित्त और कफ तीनों ही संतुलित रहते हैं और तांबे के बर्तन में रखा पानी हमेशा ताज़ा रहता है। तो आज से आप भी तांबे के बर्तन में पानी रखना शुरू कर दीजिए। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, तांबे में रखा पानी पीने से आपकी सेहत को कई तरह से फायदे पहुंचता है। यह शरीर में तांबे की कमी को पूरा करता है और चूंकि यह प्राकृतिक कीटाणुनाशक होता है इसलिए यह शरीर में बीमारी पैदा करने वाले कीटाणुओं को खत्म कर देता है। अमेरिकन कैंसर सोसायटी के अनुसार, तांबे में कैंसर विरोधी तत्व मौजूद होते है यानी यह कैंसर की बीमारी को रोकने में कारगर हो सकता है। तांबे का पानी पीने से पेट की सेहत एकदम दुरुस्त रहती है। रोज़ाना इसका पानी पीने से पेट दर्द, गैस, एसिडिटी और कब्ज की समस्या से छुटकारा मिलता है। शरीर को डिटॉक्सीफाई करने में भी तांबे का पानी मदद करता है। साथ ही यह आपकी किडनी और लिवर को भी स्वस्थ रखता है। विशेषज्ञों के मुताबिक, यह किसी भी तरह के संक्रमण से निपटने में लाभदायक है। यदि आपको अक्सर त्वचा संबंधी समस्या होती है तो तांबे के बर्तन में रखा पानी पीएं। यह फोड़े, फुंसी, मुंहासे और त्वचा संबंधी अन्य परेशानियों को दूर करने में मदद करता है। आपको जानकर शायद हैरानी होगी, लेकिन हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, तांबे का पानी पाचनतंत्र को ठीक रखने के साथ ही वज़न कम करने में भी मदद करता है। ब्लड प्रेशर और बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करने में भी तांबे का पानी फायदेमंद है यानी यह आपके दिल को स्वस्थ रखने में मद करता है। तांबे में एंटी-इन्फ्लेमेटरी गुण होते है जिससे यह शरीर में दर्द, ऐंठन और सूजन की समस्या को दूर करता है। ऑर्थराइटिस के मरीजों के लिए भी यह बहुत फायदेमंद है। तांबे में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लामेंटरी गुण होते हैं जिससे यह शरीर के बाहर और अंदर के घाव को जल्दी भरने में मदद करता है। किसी भी चीज़ का पूरा फायदा तभी मिलता है जब उसे सही तरीके से इस्तेमाल किया जाए। तांबे के बर्तन में रात में पानी भर दें।

## धर्म मंत्र

# बोधेश्वर महादेव मंदिर में आते हैं हजारों सांप और दूर होते हैं 'असाध्य रोग'

उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले के बांगरमऊ के पास स्थित बोधेश्वर महादेव के मंदिर को लेकर लोगों में गहन आस्था है। इस मंदिर को लेकर कहा जाता है कि मंदिर स्थित शिवलिंग के स्पर्श मात्र से ही लंबे समय से पीड़ित गंभीर रोग दूर हो जाते हैं। इतना ही नहीं, इस मंदिर में दर्शन के लिए देशभर से श्रद्धालु आते हैं और दर्शन के साथ ही अपने रोगों से मुक्ति पाते हैं। इस मंदिर को लेकर एक कथा बेहद प्रचलित है जिसके अनुसार कहा जाता है कि एक बार नेवल के राजा को भगवान शिव ने सपने में आकर पंचमुखी शिवलिंग, नंदी और नवग्रह स्थापित करने के आदेश दिए। भगवान शिव से आदेश प्राप्त करने के बाद राजा ने इस कार्य को प्रारंभ किया और जब पंचमुखी शिवलिंग, नंदी और नवग्रह का निर्माण हो गया तो रथ पर इन्हें लेकर नगर में प्रवेश किया जाने लगा। तभी अचानक रथ का पहिया जमीन में धंसने लगा और लाख प्रयास के बाद भी रथ के पहिए को जमीन से नहीं निकाला जा सका। अंत में राजा ने उसी स्थान पर शिवलिंग, नंदी और नवग्रह की स्थापना कर भव्य मंदिर का निर्माण कराया। वहीं भगवान शिव द्वारा बोध कराए जाने के कारण इस मंदिर को 'बोधेश्वर महादेव' का मंदिर कहा जाता है। इस मंदिर की बनावट बेहद खूबसूरत है और इसे 15वीं शताब्दी की कलाकृति कही जाती है। मंदिर में स्थापित पंचमुखी शिवलिंग के पत्थर के विषय में कहा जाता है कि यह पत्थर दुर्लभ है और 400 साल पहले विलुप्त हो चुका है। अब धरती पर यह पत्थर नहीं मिलते हैं।

## पर्यटन



# नेल्लियापैथी पहाड़ियां केरल के सबसे आकर्षक हिल स्टेशनों में से एक

केरल की अपनी एक खूबसूरती है। इसमें भी उत्तरी केरल पूरी दुनिया में सबसे खूबसूरत गंतव्य में से एक है। इसे पर्यटकों के लिए स्वर्ग माना जाता है। केरल भारत के तटीय क्षेत्र में स्थित है और इसमें कुछ अद्भुत पार्क, भंडार, झीलें, पहाड़ियाँ और बहुत सी जगहें हैं, जिन्हें एक ही जगह पर ढूंढना मुश्किल है। इसलिए, केरल को दो भागों में विभाजित करके आसानी से भ्रमण किया जा सकता है, उत्तर केरल और दक्षिण केरल। जहां दक्षिण केरल में कुछ महत्वपूर्ण और प्रसिद्ध राष्ट्रीय उद्यान शामिल हैं। दक्षिण केरल अपने लुभावने दृश्यों के साथ अक्सर पर्यटकों को आकर्षित करता है लेकिन उत्तर केरल में कुछ अद्भुत स्थान हैं, जहाँ पर एक बार जरूर जाना चाहिए। अगर आप एंडवेचर्स हैं या इतिहास प्रेमी हैं तो आपको यहां पर जरूर जाना चाहिए। यहां पर आपको एक बेहद ही प्राचीन किला देखने को मिलेगा, जिसमें प्राचीन वास्तुकला का इस्तेमाल किया गया है। इसके अलावा यहां पर एक समुद्र तट भी है। जो आपके मन को एक सुकून प्रदान करता है। यह किला 300 साल पहले बनाया गया था और यह समुद्र तट और अरब सागर के करीब है। इस स्थान पर रेल और बस द्वारा पहुँचा जा सकता है, हालाँकि निकटतम हवाई अड्डा मैंगलोर में सिर्फ 50 किमी दूर है। यह प्राकृतिक सौंदर्य और विभिन्न गतिविधियों के कारण पश्चिमी घाट के सबसे खूबसूरत हिल स्टेशनों में से एक है। इस स्थान पर आप कई गतिविधियों का आनंद ले सकते हैं। पहाड़ों की ट्रेकिंग करने से लेकर रॉक क्लाइम्बिंग यहां पर की जा सकती है। ट्रेकिंग के सबसे प्रसिद्ध स्थानों में से एक दिल के आकार की झील है जो शीर्ष पर स्थित है और पूरे परिदृश्य का सुंदर दृश्य देता है। इन गुफाओं में से कुछ में प्राचीन नक्काशी हैं जो हजार साल पुरानी हैं। गुफाओं की स्थापना सिंधु घाटी सभ्यता के समय के दौरान की गई थी, जो इसे यात्रा के लिए बहुत ही आकर्षक बनाती है। गुफाओं की यात्रा के लिए सबसे अच्छा समय सुबह 9 से शाम 4 बजे तक है। गुफाएँ अम्बुकुट्टी पहाड़ियों पर वायनाड में स्थित हैं जहाँ से पहाड़ी पर पहुँचने के लिए कार या बस ली जा सकती है। पहाड़ियों पर चढ़ना तुलनात्मक रूप से आसान है और गुफा में शिलालेखों के लिए कुछ अच्छा दृश्य प्रस्तुत करता है।

# जलनिकासी के लिए बनेगा 70 लाख से नाला विधायक चेयरमैन ने किया भूमि पूजन

## एसडीएम के साथ नगर के संभ्रांत नागरिक रहे मौजूद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी । नगर पंचायत हैदरगढ़ में लंबे समय से चली आ रही जल निकासी की समस्या के समाधान की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। पंद्रहवें वित्त आयोग मद से 235 मीटर लंबे नाले का निर्माण कार्य लगभग 70 लाख रुपये की लागत से प्रारंभ कराया गया। विधिवत भूमि पूजन एवं शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक श्री दिनेश रावत, नगर पंचायत अध्यक्ष श्री आलोक तिवारी तथा उपजिलाधिकारी एवं प्रभारी अधिशाषी अधिकारी श्री राजेश कुमार विश्वकर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। विधायक दिनेश रावत का वक्तव्य उन्होंने कहा किल्लनगर पंचायत हैदरगढ़ में जलभराव एक बड़ी समस्या रही है। इस नाले के बनने से वर्षा जल के सुगम निकासी मार्ग तैयार होंगे। अध्यक्ष आलोक तिवारी के प्रयासों से नगर में विकास कार्यों की गति तेज हुई है। सरकार की मंशा है कि हर नागरिक को स्वच्छ और सुगम जीवन मिले और आज का यह कार्य उसी दिशा में एक प्रभावी पहल है।



नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी ने कहा ने कहा ल्लनगर की जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए निरंतर प्रयास किया गया है। 235 मीटर लंबे इस नाले का निर्माण एक शुरुआत है। आगे भी जहां-जहां निकासी की समस्या होगी, वहां योजनाबद्ध तरीके से निर्माण कार्य कराया जाएगा ताकि बरसात के दिनों में किसी भी घर या मार्ग पर पानी न रुके।

उपजिलाधिकारी / अधिशाषी अधिकारी श्री राजेश विश्वकर्मा ने कहा ल्लप्रशासनिक स्तर पर नगर परिषद के विकास कार्यों की नियमित निगरानी की जा रही है। यह नाला निर्माण परियोजना न केवल जलभराव को रोकेगी, बल्कि साफ-सफाई व्यवस्था में भी सुधार करेगी। आमजन को इससे प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा और भविष्य में भी इसी पारदर्शिता के साथ विकास कार्य जारी रहेंगे।ङ्कस्थानीय जनप्रतिनिधियों व गणमान्यजनों की उपस्थिति कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे पूर्व खंड शिक्षाधिकारी माता प्रसाद अवस्थी, पूर्व सभासद स्कन्द तिवारी, बार एसोसिएशन अध्यक्ष राम अचल मिश्रा, सभासद हाजी मोहम्मद इसहाक, अजीत रावत, राजीव अवस्थी, राम गोपाल यादव, आदर्श तिवारी दीपू, ओम प्रकाश सिंह चौहान, शेखर मिश्र, विनोद शुक्ला उर्फ बाबू जी, मोनू शुक्ला, सौरभ सिंह, बैजनाथ मौर्या, अंकित मिश्रा उर्फ तेजा, टैक्स कलेक्टर राजेंद्र यादव, मनोज यादव, भानू मिश्रा, करुणेश द्विवेदी, व्यापार मंडल अध्यक्ष योगेश द्विवेदी, शादाब मूवी मैन, सहित कई सम्मानित नागरिक एवं नगर पंचायत कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ और स्थानीय निवासियों ने इस पहल को एक राहत भरा कदम बताया।

# चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का रामबाबू ने किया शुभारंभ







कैनविज टाइम्स संवाददाता

जैदपुर बाराबंकी। जिला मुख्यालय के फतहाबाद बड़ेल स्थित डॉक्टर्स हॉस्पिटल द्वारा जैदपुर नगर पंचायत प्रांगण में आयोजित निःशुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन वरिष्ठ भाजपा नेता रामबाबू द्विवेदी द्वारा वरिष्ठ समाजसेवी मोहम्मद सालिम की गरिमापूर्ण उपस्थिति में फीता काट कर किया गया। चैयरमैन प्रतिनिधि दाऊद अलीम भी उपस्थित रहे।संस्था के प्रबंधक हबीब चौधरी द्वारा भाजपा नेता श्री द्विवेदी का माला पहनाकर स्वागत किया गया। जिसमें लखनऊ से आए डाक्टरों की टीम द्वारा मरीजों की जांच की गई, तथा निःशुल्क दवा वितरण भी गया। स्वास्थ्य संस्था के प्रबंधक हबीब चौधरी के बताया कि सुबह लगभग 10 बजे से चार बजे तक आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर में 333 मरीजों की जांच व दवाएं उपलब्ध कराई गई। चिकित्सा कैम्प के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता राम बाबू द्विवेदी के अतिरिक्त भाजपा उपाध्यक्ष अमरीश रावत डारेक्टर हसीब चौधरी डॉक्टर्स हॉस्पिटल के वरिष्ठ डॉक्टर चंदानी डॉक्टर सरताज फारूकी डॉक्टर अजय वर्मा फिजियोथेरेपीस्ट डॉक्टर जीशान हसीब अकरम खान मोहम्मद सलीम चौधरी वसीम अहमद साहिल हसीब बिलाल अफरीदी मोहम्मद असलम मोहम्मफ आलम अदनान मियां सलोन प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।






## करवा चौथ पर प्रेम और विश्वास का अनोखा संगम — सुहागिनों ने पतियों की दीर्घायु के लिए किया व्रत

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। करवा चौथ का पावन अवसर दांपत्य जीवन में प्रेम, आस्था और अटूट विश्वास का प्रतीक माना जाता है। सोमवार को जनपद बस्ती सहित आसपास के क्षेत्रों में सुहागिन महिलाओं ने अपने पतियों की लंबी आयु और सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना के साथ निर्जला व्रत रखकर करवा चौथ पर्व को पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया। सुबह से ही महिलाओं ने पारंपरिक श्रृंगार कर हाथों में मेंहदी रचाई और सोलह श्रृंगार के साथ पूजा की तैयारियों में जुट गईं। दिनभर बिना अन्न–जल ग्रहण किए महिलाओं ने पूजा–पाठ कर भगवान शिव–पार्वती तथा गणेश जी का आह्वान किया। शाम होते ही दीदार–ए–चांद का इंतजार हर आंख में साफ झलकने लगा। जैसे ही चंद्रमा ने दर्शन दिए, सुहागिनों ने छलनी से चांद को देखा और फिर पति के चेहरे को निहारा। पानी की अरघा देकर व्रत खोला गया, इस दौरान कई घरों में प्रेम और भावनाओं से भरी भावुक पल देखने को मिले। इस पर्व को प्रेम का उत्सव मानते हुए बस्ती जनपद के अपर जिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान एवं उनकी धर्मपत्नी रागिनी चौहान हर वर्ष एक–दूसरे के प्रति समर्पण का संदेश देते हुए एक साथ व्रत रखते हैं। दंपति ने पति–पत्नी के रिश्ते को केवल परंपरा नहीं बल्कि साथ जीने–मरने के वचन और सम्मान का संबंध बताते हुए कहा कि करवा चौथ केवल एक रस्म भर नहीं, बल्कि जीवनसाथी के प्रति निष्ठा और प्रेम की जीती–जागती मिसाल है।जिले के विभिन्न मंदिरों और सामुदायिक स्थलों पर सुहागिनों ने एकत्र होकर सामूहिक पूजा–अर्चना भी की। इस दौरान वातावरण में मंगल गीतों की मधुर गूंज रही और पूरा नगर आस्था और दांपत्य प्रेम के रंग में रंगा नजर आया।करवा चौथ ने एक बार फिर साबित किया कि भारतीय संस्कृति में विवाह केवल सामाजिक बंधन नहीं, बल्कि दो आत्माओं का प्रेम, विश्वास और एक–दूसरे के प्रति समर्पण का अनंत वचन है। इसी क्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष हैदरगढ़ आलोक तिवारी ने अपनी पत्नी को अरघा देकर व्रत तोड़वाया ।

# उद्देश्यों से कोसों दूर भटक गया देवा मेला आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



## पूर्व विधायक का शिकवा, डीएम को पत्र

बाराबंकी। मेला आयोजन सामाजिक एकता को बढ़ावा देने का अनुपम स्रोत कहे गए हैं।मेले लोगों को एक साथ लाने और सामाजिक एकता को बढ़ावा देने का काम करते हैं। मेले समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों को एक साथ लाने और उनकी जीवन में रंग भरने का काम करते हैं। देवा मेला आयोजन ऐसे ही उद्देश्य का पूरक रहा है। वर्तमान परिवेश में आए बदलाव ने सद्भाव पसंद लोगों को झकझोर सा दिया है। समाज निर्माण सामाजिक दिशा दशा मैं महत्वपूर्ण योगदान देने वाले लोग देवा मेला आयोजन में वैमनस्यता से दर्वित है। इनमें से एक है पूर्व विधायक सरवर अली खां। श्री खान जिला प्रशासन को बकायदे पत्र लिखकर अपनी व्यथा साझा की है। पूर्व विधायक श्री खान ने देवा मेला प्रदर्शनी के मुखिया जिलाधिकारी को पत्र लिखकर उन्हें मेला उद्घाटन की मुबारकबाद भी दी है।आगे लिखा है कि विश्व विख्यात इस मेले का आपकी रहनुमाई मे हर्ष उल्लास से हुए उद्घाटन की बधाई स्वीकार करते हुए अवगत हो कि मेरा जन्म तहसील फतेहपुर के ग्राम बिशुनपुर में एक तालुकदार घराने में हुआ। जिनका नाम आज भी तालुकदार जंमीदार घराने के अलावा जनपद के बुजुर्गों में निहायत इज्जत व अहतराम से लिया जाता है। जो आनरेरी मजिस्ट्रेट के अलावा देवा नुमाईश कमेटी संस्थापक सदस्य रहे। जिनका प्रार्थी की अल्प आयु में निधन हो गया इनके बाद घर में कोई बालिग सदस्य न रहने व उचित पैरवी न होने के कारण प्रार्थी के घर की सदस्यता करीबी रिश्तेदारों में चली गयी प्रार्थी को ब्लाक फतेहपुर से प्रमुख व रामनगर विधानसभा से समाजवादी पार्टी के विधायक की हैसियत से समाज की सेवा करने का अवसर मिला। जब से राजनीति में कदम रक्खा है तब से यह पहला अवसर है कि आप जैसे योग्य दूरदर्शी एवं निष्पक्ष क्षवि रखने वाले अध्यक्ष के होते हुए मेले में निमन्त्रण व पास से वंचित रखा गया। महोदय जहां एक ओर सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका सम्मान की बात करती है वहीं दूसरी ओर समाज में अपना योगदान दे चुके तमाम प्रतिष्ठित संभ्रान्त व्यक्तियों, पूर्व विधायकों विशेषकर समाजवादी पार्टी के लोगों की उपेक्षा खेद एवं चिन्ता का विषय है। देवा मेला कमेटी द्वारा पात्र व्यक्तत्यों की घोर उपेक्षा कर महत्व व स्तर गिराते हुए बड़ी तादात में निमंत्रण व वाहन पास जारी किये गये जिस कारण वितरित किये गये वाहन पास का महत्व ही खत्म हो गया।

# देवा महोत्सव : छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से मोहा मन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देवा बाराबंकी । देवा मेला के ऑडिटोरियम में शनिवार को आयोजित छात्र-छात्राओं के सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने माहौल को उत्साह और देशभक्ति से भर दिया। मंच पर बालिकाओं ने नारी सशक्तिकरण, देशप्रेम और सामाजिक संदेशों पर आधारित गीतों व नृत्यों की सुंदर प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम की शुरुआत प्राथमिक विद्यालय मलौली के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने ल्लनारी का सत्कार करोङ्क गीत के माध्यम से महिला सम्मान का संदेश दिया। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय मसौली की छात्राओं ने ल्लविजयी भवङ्क गीत पर भावनात्मक नृत्य प्रस्तुत किया प्राथमिक विद्यालय टिकरा घाट और मलौली की छात्राओं



ने ल्लशक्ति है तूङ्क गीत पर मनमोहक प्रस्तुति से दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। संस्कार ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने ल्लकामयाबी मिसाल है कमाल कीङ्क गीत पर कव्वाली पेश कर देश की प्रगति और एकता का चित्रण किया वहीं, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय हरख की छात्राओं ने नौ दुर्गा पर आधारित नाटिका के जरिए महिला जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन पर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा मन्तशा ने ल्लओ देश मेरेङ्क गीत गाकर सभी को भावविभोर कर दिया।

## हाकी में दिखा रोमांच, बहराइच जीता

देवा, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। हॉकी मैदान में राज्य स्तरीय हॉकी खेल प्रतियोगिता के तीसरे दिन हॉकी प्रतियोगिता में रोमांचक मुकाबले देंखने को मिले। जीत हार के लिये खिलाड़ियों ने खूब पसीना बहाया। पहला मैच डीएचए बहराइच और कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में बहराइच ने 4 गोल मारे और गोला ने 1 गोल मारा। बहराइच टीम की जीत हुई। वहीं दूसरा मैच श्री चंद्र अकेडमी हरदोई और स्टार क्लब बलरामपुर टीम के बीच खेला गया। जिसमें बलरामपुर ने 5 गोल मारे और हरदोई ने 1गोल मारा इसमें बलरामपुर की टीम विजयी रही। इस अवसर पर जिला सचिव धीरेंद्र कुमार वर्मा, देवा मेला आयोजन सचिव मजहर अजीज, महबूब–उर–रहमान, अरमान वारसी, अदील अहमद, मुजीब अहमद, विजय अवस्थी, आशीष वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# जेपी और अब्बास अली ने देश के लिए दी बड़ी कुर्बानी : राजेश यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। प्रखर समाजवादी नेता व नेताजी सुभाषचंद्र बोस के करीब रहे आजाद हिन्द फौज के सेनानी कैप्टन अब्बास अली और सम्पूर्ण क्रान्ति के नायक जयप्रकाश नारायण की स्मृति में गांधी भवन में आयोजित स्मृति सभा में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी राजेश यादव राजू सम्मिलित हुए। उन्होंने कहा कि कैप्टन अब्बास अली और जयप्रकाश नारायण ने समाजवादी विचारधारा को भी मजबूत करने के लिये बड़ी कुर्बानियां दी। वह दोनों देश के एक अग्रणी स्वतंत्रता सेनानी थे। अब्बास अली ने आजाद हिंद फौज के माध्यम से देश को आजाद करने के लिए जो संघर्ष किया, और जयप्रकाश नारायण ने 1942 के आंदोलन में समाजवादी विचारधारा को मजबूत किया और देश को आजाद कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभा अध्यक्षता कर रहे समाजवादी चिंतक राजनाथ शर्मा ने कहा कि कैप्टन अब्बास अली बीबीसी के पूर्व संवाददाता एवं वरिष्ठ पत्रकार कुर्बान अली के पिता तथा समाजवादी आंदोलन के क्रांतिकारी नेता थे। एएमयू के छात्र रह चुके अब्बास अली वर्ष 1939 में ब्रिटिश इंडियन आर्मी में भर्ती हुए थे। जब नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने सशस्त्र क्रांति का बिगुल फूंका तो वह अंग्रेजी सेना की नौकरी छोड़कर आईएनए में शामिल हो गए। श्री शर्मा ने कहा कि जय प्रकाश नारायण ने आजादी के बाद लोकतंत्र पर पैदा हुए खतरा से देश को मुक्त कराया। वो युवा शक्ति के बल पर बदलाव की ताकत पहचानते थे। उम्र अधिक होने के बाद भी अंतिम समय तक वह मन से युवा रहे। वरिष्ठ सपा नेता कुवंर ज्ञान सिंह यादव ने भी अपने विचार रखे। सभा का संचालन हुमायूं नईम खान ने किया। इस मौके पर मृत्युंजय शर्मा, विनय कुमार सिंह, प्रधान रमेश चन्द्र वर्मा, विजय रावत, सत्यवान वर्मा, पंकज कुमार एडवोकेट, मंशाराम रावत, सोनू चौबे, तुलसीराम यादव, राजकुमार बीडीसी, अनिल यादव, रमेश वर्मा, रंजीत कुमार, विवेक सिंह, अभिषेक, रणंजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

## संचारी रोगों से बचाव निकली जागरूकता रैली

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।प्राथमिक विद्यालय करौरा में शनिवार को दस्तक संचारी अभियान के तहत निकली जागरूकता रैली में संचारी रोगों से बचाव के प्रति आमजन को जागरूक किया गया।यह अभियान 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलेगा। अभियान के पहले दिन छात्र–छात्राओं को साफ–सफाई और संचारी रोगों से बचने के उपायों के बारे में जानकारी दी गई।स्वास्थ्य विभाग की एएनएम अर्चना ने बताया कि इस माह में संचारी रोगों के फैलने की संभावना अधिक रहती है, जिसके लिए साफ–सफाई सबसे महत्वपूर्ण है। जागरूकता रैली में स्वास्थ्य विभाग की एएनएम, आशा बहू, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, विद्यालय के शिक्षक और छात्र–छात्राएं मौजूद रहे। उन्होंने गांव के लोगों को दस्तक अभियान के माध्यम से संचारी रोगों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

## अतिथि प्रवक्ता ने लगाया प्राचार्य पर गंभीर आरोप

रामनगर बाराबंकी । स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में अतिथि प्रवक्ता बीएड विभाग में कार्यरत रानी सैनी पुत्री महादेव प्रसाद ने कॉलेज के प्राचार्य कौशलेंद्र विक्रम मिश्रा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि बीते सन 2024–25 में प्राचार्य व उनके जातिगत हितैसी कुछ सजातीय बी एड प्रशिक्षुओं के साथ मिलकर षड्यंत्र करके दोषारोपण, सजातीय अतिथि शिक्षक से शिक्षण करवाने प्रतिकर अवकाश काटकर तथा एक एस सी/ एसटी एक्ट के मुकदमे में झूठी गवाही न देने के कारण विस्तारीकरण रोकने पर मुख्यमंत्री से फरियाद की तो प्राचार्य ने कहा कि जो मैं कहता हूं मेरी सारी बात मानो तो मैं तुम्हारे सभी कार्य करूंगा, नहीं तो 2024–25 में मानदेय काटा है अगले साल में विस्तारीकरण भी नहीं होने दूंगा। मेरी पहुंच ऊपर तक है इसी पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर प्राचार्य ने सत्र 2024–25 को मानदेय काटा व वर्तमान सत्र 2025–26 के बीच सत्र में कॉलेज आने से मना करके आर्थिक व मानसिक शोषण भी किया जबकि मेरे ही संवर्ग के अन्य शिक्षक आ रहे हैं जो उनके प्रकरण में गवाह है तथा उनमें से एक व्यक्ति उम्र दराज होने के कारण शारीरिक रूप से अक्षम है। रानी सैनी ने बताया कि कई बार डीएम, एसडीएम, महिला आयोग, महिला हेल्पलाइन के साथ–साथ मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी न्याय की फरियाद की गई यहां तक की जनता दरबार में भी शिकायत की गई किंतु प्राचार्य के लोगों के द्वारा वह मेरा पीछा कर प्राचार्य को सारी सूचनाओं देते रहते हैं जिसके कारण अंदर उनके आदमी मेरा प्रार्थना पत्र कूड़ेदान में डाल देते हैं ।

## पटाखा दुकानों अग्निशमन, पुलिस ने लिया जायजा

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शनिवार को पुलिस और प्रशासन की एक संयुक्त टीम ने बीबीपुर–अब्दुल्लापुर मार्ग पर स्थित पटाखा दुकानों और गोदामों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह जैदपुर कोतवाल संतोष कुमार सिंह, चौकी इंचार्ज विनय यादव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। फायर अधिकारी राहुल कुमार के मुताबिक व्यवस्थाएं ठीक मिली।

## विद्यालय बंद, प्रधान ने जताई नाराजगी

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के ग्राम बड़नपुर के प्राथमिक विद्यालय लोनार मठ में शनिवार को विद्यालय बंद मिलने पर ग्रामीणों ने खासी नाराजगी जताई।ग्राम प्रधान आशा वर्मा ने मौके पर पहुंचकर शिक्षकों की अनुपस्थिति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की।उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।ग्रामीणों ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई के साथ शिक्षक बड़ी ही लापरवाही करते है।खंड शिक्षा अधिकारी रमेश चंद्रा ने कहा कि जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## देवा मेला, उमाशंकर साईं के भजनों से श्रोता भावविभोर

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। देवा मेला की सांस्कृतिक संध्या में शनिवार को साईं भजन गायक उमाशंकर महाराज की प्रस्तुतिदयों ने श्रोताओं के हृदय को छू लिया। उमाशंकर महाराज ने अपने मधुर और भावपूर्ण भजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को साईं बाबा की भक्ति में डुबो दिया। कार्यक्रम में उन्होंने ''साईं तेरी दया का मुझे दान मिल रहा है, जाता हूं मैं जिधर भी सम्मान मिल रहा है मुझे अब डर नहीं है किसी और से, मेरे बाबा खड़े हैं मेरी ओर से यह कैसी लगन बाबा तुमने हमको लगा दी है, घर बार तो चीज है क्या सारी दुनिया भुला दी है'' और ''आते जाते हुए गुनगुनाया करो, साईं बोला करो, साईं गाया करो'' जैसे लोकप्रिय भजन प्रस्तुत किए। उमाशंकर महाराज की मधुर आवाज और भक्ति से ओत–प्रोत शैली ने उपस्थित श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। उनके भजनों में श्रद्धा और प्रेम का संगम देखने को मिला। श्रोताओं ने पूरे कार्यक्रम का आनंद लिया और साईं बाबा के प्रति अपनी आस्था को निखारने का अवसर पाया। इस सांस्कृतिक संध्या ने देवा मेला में उपस्थित लोगों के लिए एक अद्भुत और आध्यात्मिक अनुभव प्रदान किया।

## सफ़रनामा, आदिकैलाश यात्रा : जहाँ धरती आकाश को छूती है

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। देवभूमि उत्तराखंड के पिथौरागढ़ ज़िले में भारत–तिब्बत (चीन) और नेपाल की सीमा के मध्य, लगभग 17,500 फ़ीट की अद्भुत ऊँचाई पर, बृहद एवं लघु हिमालय श्रंखला की सन्धि पर स्थित आदिकैलाश महादेव मंदिर, गौरीकुंड, कालापानी में व्यास गुफ़ा के समीप स्थित माँ काली मंदिर, और प्राचीन भारत–तिब्बत व्यापार मार्ग लिपुलेख दर्रा—ये सब मानो एक दिव्य लोक के प्रवेश द्वार प्रतीत होते हैं। ऐसा लगता है जैसे स्वयं हिमालय अपनी गोद में किसी प्राचीन रहस्य को सहेजे बैठा हो।टनकपुर से चम्पावत, लोहाघाट, पिथौरागढ़, धारचूला, गुंजी और नाबी होते हुए आदिकैलाश की ओर बढ़ता यह मार्ग मानो प्रकृति का चलता–फिरता कैनवास है।ऊँचे–ऊँचे खुरदरे पहाड़, उन पर घटाओं को चीरते झरने, तीखे मोड़ों वाली सर्पाकार सड़कें और गहरी खाइयों का भयानक विस्तार—हर मोड़ पर दिल की धड़कनें जैसे थम–सी जाती हैं। पूरे मार्ग में मुश्किल से 25S30 वाहन दिखाई पड़ते हैं, जिससे यह एहसास और गहरा होता है कि हम आधुनिक भागदौड़ भरी दुनिया से बहुत दूर, एक आध्यात्मिक लोक की दहलीज़ पर पहुँच चुके हैं। बीच–बीच में सेना के ट्रकों की उपस्थिति इस क्षेत्र की संवेदनशीलता और रणनीतिक महत्ता का आभास कराती है। वहीं स्मार्ट बाइकर्स और यूट्यूबर जब घाटियों में गूंजती आवाज़ों के साथ दौड़ते नज़र आते हैं, तो इस यात्रा का रोमांच कई गुना बढ़ जाता है। नीचे अथाह गहराई, ऊपर खुरदरी चट्टानों का आलिंगन, बीच में हरियाली की चादर और झरनों की मधुर गूंज—यह नज़ारा सिर्फ़ दृश्य नहीं, एक अनुभव है।गुंजी से कालापानी (काली माता मंदिर और व्यास गुफा) लगभग 18 किमी की दूरी पर है, और वहाँ से लिपुलेख दर्रा महज़ 9 किमी आगे। यहाँ प्रवेश हेतु सेना की अनुमति आवश्यक होती है। साफ मौसम में यहीं से कैलाश मानसरोवर के अद्भुत दर्शनों का सौभाग्य प्राप्त होता है। अंतिम लगभग 400 मीटर की पैदल चढ़ाई तेज़ हवाओं के बीच एक अद्भुत दिव्यता का आभास कराती है।गुंजी से दूसरी दिशा में नाबी मार्ग होते हुए लगभग 32 किमी दूर पहुँचते हैं आदिकैलाश महादेव मंदिर, गौरी कुंड, पार्वती सरोवर और भीम की खेती।

# एन–कार्ड की जनपद स्तरीय समिति की बैठक का कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।मादक पदार्थों के अवैध व्यापार एवं रोकथाम के लिए गठित एन-कार्ड की जिला स्तरीय समिति की बैठक पीलीभीत कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई बैठक में जिला आबकारी अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा दुकानदारों, रेस्टोरेंटों में आकस्मिक निरीक्षण कर मादक पदार्थों का सेवन न करने के निर्देश दिये जा रहे है और बताया जा रहा है कि अपने प्रतिष्ठानों पर यथा संभव स्थान पर इस आशय का बोर्ड लगाया जाए और जनपद में विभिन्न स्थानों पर युवाओं को प्रतिबंधित दवाओ के प्रति जागरूक करने हेतु लिखित सामग्री सार्वजनिक स्थानों पर वितरण भी कराया जाए मेडिकल स्टोर की सतत निगरानी,घाट व अन्य जगहों पर, रेलवे स्टेशन के यार्ड, निस्प्रयोज्य इमारतें, इत्यादि स्थानों पर निरंतर निगरानी किये जाने तथा पुलिस गस्त लगाये जाने के निर्देश दिये गये इसके साथ ही नशा मुक्ति केन्द्र तथा ड्रग पीड़ितों के पुर्नस्थापन के सन्दर्भ में जानकारी ली गयी निर्देशित किया कि स्कूलों व कॉलेजों में इसके संबंध में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की जाए, गोष्ठी आयोजित की जाए, उसमें संलिप्त लोगों की काउंसिलिंग भी की जाए बैठक में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को नशे से दूर रहने तथा अन्य लोगो को भी नशे से दूर रखने की शपथ दिलायी बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने की ,अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, सिटी मजिस्ट्रेट, पुलिस उपाधीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, तहसीलदार सदर, सीमा सुरक्षा बल के वरिष्ठ अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी,समाज कल्याण अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी ,वन विभाग के अधिकारी,सहित समस्त आबकारी निरीक्षक अपराध निरोधक क्षेत्र उपस्थित रहे।

## जिला सचिव पवन यादव पदमुक्त जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने जारी किया पत्र

पीलीभीत। जनपद पीलीभीत में समाजवादी पार्टी के जिला संगठन के जिला सचिव पद पर कार्यरत पवन यादव निवासी माधोटाडा द्वारा सोशल मीडिया ग्रुप पर सिख समाज के प्रति की गई अभद्र व आपत्तिजनक टिप्पणी पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह ''जग्गा'' ने कहा कि ''पवन यादव की टिप्पणी अत्यंत ही निंदनीय, अमर्यादित और समाज को बांटने वाली है। समाजवादी पार्टी सदा सर्वधर्म सम्मान, सामाजिक एकता और भाईचारे की पक्षधर रही है। किसी भी धर्म, जाति या समुदाय विशेष के प्रति अनादरपूर्ण वक्तव्य को पार्टी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं कर सकती।पार्टी नेतृत्व द्वारा इस पूरे प्रकरण को गंभीरता से लिया गया है।

## काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य कर रहे हैं शिक्षक शिक्षिकाएं

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में राज्य के विभिन्न जनपदों के शिक्षक शिक्षिकाएं टीईटी आदेश की वापसी मांग को लेकर गांधीगिरी कर रहे हैं।वे काली पट्टी बांध कर अपने विद्यालयों में अध्यापन कार्य कर रहे है। शिक्षकों का कहना है कि आदेश वापसी तक अपनी सेवा सुरक्षा के लिए संघर्ष करेंगे। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह का कहना है कि राज्य सरकार को शिक्षकों की सेवा सुरक्षा की जिम्मेदारी का निर्वहन स्वयं ही करना चाहिए क्योंकि भारतीय संविधान में कल्याणकारी राज्य के रूप में अपने नागरिकों के कल्याण के लिए सदैव तत्पर रहने की अपेक्षा की गयी है।

## लोक गायिका संजू सिंह ने अपनी लोकधुनों से मंत्रमुग्ध किया

देवा, बाराबंकी । देवा मेला में आयोजित कार्यक्रम में लोक गायिका संजू सिंह ने अपने विभिन्न विधाओं के लोकगीतों से श्रोताओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत उन्होंने भजन ल्लमेरे शंकर जी है भोले भाले, जटा के बाल काले, गले में नाग डाले हैंङ्क से की। इसके बाद उन्होंने छठ गीत ल्लपांच सुख छाजब छठी माईङ्क प्रस्तुत किया।ए कार्यक्रम में उन्होंने कहारू गीत ल्लसांझे बोले चिरई, सबेरे बोले मोरवाङ्क, लचका गीत ल्लटिकवा गिरे धमक से हो राजाङ्क, पूर्वी गीत ल्लजब जब सुधि आवे उठेला दरदियाङ्क, झूमर गीत ल्लसुनर नारी ना पईब राजा और ना जाने कजरा के मोलङ्क, और बारहमासा गीत ल्लजो हम कहलकरी तू मानल कर बलमूंङ्क सहित कई अन्य लोकप्रिय लोकगीतों की प्रस्तुति दी इस अवसर पर तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह, जिला कमांडेंट होमगार्ड बाराबंकी बी. के. सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे और उन्होंने कलाकार के प्रदर्शन की सराहना की।

# गिल के नाबाद शतक और जडेजा के तीन झटकों से भारत ने कसा शिकंजा

एजेंसी

नयी दिल्ली। कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 129) के बेहतरीन शतक से भारत ने दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को पांच विकेट पर 518 रन बनाकर अपनी पारी घोषित कर दी और लेफ्ट आर्म स्पिनर रवींद्र जडेजा ने तीन विकेट झटककर वेस्ट इंडीज का पहली पारी में स्कोर चार विकेट पर 140 रन कर दिया। विंडीज अभी भारत के स्कोर से 378 रन पीछे है। एक और दिन भारतीयों के नाम रहा। वेस्टइंडीज ने अहमदाबाद की तुलना में ज़्यादा धैर्य और दृढ़ संकल्प दिखाया, लेकिन फिर भी एकाग्रता में कुछ कमियाँ देखने को मिलीं, जिसका उन्हें इस सीरीज में भारी नुकसान उठाना पड़ा है। भारत ने आज 5 विकेट पर 518 रन बनाकर पारी घोषित करने से पहले ठीक 200 रन और जोड़े - यशस्वी जायसवाल के 175 और शुभमन गिल के 129* रनों की बदौलत टीम ने बड़ा स्कोर बनाया। जॉन कैंपबेल एक अजीबोगरीब तरीके से आउट हुए, लेकिन तेज नारायण चंद्रपॉल और एलिक ऐथनेज ने धैर्य बनाए रखा और दूसरे विकेट के लिए 66 रनों की साझेदारी की। लेकिन जैसा कि पहले अक्सर होता आया है, एक गलती के कारण चंद्रपॉल आउट हो गए और मेहमान टीम का स्कोर 87/1 से 107/4 हो गया। शाई होप काफी सकारात्मक दिखे और टेविन इमलाक ने आत्मविश्वास से बल्लेबाजी की। विकेट पर अभी भी रन बने हुए हैं और उन्हें कल अच्छी बल्लेबाजी की उम्मीद होगी। भारत के लिए, सब कुछ धैर्य बनाए रखने, सही क्षेत्रों में गेंदबाज़ी करने और अपरिहार्य गलती का इंतज़ार करने पर निर्भर करता है। भारत के पारी घोषित करने के बाद जब वेस्ट इंडीज ने खेलना शुरू किया तो उसे पहला झटका जल्द ही लगा। लेफ्ट आर्म स्पिनर जडेजा ने जॉन कैंपबेल को आउट कर दिया। कैंपबेल ने 10 रन बनाये और विंडीज का पहला विकेट 21 के स्कोर पर गिरा। तेज नारायण चंद्रपाल और ऐलेक ऐथनेज ने दूसरे विकेट के लिए 66 रन की साझेदारी की। लेकिन जडेजा ने चंद्रपाल को केएल राहुल के हाथों कैच कराकर इस साझेदारी को तोड़ा। चंद्रपाल ने 67 गेंदों में 34 रन बनाये। कुलदीप यादव ने कुछ देर बाद ऐलेक ऐथनेज को पवेलियन की राह दिखा दी। ऐथनेज ने 84 गेंदों पर 41 रन बनाये। जडेजा ने विंडीज के कप्तान रोस्टन चेज को खाता खोलने का मौका दिए बिना अपनी ही गेंद पर खुद कैच कर लिया। शाई होप ने इसके बाद सावधानी के साथ खेलते हुए नाबाद 31 रन बनाकर पारी को संभाल लिया। उनके साथ दूसरे छोर पर टेविन इमलाक 14 रन बनाकर नाबाद हैं। भारत की तरफ से जडेजा ने 37 रन पर तीन विकेट और कुलदीप ने 45 रन पर एक विकेट लिया। इससे पहले भारत ने अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 518 के विशाल स्कोर पर घोषित कर दी। लंच के बाद शुभमन गिल ने शतक बनाकर तेजी के साथ रन बनाने शुरु किये। इसी दौरान 135 ओवर की दूसरी गेंद पर रॉस्टर चेज ने ध्रुव जुरेल को बोल्ड कर भारत को पांचवां झटका दिया और इसी के साथ भारत ने 518 रन के स्कोर पर पारी घोषित कर दी है। शुभमन गिल ने 196 गेंदों में 16 चौके और दो छक्के लगाते हुए नाबाद 129 रनों की पारी खेली। इससे पहले भारत ने कल के दो विकेट पर 318 रन से आज आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र के दूसरे ही ओवर में यशस्वी जयसवाल रनआउट के रूप में भारत का तीसरा विकेट गिरा। यशस्वी ने 258 गेंदों में 22 चौकों की मदद से 175 रनों की पारी खेली।

## त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2025

**दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-**

### उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृत्ति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 08:35 | पटना जं. | 21:30 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शनिवार | 15.11.25 तक |
| 02251 | पटना जं. | 10:00 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगलवार, बृहस्पतिवार, रविवार | 12.10.25 से 16.11.25 |
| 02253 | पटना जं. (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 10:00 | नई दिल्ली | 23:30 | सप्ताह में तीन दिन | शनिवार, सोमवार, बुधवार | 17.11.25 तक |
| 02254 | नई दिल्ली | 08:35 | पटना जं. | 21:30 | | रविवार, मंगलवार, बृहस्पतिवार | 12.10.25 से 16.11.25 |
| 04203 | लखनऊ | 08:05 | नई दिल्ली | 18:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 04204 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ | 06:35 | | | |
| 04008 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 08:30 | जोगबनी | 17:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04007 | जोगबनी | 18:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 03:00 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 04010 | दिल्ली जं. | 23:05 | सीतामढ़ी | 22:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04009 | सीतामढ़ी | 23:55 | दिल्ली जं. | 23:58 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर जं. | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर जं. | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04060 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 09:00 | जयनगर | 07:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04059 | जयनगर | 10:00 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 08:40 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04070 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 19:00 | | | |
| 04064 | दिल्ली जं. | 11:00 | भागलपुर | 10:30 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 04063 | भागलपुर | 13:40 | दिल्ली जं. | 15:30 | | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 04525 | सहारनपुर जं. | 04:40 | अम्बाला कैंट | 06:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04526 | अम्बाला कैंट | 20:20 | सहारनपुर जं. | 22:30 | | | |
| 04219 | शाहगंज | 22:35 | अयोध्या धाम | 01:40 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम | 02:10 | शाहगंज | 04:40 | | | |
| 04450 | नई दिल्ली | 15:10 | दरभंगा जं. | 16:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04449 | दरभंगा जं. | 18:15 | नई दिल्ली | 23:00 | | | 01.12.2025 तक |
| 04454 | नई दिल्ली | 20:00 | मानसी जं. | 23:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04453 | मानसी जं. | 01:10 | नई दिल्ली | 03:00 | | | 02.12.2025 तक |
| 04456 | नई दिल्ली | 22:40 | धनबाद जं. | 02:20 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04455 | धनबाद जं. | 04:00 | नई दिल्ली | 06:00 | | | 02.12.2025 तक |
| 04458 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 13:40 | भागलपुर | 14:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04457 | भागलपुर | 18:00 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 22:00 | | | 01.12.2025 तक |
| 04016 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 15:30 | सीतामढ़ी | 15:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04015 | सीतामढ़ी | 16:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 18:15 | | | 01.12.2025 तक |
| 04452 | नई दिल्ली | 18:15 | हावड़ा जं. | 21:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 19.12.2025 तक |
| 04451 | हावड़ा जं. | 23:50 | नई दिल्ली | 04:10 | | | 20.12.2025 तक |
| 04094 | हज़रत निजामुद्दीन जं. | 11:00 | पटना जं. | 05:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04093 | पटना जं. | 07:45 | हज़रत निजामुद्दीन जं. | 00:45 | | | 30.11.2025 तक |
| 04096 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 00:05 | पाटलिपुत्र | 21:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04095 | पाटलिपुत्र | 00:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 21:30 | | | 30.11.2025 तक |
| 04098 | नई दिल्ली | 09:30 | हसनपुर रोड जं. | 12:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04097 | हसनपुर रोड जं. | 15:00 | नई दिल्ली | 18:30 | | | 30.11.2025 तक |
| 02877 | रांची जं. | 23:55 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 17.10.25 से 31.10.25 |
| 02878 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 04:00 | रांची जं. | 05:00 | | रविवार | 19.10.25 से 02.11.25 |
| 04504 | चंडीगढ़ जं. | 23:35 | पटना जं. | 21:00 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04503 | पटना जं. | 23:00 | चंडीगढ़ जं. | 23:10 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जं. | 09:40 | छपरा जं. | 09:00 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 04607 | छपरा जं. | 12:00 | अमृतसर जं. | 13:30 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 05314 | गोमती नगर | 00:15 | महबूबनगर | 19:10 | साप्ताहिक | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05313 | महबूबनगर | 22:10 | गोमती नगर | 15:00 | | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 05017 | मऊ जं. | 05:30 | उधना जं. | 12:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 01.11.2025 तक |
| 05018 | उधना जं. | 15:00 | मऊ जं. | 22:30 | | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05115 | छपरा जं. | 17:45 | उधना जं. | 07:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05116 | उधना जं. | 10:00 | छपरा जं. | 23:00 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जं. | 21:00 | अमृतसर जं. | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 05735 | अमृतसर जं. | 13:25 | कटिहार जं. | 23:45 | | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 04090 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 14:25 | पटना जं. | 11:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04089 | पटना जं. | 18:20 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 14:50 | | | 30.11.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जं. | 06:25 | लखनऊ | 11:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ | 16:30 | वाराणसी जं. | 21:50 | | | |
| 04221 | वाराणसी जं. | 20:40 | बठिण्डा जं. | 17:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04222 | बठिण्डा जं. | 20:50 | वाराणसी जं. | 18:00 | | बुधवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04224 | वाराणसी जं. | 14:50 | चण्डीगढ़ | 08:30 | सप्ताह में तीन दिन | सोम, बुध, शुक्र | 28.11.2025 तक |
| 04223 | चण्डीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जं. | 04:00 | | मंगल, बृहस्पति, शनि | 29.11.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 07:00 | गोमती नगर | 07:15 | साप्ताहिक | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05741 | गोमती नगर | 09:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:25 | | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 05734 | किशनगंज | 09:10 | अमृतसर जं. | 00:10 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 13.11.2025 तक |
| 05733 | अमृतसर जं. | 04:25 | किशनगंज | 17:30 | | शनिवार | 15.11.2025 तक |
| 05325 | गोमती नगर | 00:15 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 05:50 | साप्ताहिक | शनिवार | 01.11.2025 तक |
| 05326 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 07:55 | गोमती नगर | 10:45 | | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05023 | गोमती नगर | 23:55 | खातीपुरा | 17:30 | साप्ताहिक | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 05024 | खातीपुरा | 18:50 | गोमती नगर | 11:45 | | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 04195 | आगरा कैंट | 05:00 | जोगबनी | 18:45 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04196 | जोगबनी | 21:00 | आगरा कैंट | 07:10 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08763 | दुर्ग जं. | 07:20 | सुलतानपुर जं. | 07:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08764 | सुलतानपुर जं. | 10:00 | दुर्ग जं. | 12:50 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 01491 | पुणे जं. | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 20:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 01492 | हज़रत निजामुद्दीन | 21:25 | पुणे जं. | 23:55 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 01079 | छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.) | 22:30 | गोरखपुर जं. | 10:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 01080 | गोरखपुर जं. | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.) | 00:40 | | | 02.12.2025 तक |
| 03107 | कोलकाता | 23:55 | लखनऊ | 00:10 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 06.11.2025 तक |
| 03108 | लखनऊ | 01:40 | कोलकाता | 00:40 | | शनिवार | 08.11.2025 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार (ट.) | 13:40 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 03436 | आनंद विहार (ट.) | 15:45 | मालदा टाउन | 21:05 | | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 02391 | पटना जं. | 22:20 | आनंद विहार (ट.) | 18:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02392 | आनंद विहार (ट.) | 23:20 | पटना जं. | 17:20 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09083 | मुंबई सेंट्रल | 23:10 | बनारस | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 09084 | बनारस | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 09111 | वडोदरा जं. | 19:00 | गोरखपुर जं. | 23:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 09112 | गोरखपुर जं. | 05:00 | वडोदरा जं. | 08:00 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बड़गाम | 20:20 | सप्ताह में छ: दिन | शुक्रवार को छोड़कर | 02.12.2025 तक |
| 04688 | बड़गाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | |
| 09639 | मदार जं. | 04:30 | रोहतक जं. | 12:50 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 09640 | रोहतक जं. | 13:20 | मदार जं. | 22:35 | | | |
| 09523 | ओखा | 10:00 | शकूर बस्ती | 10:35 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 09524 | शकूर बस्ती | 13:15 | ओखा | 13:50 | | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 01415 | पुणे जं. | 06:50 | गोरखपुर जं. | 16:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 01416 | गोरखपुर जं. | 17:30 | पुणे जं. | 03:15 | | | 01.12.2025 तक |
| 05301 | मऊ जं. | 04:00 | अंबाला छावनी जं. | 00:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 05302 | अंबाला छावनी जं. | 01:40 | मऊ जं. | 22:00 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05005 | बढ़नी | 15:10 | अमृतसर | 09:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 05006 | अमृतसर | 12:45 | बढ़नी | 08:15 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01707 | जबलपुर | 14:15 | आनंद विहार (ट.) | 12:25 | साप्ताहिक | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 01708 | आनंद विहार (ट.) | 13:45 | जबलपुर | 09:30 | | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 01431 | पुणे जं. | 06:40 | गाजीपुर सिटी | 19:40 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, मंगलवार | 28.11.2025 तक |
| 01432 | गाजीपुर सिटी | 22:40 | पुणे जं. | 16:20 | | शनिवार, बुधवार | 29.11.2025 तक |
| 01123 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 12:15 | मऊ जं. | 05:35 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 01124 | मऊ जं. | 07:35 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 22:20 | | रविवार, मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 01051 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 12:15 | बनारस | 01:10 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01052 | बनारस | 06:35 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 16:40 | | शुक्रवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 09061 | बांद्रा (ट.) | 21:20 | बरौनी जं. | 19:15 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 09062 | बरौनी जं. | 12:15 | बांद्रा (ट.) | 06:30 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 09257 | भावनगर | 13:50 | शकूर बस्ती | 10:35 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 09258 | शकूर बस्ती | 13:15 | भावनगर | 10:45 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02417 | प्रयागराज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | प्रयागराज | 19:40 | | शनिवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 02275 | सूबेदारगंज | 21:40 | दिल्ली जं. | 08:55 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 02276 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:35 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05047 | बनारस | 10:45 | कोलकाता | 05:25 | साप्ताहिक | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 05048 | कोलकाता | 08:25 | बनारस | 04:15 | | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जं. | 17:00 | हजरत निज़ामुद्दीन | 05:00 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09310 | हजरत निज़ामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जं. | 21:00 | | शनिवार, सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 09095 | बांद्रा (ट.) | 11:00 | अयोध्या कैंट | 17:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 19.11.2025 तक |
| 09096 | अयोध्या कैंट | 21:00 | बांद्रा (ट.) | 06:00 | | बृहस्पतिवार | 20.11.2025 तक |
| 09097 | बांद्रा (ट.) | 21:50 | लुधियाना जं. | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09098 | लुधियाना जं. | 04:00 | बांद्रा (ट.) | 10:20 | | मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 07095 | चर्लपल्ली | 07:40 | हज़रत निजामुद्दीन | 16:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, बृहस्पतिवार | 16.10.25 तक |
| 07096 | हज़रत निजामुद्दीन | 19:00 | चर्लपल्ली | 04:00 | | बुधवार, शुक्रवार | 17.10.25 तक |
| 03255 | पटना जं. | 22:20 | आनंद विहार (ट.) | 18:35 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बृहस्पतिवार | 12.10.25 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट.) | 23:30 | पटना जं. | 18:35 | | सोमवार, शुक्रवार | अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जं. | 22:45 | दिल्ली जं. | 12:50 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 16.10.25 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जं. | 14:00 | गोरखपुर जं. | 06:25 | | शुक्रवार | अगले आदेश तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट.) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 05219 | मुज़फ्फरपुर जं. | 13:30 | आनंद विहार (ट.) | 10:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 18.10.25 से 29.11.25 |
| 05220 | आनंद विहार (ट.) | 12:00 | मुज़फ्फरपुर जं. | 09:45 | | रविवार | 19.10.25 से 30.11.25 |
| 03697 | गया जं. | 14:15 | दिल्ली जं. | 07:45 | सप्ताह में पाँच दिन | रवि, बृहस्पति को छोड़कर | 29.11.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | | सोम, शुक्र को छोड़कर | 30.11.2025 तक |
| 03311 | धनबाद जं. | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जं. | 09:00 | | बृहस्पतिवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 05579 | पूर्णियाँ कोर्ट | 16:30 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | सप्ताह में चार दिन | सोम, मंगल, शुक्र, रवि | 15.12.2025 तक |
| 05580 | आनंद विहार (ट.) | 05:15 | पूर्णियाँ कोर्ट | 13:45 | | बुध, बृहस्पति, शुक्र, रवि | 17.12.2025 तक |
| 05575 | सहरसा जं. | 20:00 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 10.12.2025 तक |
| 05576 | आनंद विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | | मंगलवार | 16.12.2025 तक |
| 01493 | पुणे जं. | 17:30 | हज़रत निजामुद्दीन | 20:00 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बृहस्पतिवार | 13.11.2025 तक |
| 01494 | हज़रत निजामुद्दीन | 21:25 | पुणे जं. | 23:55 | | मंगलवार, शुक्रवार | 14.11.2025 तक |
| 04312 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | सियालदह | 23:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 15.11.25 तक |
| 04311 | सियालदह | 05:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 12:00 | | सोमवार | 13.10.25 से 17.11.25 |
| 04314 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुज़फ्फरपुर जं. | 11:20 | सप्ताह में दो दिन | बृहस्पतिवार, रविवार | 30.11.25 तक |
| 04313 | मुजफ्फरपुर जं. | 14:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 11:15 | | शुक्रवार, सोमवार | 01.12.25 तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट.) | 00:20 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बृहस्पतिवार | 13.10.25 से अगले आदेश तक (20.10.25 को निरस्त) |
| 05306 | आनंद विहार (ट.) | 00:20 | छपरा | 22:50 | | बुधवार, शनिवार | अगले आदेश तक (22.10.25 को निरस्त) |
| 05625 | कामाख्या | 22:00 | रोहतक | 14:45 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 05626 | रोहतक | 22:10 | कामाख्या | 15:30 | | रविवार | 09.11.2025 तक |
| 02397 | गया जं. | 14:15 | आनंद विहार (ट.) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 12.10.25 से 30.11.25 |
| 02398 | आनंद विहार (ट.) | 08:20 | गया जं. | 00:30 | | सोमवार | 13.10.25 से 01.12.25 |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:30 | आनंद विहार (ट.) | 05:00 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शनिवार | 29.11.25 तक |
| 05284 | आनंद विहार (ट.) | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:50 | | बृहस्पतिवार, रविवार | 12.10.25 से 30.11.25 |
| 03309 | धनबाद जं. | 10:10 | दिल्ली जं. | 09:15 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शनिवार | 29.11.25 तक |
| 03310 | दिल्ली जं. | 11:45 | धनबाद जं. | 13:00 | | बुधवार, रविवार | 12.10.25 से 30.11.25 |
| 03639 | गया जं. | 22:00 | दिल्ली जं. | 17:00 | सप्ताह में तीन दिन | रवि, मंगल, बृहस्पति | 12.10.25 से 30.11.25 |
| 03640 | दिल्ली जं. | 19:00 | गया जं. | 11:30 | | सोम, बुध, शुक्र | 13.10.25 से 01.12.25 |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | आनंद विहार (ट.) | 13:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 13.10.25 से 24.11.25 |
| 03222 | आनंद विहार (ट.) | 16:00 | राजगीर | 16:45 | | मंगलवार | 14.10.25 से 25.11.25 |
| 03223 | राजगीर | 04:05 | हरिद्वार | 05:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 26.12.25 तक |
| 03224 | हरिद्वार | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 27.12.25 तक |
| 07363 | हुब्बल्लि जं. | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 13.10.25 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्लि जं. | 06:30 | | बृहस्पतिवार | 16.10.25 से अगले आदेश तक |
| 06597 | यशवंतपुर जं. | 07:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 10:20 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 06598 | योग नगरी ऋषिकेश | 17:55 | यशवंतपुर जं. | 19:45 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08760 | दुर्ग | 10:45 | हज़रत निजामुद्दीन | 11:10 | साप्ताहिक | रविवार | 23.11.2025 तक |
| 08761 | हज़रत निजामुद्दीन | 12:30 | दुर्ग | 15:00 | | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हज़रत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 07024 | हज़रत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 07077 | चर्लपल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01483 | पुणे जं. | 17:30 | हज़रत निजामुद्दीन | 20:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 01484 | हज़रत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे जं. | 23:55 | | बुधवार, रविवार | 30.11.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ — पर हमें फॉलो करें

# महिला पत्रकारों का अपमान नारी शक्ति के नारों का खोखलापन, जवाब दें मोदी : राहुल-प्रियंका

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी की भारत यात्रा के दौरान शुक्रवार को महिला पत्रकारों को प्रेस कॉन्फ्रेंस से बाहर रखने को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला करते हुए इसे नारी शक्ति के उनको नारों को खोखला करार दिया और कहा कि श्री मोदी को इस मामले में सरकार की स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।



अफगानिस्तान के विदेश मंत्री की प्रेस कॉन्फ्रेंस से महिला पत्रकारों को इजाजत नहीं देने को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दलों ने सरकार पर तीखा हमला किया और कहा कि यह अत्यंत संवेदनशील मुद्दा है और इस पर सरकार को जवाब देना चाहिए।

श्री गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर प्रधानमंत्री को संबोधित एक पोस्ट में शनिवार को कहा, मोदी जी, जब आपके शासन में महिला पत्रकारों को सार्वजनिक मंचों से बाहर रखने की अनुमति दी जाती है, तो आप देश की हर महिला को यह बता रहे होते हैं कि आप उनके साथ खड़े होने के लिए बहुत कमज़ोर इंसान हैं। हमारे देश में महिलाओं को हर क्षेत्र में समान भागीदारी का अधिकार है। इस तरह के भेदभाव के सामने आपकी चुप्पी नारी शक्ति पर आपके नारों के खोखलेपन को उजागर करती है।

श्रीमती वाड्रा ने कहा, प्रधानमंत्री जी, कृपया तालिबान के प्रतिनिधि की भारत यात्रा के दौरान आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस से महिला पत्रकारों को बाहर रखने पर अपनी स्थिति स्पष्ट करें। यदि महिलाओं के अधिकारों के प्रति आपकी मान्यता एक चुनाव से दूसरे चुनाव तक अपनी सुविधानुसार दिखावा मात्र नहीं है, तो फिर भारत की कुछ सबसे सक्षम महिलाओं का अपमान हमारे देश में कैसे होने दिया गया, जबकि महिलायें ही इसकी रीढ़ और गौरव हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा, भारत में महिला पत्रकारों पर प्रतिबंध लगाना चौंकाने वाला और अस्वीकार्य है कि भारत सरकार ने इस पर सहमति जतायी और वह भी देश की राजधानी में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस की पूर्व संध्या पर।

गौरतलब है कि श्री मुत्तकी की शुक्रवार को यहां हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिला पत्रकारों को शामिल होने इज़ाज़त नहीं दी गयी, जिसके बाद राजनीति गरमा गयी है।

# भारत को कृषि उत्पादन में न केवल आत्मनिर्भर बनाना है बल्कि निर्यात क्षमता भी बढ़ानी है :मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत को कृषि उत्पादन में न केवल आत्म निर्भर बनना है बल्कि वैश्विक बाजार के लिए उत्पादन भी करना है।

श्री मोदी ने कहा, 'हमें आयात कम करना है और निर्यात बढ़ाना है।' श्री मोदी ने इस उद्येश्य की प्राप्ति में पीएम धन-धान्य कृषि योजना तथा दलहन आत्मनिर्भरता मिशन की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। वह नयी दिल्ली में पूसा स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर) में आयोजित विशेष कृषि कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में उन्होंने कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में 42,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं और योजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण किया।

इनमें 24,000 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना और 11,440 करोड़ रुपये का ''दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन'' दो प्रमुख कार्यक्रम हैं। पीएम धन धान्य योजना का का उद्देश्य 100 जिलों में कृषि का कायाकल्प करना है। इसी तरह दलहन में आत्मनिर्भरता का मिशन दलहन खेती का रकबा बढ़ा कर और खरीद, प्रसंस्करण और वितरण जैसी मूल्य संवर्धन श्रृंखलाओं को मज़बूत करके पूरा किया जाना है। कार्यक्रम को कृषि मंत्री शिवराज चौहान ने भी संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कृषि उत्पादन में आत्म निर्भरता और निर्यात बढ़ाने के इन लक्ष्यों की प्राप्ति में पीएम धन-धान्य कृषि योजना तथा दलहन आत्मनिर्भरता मिशन की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि पीएम धन-धान्य योजना के लिए सौ जिलों का चयन तीन कसौटियों पर किया गया है। इसमें एक कसौटी खेती की पैदावार क्या है, दूसरी एक खेत में एक साल में खेती कितनी बार होती है तथा किसानों को कर्ज या निवेश की सुविधा कैसी है। उन्होंने कहा कि दलहन आत्मनिर्भरता मिशन सिर्फ दलहन उत्पादन बढ़ाने का कार्यक्रम नहीं है बल्कि हमारी भावी पीढ़ी को सशक्त बनाने का अभियान भी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि किसानों की आय बढ़े इसके लिए पशुपालन, मछली पालन , मधुमक्खी पालन पर बल दिया जा रहा है। इससे छोटे किसानों और भूमिहीन परिवारों को ताकत मिली है। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका और महत्वपूर्ण हो रही है जहां गावों में नमो ड्रोन दीदिया खाद और कीटनाशक छिड़काव के आधुनिक तरीकों का नेतृत्व कर रही हैं। श्री मोदी ने कहा, ''अपने किसान, पशुपालक और मछुआरा भाई-बहनों के कल्याण के लिए हम दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। इसी दिशा में आज दिल्ली से हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास मेरे लिए गर्व का क्षण है। हमने किसानों के हित में...बीज से लेकर बाज़ार तक सुधार किए हैं। प्रधान मंत्री ने पूसा के इसी मंच से देश भर में जगह जगह कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रों में 5,450 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की परियोजनाओं का उद्घाटन और राष्ट्र लोकार्पण किया। उन्होंने लगभग 815 करोड़ रुपये की अतिरिक्त परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। आज शुरू की गयी परियोजनाओं में बेंगलुरु और जम्मू-कश्मीर में कृत्रिम गर्भाधान प्रशिक्षण केंद्र, अमरेली और बनास में उत्कृष्टता केंद्र, राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत असम में आईवीएफ लैब की स्थापना शामिल हैं। इनके अलावा मेहसाणा, इंदौर और भीलवाड़ा में दूध पाउडर संयंत्र, तेजपुर (असम) में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत मछली चारा संयंत्र के साथ-साथ कृषि प्रसंस्करण क्लस्टरों के लिए बुनियादी ढांचा, एकीकृत कोल्ड चेन और मूल्यवर्धन अवसंरचना आदि शामिल हैं। उन्होंने आंध्र प्रदेश के कृष्णा में एकीकृत कोल्ड चेन और मूल्यवर्धन अवसंरचना (विकिरण), उत्तराखंड में ट्राउट मत्स्य पालन, नागालैंड में एकीकृत एक्वा पार्क का सांकेतिक रूप से शिलान्यास भी किया।

# जलवायु परिवर्तन सभी को प्रभावित करता है : हरिवंश

एजेंसी

बारबाडोस। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने शनिवार को कहा कि जलवायु परिवर्तन एक सच्चाई है जो सभी को प्रभावित करता है। श्री हरिवंश ने आज ब्रिजटाउन, बारबाडोस में आयोजित 68वें राष्ट्रमंडल सम्मेलन के दौरान 'द कॉमनवेल्थ ऽ ए ग्लोबल पार्टनर' पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा , ''जलवायु परिवर्तन एक सच्चाई है जो हम सभी को प्रभावित करता है। ऐसे दौर में ग्रीन ग्रोथ हमारा साझा भविष्य है। इसके लिए एक-दूसरे के साथ सहयोग और साझेदारी करना हमारे लिए महत्वपूर्ण है। हमें ग्लोबल साउथ में अपने मित्रों के साथ भी खड़े रहना चाहिए, विशेषकर छोटे द्वीपीय विकासशील देशों के साथ, जो मौसम में बदलाव और उनके समाजों पर इसके प्रतिकूल प्रभावों का सबसे अधिक सामना कर रहे हैं। यहां तक कि समुद्र के स्तर में वृद्धि के कारण उनके अस्तित्व को भी खतरा है। भारत इन छोटे देशों के सामने आने वाली चुनौतियों को लेकर पूरी तरह से सचेत है, जो कॉमनवेल्थ परिवार का एक तिहाई हिस्सा हैं. भारत इन देशों के साथ ग्रीन ग्रोथ और सतत विकास पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य कर रहा है। उन्होंने सभी के लिए नवीकरणीय ऊर्ज़ा को बढ़ावा देने हेतु इंटरनेशनल सोलर एलायंस के गठन में भारत की पहल की भी चर्चा की। उन्होंने कोविड महामारी के दौरान दुनिया के 100 से अधिक देशों, जिनमें कई कॉमनवेल्थ के सदस्य भी हैं, को दवाइयों और टीकों की आपूर्ति में देश के योगदान को भी याद किय। उन्होंने भारतीय तकनीकी व आर्थिक सहयोग कार्यक्रम के तहत कॉमनवेल्थ के कई देशों को लाभान्वित करने वाली क्षमता निर्माण पहलों को भी रेखांकित किया।

# खाद्यान्न पैदावार रिकार्ड स्तर पर, 40 फीसदी से अधिक भरे हैं अन्न भंडार : शिवराज

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीते एक दशक में खाद्यान्न पैदावार रिकॉर्ड स्तर पर बढ़ी है।

श्री चौहान ने कहा कि गेहूं, चावल, मक्का, मूंगफली और सोयाबीन की उपज में बीते साल रिकॉर्ड पैदावार हुई है।वह यहां शनिवार को पूसा परिसर में आयोजित एक समारोह में लोगों को संबोधित कर रहे थे। यह समारोह 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' और 'दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' के शुभारंभ और 42,000 करोड़ रुपये से अधिक की कृषि और संबद्ध क्षेत्रों से जुड़ी परियोजनाओं के भी प्रारंभ होने पर आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा, माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमारा खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा है, गेहूं और चावल के भंडार 40 प्रतिशत से अधिक क्षमता तक भरे हुए हैं। श्री सिंह ने कहा कि खाद्यान्न आत्मनिर्भरता के लिए दालों की पैदावार बढ़ानी होगी। इस मकसद को ध्यान में रखकर श्री मोदी के कर कमलों से दलहन मिशन लॉंच किया जा रहा है। इसके साथ ही ये देखा गया है कि कई जिले में पैदावार बहुत अच्छी है, लेकिन उसी राज्य के दूसरे जिलों में पैदावार कम है। ऐसे जिलों में पैदावार बढ़ाने के लिए एक दूसरी योजना पीएम धन-धान्य कृषि योजना भी शुरू की जा रही है। इसमें 11 विभागों की 36 योजनाओं का समावेश किया जा रहा है। उन्होंने किसानों की सामूहिक संस्थाओं किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) की सफलताओं के बारे में कहा कि यह श्री मोदी का ही सोच है कि छोटे-छोटे किसान मिलकर प्रतिस्पर्धा का सामना करें। आज देश में एफपीओ के 52 लाख किसान शेयर होल्डर हैं। करीब 1100 एफपीओ करोड़पति बन चुके हैं और उनका टर्न ओवर 15000 करोड़ रुपये से ज्यादा का हो गया है।

श्री चौहान ने हाल ही में वस्तु एवं सेवा कर की दरों में हुए बदलाव के कारण सस्ती हुई खेती की मशीनों का श्रेय श्री मोदी को देते हुए कहा कि इससे किसानों को बहुत राहत मिली है। इस कदम से छोटे ट्रैक्टर पर किसानों के 23,000 रुपये, 35 हॉर्स पावर के ट्रैक्टर पर लगभग 43,000 रुपये और बड़े ट्रैक्टर पर भी लगभग 65,000 रुपये तक बचेंगे। उन्होंने फसल वर्ष 2025-2026 की रबी फसल के लिए न्यूनतम समर्थन बढ़ने पर प्रसन्नता जाहिर की और बताया कि किसानों की मदद के लिए यूरिया और डीएपी के दामों पर लगाम लगा कर रखा गया है।

# पटाखों पर प्रतिबंध कोई नयी बहस नहीं, 1961 में भी रखा गया था ऐसा ही प्रस्ताव

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली में पटाखों पर प्रतिबंध कोई नया मुद्दा नहीं है। दिल्ली अभिलेखागार विभाग द्वारा संरक्षित आधिकारिक अभिलेखों के अनुसार, 1961 में भी पटाखों से होने वाले प्रदूषण की चिंताओं के चलते प्रतिबंध का प्रस्ताव रखा गया था, हालांकि भारत सरकार ने इसे मंजूरी नहीं दी थी।

जनवरी 1961 का प्रस्ताव डिप्टी गंज कमेटी (दिल्ली के सदर बाजार स्थित औद्योगिक बाजार संघों में से एक) से आया था, जिसने दिल्ली के मुख्य आयुक्त को पत्र लिखकर त्योहारों और अन्य समारोहों के दौरान बड़े पैमाने पर आतिशबाजी के उपयोग से होने वाले ''ध्वनि प्रदूषण'' के बारे में शिकायत की थी। प्राप्त रिकॉर्ड के अनुसार, बाद में यह पत्र मुख्य आयुक्त के कार्यालय से निर्माण, आवास एवं आपूर्ति मंत्रालय को विचारार्थ भेज दिया गया। मुख्य आयुक्त भारत सरकार के अधीन कार्यरत राष्ट्रीय राजधानी के कार्यकारी प्रमुख थे। छह दशक से भी अधिक समय बाद, पटाखों पर प्रतिबंध को लेकर बहस जारी है। उच्चतम न्यायालय ने दिवाली से कुछ दिन पहले शुक्रवार को कहा कि दिल्ली-एनसीआर में पटाखे फोड़ने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाना ''न तो व्यावहारिक है और न ही आदर्श स्थिति है'', क्योंकि ऐसे प्रतिबंधों का अक्सर उल्लंघन होता है और सभी पक्षों के हितों के बीच संतुलन बनाना आवश्यक है। प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में ''हरित'' पटाखों के निर्माण और बिक्री की अनुमति दिये जाने के अनुरोध संबंधी याचिकाओं पर अपना आदेश सुरक्षित रखते हुए ये टिप्पणियां कीं। इन टिप्पणियों से प्रतिबंध में ढील का संकेत मिलता है। वर्ष 1961 में, दिल्ली की आबादी लगभग 26 लाख थी जो आज शहर की दो करोड़ से अधिक आबादी का एक छोटा सा हिस्सा है। फिर भी, पटाखों से होने वाला ध्वनि प्रदूषण तब भी लोगों की चिंता का विषय था।

## लोकतंत्र और समानता की भावना का जीवंत उदाहरण है भारत : बिरला

**नयी दिल्ली/ब्रिजटाउन।** लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि भारतीय संविधान पिछले 75 वर्षों से देश के लिए पथ-प्रदर्शन का दीपस्तंभ रहा है और इसके कारण भारत ने दुनिया के समक्ष लोकतंत्र और समानता का एक जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया है। श्री बिरला ने बारबाडोस की राजधानी ब्रिजटाउन में 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन की आम सभा में 'राष्ट्रमंडल - एक वैश्विक भागीदार' विषय पर प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए शनिवार को कहा कि लोकतंत्र भारत की आत्मा है, समानता इसका संकल्प है और न्याय इसकी पहचान है। उन्होंने पीठासीन अधिकारियों को अगले साल जनवरी में भारत में होने वाले राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया और कहा कि राष्ट्रमंडल सांसदों के पीठासीन अधिकारी 7 से 9 जनवरी तक होने वाले सीएसपीओसी में भाग लेने के लिए आयें। लोकसभा अध्यक्ष ने इस बात पर ज़ोर दिया कि जलवायु परिवर्तन, महामारी, खाद्य असुरक्षा और असमानता जैसे वैश्विक संकट सीमाओं से परे हैं और इनके लिए सामूहिक समाधान की आवश्यकता है। श्री बिरला ने इन चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास करने का आग्रह किया और इस बात पर ज़ोर दिया कि समाधान अलग-थलग रहकर नहीं ढूँढे जा सकते। श्री बिरला ने विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र और सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में भारत की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत पेरिस समझौते के लक्ष्यों को समय से पहले पूरा करने वाला पहला प्रमुख देश बन गया है। अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन और आपदा रोधी अवसंरचना गठबंधन जैसी पहलों के माध्यम से, भारत ने पृथ्वी के प्रति वैश्विक ज़िम्मेदारी पर ज़ोर दिया है।

## वैष्णव ने नयी दिल्ली स्टेशन पर भीड़ को नियंत्रित करने की तैयारियों का लिया जायजा

**नयी दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव दीपावली और छठ के दौरान यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने को लेकर की गयी तैयारियों का जायजा लेने शनिवार को नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचे और अधिकारियों से बात कर स्थिति का आकलन किया। श्री वैष्णव ने स्टेशन पर होल्डिंग एरिया का निरीक्षण करने के बाद संवाददाताओं से कहा, '' नयी दिल्ली स्टेशन पर यात्रियों की अचानक भीड़ उमड़ पड़ती है। इसे देखते हुए दो साल पहले एक अस्थायी होल्डिंग एरिया के साथ एक प्रयोग किया गया था। उस प्रयोग से यहां आने वाले यात्रियों को बहुत लाभ हुआ। अब, एक स्थायी क्षेत्र और यात्री सुविधा केंद्र, बनाया गया है। इससे आने वाले यात्रियों, खासकर बिना आरक्षित टिकट वाले यात्रियों को सुविधा होगी।

# पेज एक का शेष

### एक देश टैरिफ लगाएगा...

मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ञ्आपकी प्रतिबद्धता ने कालीन उद्योग को नया जीवन दिया है। भदोही और प्रदेश दोनों को इस उद्योग के माध्यम से वन ट्रिलियन इकॉनमी में सहभागी बनाया जा सकता है। अनिल सिंह ने मीरजापुर-विंध्य कॉरिडोर के विकास का उल्लेख करते हुए कहा कि आसपास के क्षेत्रों को भी एनसीआर की तरह विकसित किया जाए, जिस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भदोही, वाराणसी और मीरजापुर को जोड़कर विकास क्षेत्र के रूप में तैयार करने की दिशा में कार्य चल रहा है। आदर्श पूर्णिमा, जो चार दशकों से इस उद्योग से जुड़ी हैं, ने कहा कि ञ्आध्यात्म और राजनीति का संगम हो तो सफलता निश्चित है।ञ्ज वहीं निर्यातक आलोक बरनवाल ने बुनकरों की कमी और श्रमिकों के पलायन की समस्या उठाई, जिस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ञ्हम उद्योग को महिलाओं और स्थानीय श्रमिकों से जोड़कर आत्मनिर्भरता की दिशा में काम कर रहे हैं।ञ् मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल उद्योग को बचाना नहीं, बल्कि इसे नई ऊंचाइयों पर पहुंचाना है। जब एक देश टैरिफ लगाएगा तो हम 10 नए देशों के लिए अपने रास्ते खोलेंगे। यही आत्मनिर्भर भारत की भावना है। चुनौतियों से घबराना नहीं है, बल्कि उन्हें अवसर में बदलना है। सरकार आपके साथ है, आपका भविष्य उज्ज्वल है। इस अवसर पर सांसद डॉ विनोद बिंद, विधायक दीनानाथ भास्कर, विपुल दुबे, जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, विकास आयुक्त हस्तशिल्प भारत सरकार अमृत राज, सीपीसी के चेयरमैन कुलदीप, पद्मश्री डॉ रजनीकांत, भदोही कार्पेट उद्योग से जुड़े पदाधिकारीगण, स्टेक होल्डर्स सहित कई गणमान्य मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को ऋण प्रदान किया। इनमें अमित कुमार को ओडीओपी के अंतर्गत कालीन उद्योग के लिए दो करोड़ का ऋण प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत शिवम जायसवाल को 60 लाख रुपए का ऋण, पुनीत प्रताप सिंह को वॉलपेपर उद्योग के लिए 15 लाख का ऋण, रामजी विश्वकर्मा को ऑटोपार्ट्स उद्यम के लिए 10 लाख का ऋण, विकास विश्वकर्मा को पांच लाख का ऋण आयरन वर्क के लिए, सौरभ कुमार पाठक को पांच लाख का ऋण स्टेबलाइजर उद्योग के लिए, ज्योति मौर्य को विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत टेलरिंग कार्य एवं लॉन्ड्रिंग कार्य के लिए शमशेर को टूलकिट वितरण, स्वयं सहायता समूह की कविता राय को एक करोड़ 44 लाख रुपए का डेमो चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने 55 वर्षों से कालीन उद्योग की सेवा करने वाले रवि पाटेरिया को भी सम्मानित किया, जिनकी कंपनी 145 वर्ष से कालीन निर्माण का कार्य कर रही है। रवि पाटेरिया का नाम विश्व की सबसे बड़ी कालीन बनाने के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल है।

### अध्यात्म, आस्था...

प्रबुद्धजन संवाद संगम' में बोल रहे थे। उन्होने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हें भगवती मां परम्बा बुढ़िया देवी के दर्शन और 900 वर्ष पुरानी संन्यासी परंपरा के इस सिद्ध पीठ में पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी भवानी नंदन यति जी महाराज के सानिध्य में उपस्थित होने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि यह पीठ न केवल अध्यात्म का केंद्र है, बल्कि लोकमंगल और राष्ट्रीय एकता का भी सशक्त माध्यम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राम मंदिर निर्माण केवल एक धार्मिक कार्य नहीं, बल्कि भारत की आत्मा के पुनर्ज़ागरण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जब करोड़ों रामभक्तों ने संकल्प लिया था 'राम लला हम आएँगे, मंदिर वहीं बनाएँगे', तब लोगों ने इसे असंभव माना था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और पूज्य संतों के आशीर्वाद से यह संकल्प अब साकार है। सीएम योगी ने कहा कि 2020 में राम मंदिर की आधारशिला रखे जाने से लेकर 2024 में भगवान श्रीराम के अपने गर्भगृह में विराजमान होने तक की यात्रा भारत की आस्था, एकता और संकल्प शक्ति की मिसाल है। उन्होंने बताया कि अयोध्या में चारों द्वारों का नाम चार प्रमुख आचार्यों शंकराचार्य, रामानुजाचार्य, रामानंदाचार्य और माधवाचार्य के नाम पर रखा गया है। उन्होने रामायण की कथाओं से प्रेरणा लेते हुए अयोध्या के इंटरनेशनल एयरपोर्ट को महर्षि वाल्मीकि के नाम, राम मंदिर परिसर में सप्त ऋषियों व तुलसीदास की प्रतिमाएं, गिद्धराज जटायु की मूर्ति और निषादराज के नाम पर रैन बसेरा बनाने का भी उल्लेख किया। वनवास के दौरान सबसे पहले सहयोग करने वाले निषादराज को सम्मान मिला है। मतंग ऋषि की शिष्या शबरी ने राम भक्ति के लिए जीवन समर्पित किया, जिनके नाम पर भोजनालय बन रहे हैं। ऋषि परंपरा की भविष्यवाणी से प्रेरित होकर हम गाजीपुर मेडिकल कॉलेज को विश्वामित्र के नाम पर समर्पित किया है। यह भारत की एकता में विविधता की झलक है। यह दिखाता है कि दक्षिण से उत्तर तक, भारत एक ही आध्यात्मिक सूत्र में बंधा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे मठ और मंदिर केवल उपासना के स्थान नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता के आधार स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि जब समाज में जाति या संप्रदाय के नाम पर वैमनस्य फैलाने की कोशिश होती है, तब यही मठ और संत समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। इतिहास उठाकर के देखिए कि जब भी हम बंटे थे तो कटे थे, और जब एक थे तो नेक थे। योगी ने मंच से वीर अब्दुल हमीद और महावीर चक्र विजेता राम उग्रह पांडेय के परिवारों का सम्मान करते हुए कहा कि गाजीपुर की धरती ने देश को असंख्य वीर सपूत दिए हैं। गहमर गांव देश का सबसे बड़ा सैनिक ग्राम है यह इस जनपद का गौरव है। ने उन्होने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने जो कहा है, वही किया है और जो कहा है, उतना ही बोला है। उन्होंने कहा कि संस्कृत शिक्षा के प्रसार, धार्मिक स्थलों के पुनरुद्धार और गाजीपुर को पर्यटन व अध्यात्म केंद्र के रूप में विकसित करने की योजनाएं तेजी से प्रगति पर हैं। संतों की साधना भूमि पर विकास कार्यों का उद्देश्य केवल भौतिक नहीं, बल्कि आत्मिक उत्थान भी है। योगी ने कहा कि सरकार की नीति 'परित्राणाय साधूनां, विनाशाय च दुष्कृताम्' के सूत्र पर आधारित है। सज्जनों का संरक्षण और दुष्ट प्रवृत्तियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस ही सरकार का धर्म है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत तभी सशक्त बनेगा, जब हर नागरिक अपनी आध्यात्मिक चेतना को जागृत रखे और भौतिक प्रगति को उसी आधार पर जोड़े। उन्होंने कहा कि आस्था और विकास का संगम ही नया भारत बनाएगा। हमारी परंपरा हमें केवल भक्ति नहीं, बल्कि कर्म और राष्ट्रधर्म की शिक्षा देती है। योगी आदित्यनाथ ने जनपद गाजीपुर के श्री मंहत रामाश्रय दास स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भुड़कुड़ा में पहुँचकर परमपूज्य ब्रह्मलीन श्री महंथ रामाश्रय दास जी की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया और विद्यार्थियों से राष्ट्र एवं संस्कृति के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया।

### जनशिकायतों के ...

जाता है। मंडलायुक्त ने बताया कि सितंबर माह की आईजीआरएस रिपोर्ट में दवीपाटन मंडल को पूर्णांक 120 में से 104 अंक प्राप्त हुए हैं और सफलता दर 86.67 प्रतिशत है। योगी सरकार द्वारा लांच आईजीआरएस पोर्टल नागरिकों की शिकायतों के समाधान के लिए एक महत्वपूर्ण प्लेटफॉर्म है। मिर्ज़ापुर के मंडलायुक्त ने बताया कि सितंबर माह की आईजीआरएस रिपोर्ट में 120 में 98 अंक प्राप्त हुए हैं। सफलता दर 81.67 प्रतिशत है। पिछले माह भी आईजीआरएस की अगस्त माह की रिपोर्ट में मिर्ज़ापुर मंडल दूसरे स्थान पर था। बस्ती के मंडलायुक्त ने बताया कि सितंबर माह की आईजीआरएस रिपोर्ट में बस्ती मंडल को पूर्णांक 120 में 97 अंक प्राप्त हुए हैं और सफलता दर 80.83 प्रतिशत है। इसके साथ ही टॉप पांच मंडल में अलीगढ़ मंडल ने चौथा और वाराणसी मंडल ने पांचवां स्थान प्राप्त किया है।

### यूकेएसएसएससी...

कि इससे पूर्व, प्रतियोगी परीक्षा में कथित अनियमितताओं की जांच के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित एकल सदस्यीय न्यायमूर्ति ध्यानी जांच आयोग ने आज मुख्यमंत्री धामी को अपनी अंतरिम रिपोर्ट सौंपी थी। आयोग के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति ध्यानी ने जनसुनवाई के जरिए अभ्यर्थियों से बात की थी। युवाओं के आंदोलन के बाद धामी सरकार ने केन्द्रीय जांच ब्यूरों जांच की सिफारिश के अलावा एकल सदस्यीय जांच आयोग का गठन किया था। सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति ध्यानी ने हल्द्वानी, टिहरी, देहरादून और अन्य स्थानों में सुनवाई कर युवा अभ्यर्थियों के तर्क सुने थे। मुख्यमंत्री ने इस संदर्भ में बताया कि प्रकरण की सीबीआई जांच की संस्तुति पहले ही की जा चुकी है, ताकि जांच की पूरी निष्पक्षता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार परीक्षाओं की शुचिता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी भर्ती परीक्षा में अनियमितता की कोई संभावना न रहे और अभ्यर्थियों व अभिभावकों का विश्वास राज्य की परीक्षा प्रणाली पर बना रहे। इससे पहले शुक्रवार को भाजपा विधायकों ने भी मुख्यमंत्री से परीक्षा रद्द करने की मांग की थी। पेपर लीक कंाड में पुलिस ने हाकम सिंह, खालिद समेत अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया था। दूसरी ओर, युवाओं ने दून समेत प्रदेश के अन्य स्थानों में प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज कराया था।

### ट्रम्प ने चीन पर...

संस्थाओं को चीन से प्राप्त या चीन में प्रसंस्कृत 0.1 प्रतिशत से ज़्यादा दुर्लभ खनिजों वाले किसी भी उत्पाद के निर्यात के लिए लाइसेंस लेना आवश्यक है। चीन वर्तमान में दुनिया भर में दुर्लभ खनिजों की लगभग 70 प्रतिशत आपूर्ति को नियंत्रित करता है, जो स्मार्टफ़ोन से लेकर सैन्य उपकरणों तक की तकनीकों के लिए ज़रूरी हैं। वर्तमान में चीन की वस्तुओं पर 30 प्रतिशत अमेरिकी आयात शुल्क लगा हुआ है, जिसे श्री ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान लागू किया था, जिसमें उन्होंने चीन पर फेंटेनाइल व्यापार को बढ़ावा देने और अनुचित व्यापार प्रथाओं में शामिल होने का आरोप लगाया था। इस हफ़्ते की शुरुआत में, अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा था कि दुर्लभ खनिज निर्यात के संबंध में चीन की बेहद शत्रुतापूर्ण कार्रवाइयों के बाद श्री जिनपिंग से मुलाक़ात करने का कोई कारण नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी थी कि अमेरिका कड़े जवाबी उपायों के साथ उत्तर देने की तैयारी कर रहा है। उनसे जब पूछा गया कि अगर चीन अपने प्रतिबंध हटा लेता है, तो क्या अमेरिका अतिरिक्त शुल्क हटा लेगा, तो श्री ट्रम्प ने जवाब दिया, '' हमें देखना होगा कि क्या होता है और इसीलिए इसके लागू करने की तारीख एक नवंबर रखी गयी है। श्री ट्रम्प ने निर्यात पर और अधिक नियंत्रण लगाने का भी संकेत दिया तथा कहा कि विमान के पुर्जे भी अमेरिका के निशाने पर हो सकते हैं। उन्होंने कहा, ''और भी बहुत कुछ। हमारे पास हवाई जहाज़ और उनके पुर्ज़े हैं। हम बस चीन से हैरान हैं। श्री जिनपिंग के साथ मेरे बहुत अच्छे संबंध हैं और उन्होंने ऐसा किया। ऐसा कुछ नहीं है जिसे मैंने उकसाया हो। यह बस उनके द्वारा किये गये किसी कार्य का जवाब है और उन्होंने वास्तव में हमें निशाना नहीं बनाया बल्कि उन्होंने पूरी दुनिया को निशाना बनाया। मुझे लगता है कि यह बहुत बुरा हुआ। ये आयात शुल्क पहले से लागू आयात शुल्क के अतिरिक्त होंगे, जिससे व्यापार गतिरोध में काफी बढ़ोतरी होगी। श्री ट्रम्प ने यह भी दोहराया कि सभी महत्वपूर्ण सॉफ्टवेयर पर निर्यात नियंत्रण उसी दिन से शुरू हो जायेगा।

### मेरी भारत यात्रा से...

रहे अफगानिस्तान के सम्मानित उलेमा मरहूम अब्दुल हक हक्कानी के वहां स्थापित किए गए मदरसे में ही अमीर खान मुत्ताकी ने तालीम हांसिल की है। दारूल उलूम इलाके में जब अमीर खान मुत्ताकी पहुंचे तो इस संस्था के सारे प्रबंध ध्वस्त हो गए। जिलाधिकारी मनीष बंसल और एसएसपी आशीष तिवारी ने व्यवस्था संभाली। सरकारी अमला बड़ी मुश्किल से विदेशी मेहमान और उनके साथियों को दारूल उलूम के मेहमान खाने में किसी तरह लेकर पहुंचे। यहां तलबाओं के मदरसे में सभी जगह बड़ी संख्या में जम-जाने के कारण विदेश मंत्री के सभी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम रद्द हो गए। अमीर खान के संस्था के उपकुलपति अब्दुल खालिक मद्रासी, दारूल उलूम वक्फ के मोहतमिम मौलाना सुफियान कासमी आदि ने उनसे मुलाकात कर दोनों देशों के बीच रिश्ते मजबूत होने की उम्मीद जताई। मौलाना अरशद मदनी ने 2021 में अफगानिस्तान से अमेरिका की विदाई और तालिबान के सत्तारूढ़ होने का गर्मजोशी के साथ आगे आकर समर्थन और स्वागत किया था। उन्होंने यूनीवार्ता को दिए साक्षात्कार में यह भी भरोसा जताया था कि तालिबान सरकार भारत के लिए अच्छी साबित होगी। यह बात सही साबित हुई है। आज भारत-अफगानिस्तान एक-दूसरे के हमदर्द है। भारतीय कूटनीति की यह बड़ी कामयाबी है। महत्वपूर्ण बात यह है कि अफगान नेता ने पहलगाम हिंसा की निंदा की और भारत के ऑपरेशन सिंदूर का समर्थन किया।

### अफगानिस्तान के...

अफगानिस्तान दूतावास में कुछ चुनिंदा पत्रकारों के साथ बातचीत की थी। इस प्रेस वार्ता में महिला पत्रकारों के प्रवेश पर पाबंदी लगायी गयी थी। महिला पत्रकारों ने इसे लेकर सोशल मीडिया पर काफी विरोध किया और विदेश मंत्रालय से इस बारे में उसका रुख स्पष्ट करने की मांग की थी। इसके बाद राजनीतिक नेताओं ने भी इस मुद्दे को लेकर बयान बाजी शुरू कर दी।

# मुख्यमंत्री ने पौड़ी जिले के 91 विद्यालयों को दी वर्चुअल स्मार्ट क्लास की सौगात

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पौड़ी गढ़वाल। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून स्थित राजीव गांधी नवोदय विद्यालय ननूरखेड़ा से प्रदेश के 840 विद्यालयों को वर्चुअल स्मार्ट क्लास रूम्स की सौगात दी। इसी के तहत जनपद पौड़ी के 91 विद्यालयों को वर्चुअल स्मार्ट क्लास का लाभ मिला।

वर्चुअल स्मार्ट क्लास रूम्स के उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री ने कोटद्वार स्थित राइका झंडीचौड़ की वर्चुअल स्मार्ट क्लास में उपस्थित छात्रों से संवाद किया। विद्यालय के 10 वीं कक्षा की छात्रा यामिनी ने संवाद के दौरान वर्चुअल स्मार्ट क्लास रूम्स के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। शनिवार को जिला मुख्यालय पर पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कालेज पौड़ी में आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्षा हिमानी नेगी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर उन्होंने वर्चुअल स्मार्ट क्लास रूम्स को लेकर कहा कि इससे छात्र छात्राओं के भविष्य निर्धारण में मदद मिलेगी साथ ही वह टू वे कंम्यूनिकेशन से अपने प्रश्नों, डाउट का समाधान पा सकेंगे। जिला शिक्षाधिकारी माध्यमिक रणजीत सिंह नेगी ने बताया कि जनपद के 81 विद्यालयों में 2018-19 से वर्चुअल कक्षों का संचालन हो रहा है, और आज 91 वर्चुअल स्मार्ट क्लास की सौगात मिलना किसी क्रांति से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी नवोदय विद्यालय ननूरखेड़ा में बने विषयवार सजीव प्रसारण स्टूडियो से पारंपरिक विषयों के अलावा छात्रों को मानसिक, शारीरिक और कुशल बनाने के लिए विशेषज्ञों का मार्गदर्शन मिलेगा। इस मौके पर खंड शिक्षाधिकारी मास्टर आदर्श, बीआरसी नवीन डोभाल, प्रधानाचार्य रा.बा.इ.का डॉ. सावित्री शैव नेगी, शिक्षिका सुषमा बिष्ट, ममता काला, प्रमिला नेगी, रंजना पाण्डे, सरिता राणा आदि शामिल रहे।

# मेरे चुनाव लड़ने की बात सुनकर तेजस्वी यादव राघोपुर छोड़कर भाग जाएंगे: प्रशांत किशोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार में चुनावी सरगर्मी के बीच जन सुराज ने राघोपुर विधानसभा सीट को लेकर भी तैयारियां तेज कर दी है। जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर राघोपुर से चुनावी अभियान शुरू करने से पहले शनिवार को यह दावा किया कि उनके लड़ने की चर्चा मात्र से तेजस्वी यादव डरकर दूसरी सीट खोजने लगे हैं।

प्रशांत किशोर ने राघोपुर से चुनाव लड़ने के सवाल पर पत्रकारों से कहा कि यह पार्टी तय करती है और वहां की जनता तय करेगी। उन्होंने बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर तंज करते हुए कहा कि मेरे चुनाव लड़ने की बात सुनकर तेजस्वी यादव राघोपुर छोड़कर भाग जाएंगे। उनको दो जगह से चुनाव लड़ना ही पड़ेगा। प्रशांत किशोर ने कहा कि यह चर्चा चल रही है कि राघोपुर से जन सुराज के प्रशांत किशोर लड़ने आ रहा है, तो तेजस्वी यादव दूसरी सीट खोज रहे हैं। उनका भी हाल वही होगा जो राहुल गांधी का अमेठी में हुआ। छोड़कर वायनाड गए, तो अमेठी से हार गए। चुनाव तो अब शुरू हो रहा है। आगे-आगे देखिए क्या हो रहा है। प्रशांत किशोर ने कहा कि हम आज राघोपुर जा रहे हैं। हम वहां पर जनसुराज परिवार के जिन सदस्यों ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के आधिपत्य के खिलाफ जनसुराज की बात को घर-घर तक पहुंचाया है, उनसे बात करेंगे और उनकी भावना समझने का प्रयास करेंगे, ताकि रविवार को (कल) होने वाली केंद्रीय कमेटी की बैठक में उनकी बात को शामिल किया जाए। प्रशांत किशोर ने कहा, ''मैं वहां पूरा दिन रहूंगा और ये समझने का प्रयास करूंगा कि वहां पर कौन सबसे बेहतर व्यक्ति है, जिसका नाम चुनाव लड़ने के लिए तय किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि राघोपुर लालू परिवार का गढ़ माना जाता है। राजद सुप्रीमो लालू यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव को जनता का आशीर्वाद मिला है। तेजस्वी यादव राघोपुर से लगातार दो बार से विधायक हैं और विपक्षी गठबंधन की तरफ से मुख्यमंत्री क ाचेहरा भी हैं। 2015 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार सतीश कुमार को मात दी थी। 2020 में भी सतीश कुमार को ही हराया था।

# संक्षिप्त समाचार

## वाई. पूरन कुमार की आत्महत्या की सीबीआई या न्यायिक जांच करवाई जाए: लद्धड़

**फगवाड़ा।** पंजाब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अनुसूचित जाति (एससी) मोर्चा के अध्यक्ष एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी एस आर लद्धड़ ने शनिवार को हरियाणा के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी वाई. पूरन कुमार की आत्महत्या की तत्काल केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से या न्यायिक जांच की मांग की और इस घटना को 'प्रशासनिक उत्पीड़न और जाति-आधारित पूर्वाग्रह का नतीजा' बताया। श्री लद्धड़ ने कहा कि दिवंगत अधिकारी के सुसाइड नोट में जिन अधिकारियों के नाम हैं, उनमें कई वरिष्ठ अधिकारी और वर्तमान पुलिस महानिदेशक भी शामिल हैं, उन्हें तुरंत निलंबित किया जाना चाहिए या छुट्टी पर भेजा जाना चाहिए ताकि निष्पक्ष जांच सुनिश्चित हो सके। उन्होंने पंजाब के राज्यपाल, जो चंडीगढ़ के प्रशासक भी हैं, और हरियाणा के मुख्यमंत्री, दोनों से बिना देर किये कार्रवाई करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि चूंकि घटना चंडीगढ़ में हुई थी, इसलिए राज्यपाल के पास सीबीआई जांच का आदेश देने का संवैधानिक अधिकार है, जबकि हरियाणा सरकार भी जांच में पारदर्शिता और विश्वसनीयता लाने के लिए उच्च न्यायालय के वर्तमान न्यायाधीश के अधीन न्यायिक जांच का विकल्प चुन सकती है। श्री लद्धड़ ने कहा कि श्री पूरन कुमार के सुसाइड नोट, जिसे कानूनी रूप से महत्वपूर्ण 'मृत्यु पूर्व बयान' माना जाता है, में कथित तौर पर 11 वरिष्ठ अधिकारियों के नाम हैं और कथित मानसिक उत्पीड़न और अपमान का विस्तार से वर्णन किया गया है, जिसके कारण उन्हें यह चरम कदम उठाना पड़ा। इस मामले को 'पूरी प्रशासनिक मशीनरी के लिए एक चेतावनी' बताते हुये, श्री लद्धड़ ने कहा कि अनुसूचित जाति के अधिकारी भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) पूरन कुमार, जो अपनी ईमानदारी, साहस और भ्रष्टाचार के प्रति शून्य-सहिष्णुता के लिए जाने जाते थे, व्यवस्था के भीतर की गड़बड़ियों को उजागर करने के कारण निशाना बन गये। उन्होंने कहा, उनकी दुखद मौत इस बात को उजागर करती है कि कैसे एक ईमानदार अधिकारी को सच्चाई और पेशेवर नैतिकता को बनाये रखने के लिए किनारे कर दिया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि ज़िम्मेदार लोगों को बचाने की कोई भी कोशिश व्यवस्था में जनता के भरोसे को बुरी तरह से नुकसान पहुंचायेगी। उन्होंने राज्य और केंद्र दोनों अधिकारियों से तत्काल और पारदर्शी कार्रवाई की मांग की।

## मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला को परिवार से मिलवाया

**नई दिल्ली।** शाहदरा जिले के सीमापुरी थाना पुलिस ने इंसानियत की मिसाल पेश करते हुए एक मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला को एक माह से अधिक की तलाश के बाद उसके परिजनों से मिलवाया। महिला अस्पताल में उपचाराधीन थी। शाहदरा जिले के पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने शनिवार को बताया कि एक सितंबर को थाना सीमापुरी में डीडी नंबर 21ए के तहत सूचना मिली थी कि एक गर्भवती महिला रानीखेड़ा, टीकमगढ़ (मध्य प्रदेश) की रहने वाली 21 वर्षीय महिला को क्षेत्र में भटकते हुए पाया गया। सूचना पर कार्रवाई करते हुए महिला सब-इंस्पेक्टर अनुपम मौके पर पहुंचीं और महिला को तत्काल जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चार सितंबर को महिला को अस्पताल से छुट्टी मिलते ही अदालत में पेश किया गया। जहां अदालत ने महिला को आगे के उपचार के लिए इहबास अस्पताल भेजने के निर्देश दिए और उसके मानसिक स्वास्थ्य की विस्तृत रिपोर्ट तलब की। पुलिस उपायुक ने बताया कि सीमापुरी थाना पुलिस ने महिला की पहचान और उसके परिवार की तलाश के लिए लगातार प्रयास जारी रखे। हेड कॉन्स्टेबल अंकुश को मध्य प्रदेश के रानीखेड़ा, टीकमगढ़ भेजा गया। लेकिन वहां से कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद महिला की तस्वीर और जानकारी दो प्रमुख अखबारों में प्रकाशित कराई गई। इस बीच सात सितंबर को महिला ने इहबास अस्पताल में एक समय से पहले बच्ची को जन्म दिया। दुर्भाग्यवश नवजात की मौत इलाज के दौरान हो गई। महिला की पहचान की कड़ी तलाश के दौरान पुलिस टीम ने बागेश्वर धाम (मध्य प्रदेश) में भी पोस्टर चिपकाए और लोगों से पूछताछ की। तभी कुछ स्थानीय भिखारियों ने महिला को पहचान लिया।

## बेटियां समाज की शक्ति, संस्कार और संस्कृति की जीवंत प्रतीक हैं : सत्या शर्मा

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि बेटियां समाज की शक्ति, संस्कार और संस्कृति की जीवंत प्रतीक हैं। सत्या शर्मा ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर लिखा है कि अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। बेटियां हमारे समाज की शक्ति, संस्कार और संस्कृति की जीवंत प्रतीक हैं। वे परिवार की उम्मीद, समाज की प्रेरणा और देश के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि उनका सम्मान, सशक्तिकरण और विकास ही सच्चे अर्थों में एक प्रगतिशील समाज की पहचान है। सबको मिलकर यह संकल्प लेना चाहिए कि हर बालिका को शिक्षा, सुरक्षा और समान अवसर मिले, ताकि वह अपने सपनों को पूरा कर सके और देश का नाम रोशन करे। उल्लेखनीय है कि, हर साल 11 अक्टूबर को पूरी दुनिया में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। यह दिन लड़कियों के अधिकारों, शिक्षा, समान अवसरों और सशक्तिकरण को समर्पित है। 2011 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने यह दिन तय किया ताकि समाज में बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच और समानता को बढ़ावा दिया जा सके।

## अभी सीट बंटवारे पर बातचीत पूरी नहीं हुई है : उपेंद्र कुशवाहा

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव के लिए पहले चरण का नामांकन शुरू हो चुका है। इस बीच राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) नेताओं की नाराजगी देखने को मिल रही है। एलजेपीआर प्रमुख चिराग पासवान के बाद राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएसपी) के उपेन्द्र कुशवाहा ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा है कि अभी सीट बंटवारे पर बातचीत पूरी नहीं हुई है। उपेन्द्र कुशवाहा ने अपने एक्स अकाउंट पर आज लिखा कि ''इधर-उधर की खबरों पर मत जाइए। वार्ता अभी पूरी नहीं हुई है। इंतजार कीजिए।।।! मीडिया में कैसे खबर चल रही है, मुझको नहीं पता। अगर कोई खबर प्लांट कर रहा है तो यह छल है, धोखा है। आप लोग ऐसे ही सजग रहिए। अंदरखाने से जो खबर प्राप्त हुई है उसके मुताबिक उपेंद्र कुशवाहा 5 से 6 सीटों की मांग पर अड़े हैं। भाजपा इस पर राजी है। लेकिन कुशवाहा मगध क्षेत्र में एक सीट, जबकि उजियारपुर, दिनारा, सासाराम, महुआ की डिमांग की है। जिसपर अभी सहमति नहीं बन पाई है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस बाबत बातचीत में कहा कि सभी पार्टियों से वार्ता लगभग समाप्ती की।

# खुद को मृत घोषित करके फरार हुआ शातिर चोर गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक ऐसी सनसनीखेज गिरफ्तारी की है जिसने सबको हैरान कर दिया। एक आरोपित जिसने अदालत और पुलिस को धोखा देने के लिए खुद को मृत घोषित करवा दिया था। उसे जिंदा पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान मुंगेशपुर निवासी वीरेंद्र विमल के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने इसे गोरखपुर (उप्र) से गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त आदित्य गौतम के अनुसार आरोपित के खिलाफ बवाना थाने में चोरी, सेंधमारी और अवैध हथियार रखने के कई मामले दर्ज थे। अदालत से जारी गैर-जमानती वारंट से बचने के लिए उसने एमसीडी का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाया और अदालत में यह दिखा दिया कि उसकी मौत 24 अगस्त 2021 को हो चुकी है। इसके बाद उसके खिलाफ चल रही कार्यवाही बंद हो गई । हालांकि, जब क्राइम ब्रांच की यूनिट ने पुराने मामलों की जांच दोबारा शुरू की तो डिजिटल रिकॉर्ड और स्थानीय पड़ताल में पता चला कि आरोपित जीवित है।

# आचार संहिता के बावजूद लगे हैं नेताओं के पोस्टर, प्रशासन बेखबर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



भागलपुर। बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही पूरे राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इसके बावजूद भागलपुर जिले के जगदीशपुर प्रखंड क्षेत्र में राजनीतिक दलों के पोस्टर और बैनर खुलेआम लगे हुए हैं। बाईपास स्थित सेंट टेरेसा स्कूल के समीप बड़े-बड़े होर्डिंग्स पर विभिन्न दलों की प्रचार सामग्री अब भी देखी जा सकती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आचार संहिता लागू हो जाने के बावजूद राजनीतिक होर्डिंग्स का हटाया न जाना प्रशासन की लापरवाही को दर्शाता है। ग्रामीणों की मांग है कि बिना पक्षपात के सभी प्रचार सामग्री तुरंत हटाई जाए ताकि चुनाव की निष्पक्षता बनी रहे। प्रशासनिक अधिकारियों की मानें तो उन्हें इस विषय में कोई जानकारी नहीं है। प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) अमित कुमार ने बताया कि मामले की सूचना मिली है और वे इसे दिखवा रहे हैं। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि आचार संहिता से संबंधित कार्रवाई के लिए अंचलाधिकारी (सीओ) जिम्मेदार होते हैं। इस संबंध में जब अंचलाधिकारी सतीश कुमार से बात की गई, तो उन्होंने भी अनभिज्ञता जाहिर की। उन्होंने कहा कि वे मामले की जांच करवाएंगे और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों के बीच यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि चुनाव प्रक्रिया शुरू होने के बावजूद प्रशासन की सुस्ती क्यों बनी हुई है। जानकारों का मानना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो यह आचार संहिता के उल्लंघन का गंभीर मामला बन सकता है, जिससे चुनाव की पारदर्शिता पर सवाल उठ सकते हैं।

# हत्या के प्रयास के मामले में वांछित अपराधी गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने लंबे समय से फरार चल रहे अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित बुद्ध विहार में दर्ज हत्या के प्रयास के मामले में वांछित था। पकड़े गए आरोपित की पहचान सेक्टर-24, रोहिणी निवासी राज कुमार उर्फ राज उर्फ आदित्य (29) के रूप में हुई है। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार के अनुसार क्राइम ब्रांच को आरोपित के बारे में गुप्त सूचना मिली थी। इसके बाद इंस्पेक्टर पंकज ठाकरन के नेतृत्व में गठित टीम ने सोनिया विहार डेयरी के पास यादव राम फार्म के निकट जाल बिछाकर आरोपित को दबोच लिया। पुलिस उपायुक्त के अनुसार 15 अगस्त 2023 की शाम को शिकायतकर्ता राहुल राय अपने दोस्तों अंकित उर्फ पप्पई, राहुल चौधरी और वीकेश उर्फ वी.के. के साथ सेक्टर-24, रोहिणी स्थित मंदिर वाला पार्क में टहल रहा था। उसी दौरान कुछ युवक साहिल, गोलू उर्फ लेंडर, दीपक उर्फ काला और राजकुमार उर्फ आदित्य उर्फ राज ट्रैक के पास खड़े थे।

# बीएसएफ के 158 रिक्रूट कांस्टेबलों के लिए पासिंग आउट परेड आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

होशियारपुर। पंजाब के होशियारपुर में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के सहायक प्रशिक्षण केंद्र (एसटीसी) खरकां शिविर में शनिवार को बैच संख्या 273 के 158 रिक्रूट कांस्टेबलों (ट्रेड्समैन) के लिए पासिंग आउट परेड और सत्यापन समारोह आयोजित किया गया। बीएसएफ मुख्यालय, नयी दिल्ली के अतिरिक्त महानिदेशक (लॉजिस्टिक्स) दिनेश कुमार बूरा इस समारोह के मुख्य अतिथि थे, जिसमें एसटीसी महानिरीक्षक चारु ध्वज अग्रवाल, अधिकारी, कार्मिक, रंगरूटों के परिवार के सदस्य और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। परेड की शुरुआत मुख्य अतिथि को सलामी देने के साथ हुई, जिसके बाद टुकड़ी का निरीक्षण किया गया। परेड के दौरान रंगरूटों ने अनुशासन और समन्वय का परिचय दिया, और इनडोर और आउटडोर प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को पदक और प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए, एडीजी बूरा ने रंगरूटों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने पर बधाई दी और उनके आत्मविश्वास, कौशल और प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने उनसे समर्पण, साहस और निष्ठा के साथ राष्ट्र की सेवा करने और युवाओं के लिए आदर्श बनने का आग्रह किया। मुख्य अतिथि ने रंगरूटों को बल के अनुशासित और सक्षम सदस्यों में बदलने के लिए आईजी अग्रवाल, कमांडेंट (प्रशिक्षण) बीरेंद्र कुमार और प्रशिक्षण स्टाफ के प्रयासों की भी सराहना की। समारोह का समापन रंगरूटों के परिवारों के बीच गर्व और खुशी की अभिव्यक्ति के साथ हुआ, जो अब देश भर में विभिन्न बीएसएफ इकाइयों में शामिल होकर राष्ट्र की सेवा करेंगे।

# बोहानी गांव में दिनदहाड़े गोलीबारी में डेयरी कर्मचारी घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फगवाड़ा। पंजाब में कपूरथला जिले की फगवाड़ा तहसील के बोहनी गांव में शनिवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब दो अज्ञात हमलावरों ने एक स्थानीय डेयरी कर्मचारी पर गोलियां चला दीं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना सुबह 7:30 से 7:45 के बीच हुई जब पीड़ित, जिसकी पहचान बोहनी निवासी अरुण कुमार के रूप में हुई, अपने नियमित दूध वितरण दौरे पर था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव तूरा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि चेहरा ढके दो लोग मोटरसाइकिल पर आये और बिना किसी चेतावनी के अरुण कुमार पर कई गोलियां चला दीं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उन्होंने कम से कम पांच गोलियों की आवाज़ सुनी। तीन गोलियां पीड़ित को लगीं-एक उसके दाहिने हाथ में, दूसरी उसके बायें पैर में और तीसरी उसकी पीठ में और फिर हमलावर रानीपुर गांव की ओर भाग गये। स्थानीय निवासी अरुण कुमार की मदद के लिए दौड़े और उन्हें फगवाड़ा के सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। उन्हें हालांकि कई गोलियां लगी हैं, फिर भी उनकी हालत स्थिर बतायी जा रही है।

उन्होंने बताया कि फगवाड़ा से पुलिस टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और इलाके की घेराबंदी कर दी। घटनास्थल से सबूत इकट्ठा करने के लिए फोरेंसिक विशेषज्ञों को बुलाया गया है और संदिग्धों की पहचान और पता लगाने के प्रयास जारी हैं।

श्री तूरा ने बताया कि पुलिस आस-पास के इलाकों में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रहे हैं और हमलावरों के भागने के संभावित रास्तों की जांच कर रहे हैं। शुरुआती पूछताछ से पता चलता है कि गांव में एक छोटा सा डेयरी व्यवसाय चलाने वाले अरुण कुमार की कोई जानी दुश्मनी नहीं थी। जब उन पर हमला हुआ, तब वे सुबह-सुबह अपनी सामान्य डिलीवरी कर रहे थे। पुलिस ने हालांकि किसी भी मकसद से इनकार नहीं किया है और व्यक्तिगत रंजिश या गलत पहचान सहित सभी पहलुओं की जांच कर रही है।


वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अपराधियों का पता लगाने और उन्हें न्याय के कटघरे में लाने के लिए कई टीमें गठित की गयी हैं। उन्होंने कहा, ल्हम कई सुरागों पर काम कर रहे हैं। जल्द ही संदिग्धों की पहचान कर ली जायेगी। दिनदहाड़े हुई इस चौंकाने वाली गोलीबारी से स्थानीय निवासियों में दहशत फैल गयी है और उन्होंने इलाके में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस गश्त बढ़ाने और त्वरित कार्रवाई की मांग की है। जांच जारी है और अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि सभी घटनाक्रमों पर कड़ी नज़र रखी जायेगी।

# बिहार के सिताबदियारा में उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण को किया नमन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। लोकनायक जयप्रकाश नारायण की 123वीं जयंती के अवसर पर शनिवार को उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन सारण जिले के सिताबदियारा पहुंचे। उन्होंने यहां महान स्वतंत्रता सेनानी, 'संपूर्ण क्रांति' के उद्?घोषक, भारत रत्न, ''लोकनायक'' जयप्रकाश नारायण को नमन किया और उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। यह अवसर ऐतिहासिक रहा, क्योंकि स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानी और संपूर्ण क्रांति के जनक लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जन्मभूमि पर देश के उपराष्ट्रपति का आगमन पहली बार हुआ। उपराष्ट्रपति पटना से सड़क मार्ग द्वारा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच लोकनायक जयप्रकाश नारायण राष्ट्रीय स्मारक, सिताबदियारा पहुंचे। जहां उनका सारण प्रमंडल के आयुक्त, पुलिस उपमहानिरीक्षक, जिलाधिकारी और वरीय पुलिस अधीक्षक ने स्वागत किया। उपराष्ट्रपति ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनके पैतृक घर का अवलोकन किया। इसके बाद अपने प्रोटोकॉल से थोड़ा हटकर उन्होंने स्थानीय नागरिकों और जेपी सेनानियों से भी भेंट की। उपराष्ट्रपति ने जयप्रकाश नारायण संग्रहालय और प्रभावती देवी पुस्तकालय का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर सारण जिले के कई वरीय अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। चुनावी आचार संहिता लागू होने के कारण कोई नेता इस समारोह में सम्मिलित नहीं हुए। उपराष्ट्रपति के आगमन पर उनकी एक झलक पाने के लिए ग्रामीण उत्सुक दिखे। पटना वापसी के क्रम में उपराष्ट्रपति थोड़ी देर के लिए अपने वाहन से उतरे और उपस्थित जनसमूह को नमस्कार कर अभिवादन किया और रवाना हो गए।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063